RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 209 ■ मुंबई, बुधवार 19 फरवरी 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



अवैध रोहिंग्याओं को मुफ्त सुविधा पर सुप्रीम सुनवाई

पेज-4



भोजपुरी, अवधी का विरोध कर रहे सपा के लोग : सीएम योगी

पेज-6



हर्षित राणा पूरी करेंगे बुमराह की कमी

पेज-9



महाशिवरात्रि से पहले फैंस को दिया गाने का तोहफा

पेज-10

## नेपाली छात्रा की मौत को लेकर 3 डायरेक्टर समेत 6 गिरफ्तार



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर स्थित कीट विश्वविद्यालय में सोमवार को बीटेक थर्ड ईयर की नेपाली छात्रा की मौत के मामले में मंगलवार को ओडिशा सरकार ने हस्तक्षेप किया है। इस मामले में नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली द्वारा आलोचना किए जाने और भारत सरकार से हस्तक्षेप किए जाने की मांग के बाद ओडिशा सरकार ने भी इस मामले में हस्तक्षेप किया है। मंगलवार की शाम को कीट के तीन निदेशक शिवानंद मिश्र, प्रताप कुमार, सुधीर कुमार रथ के अलावा दोनों सुरक्षाकर्मी समेत छह को गिरफ्तार किया गया है।

इस मामले में उत्तरप्रदेश के लखनऊ निवासी आद्विक श्रीवास्तव को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। ओडिशा सरकार के शिक्षा मंत्री सूर्यवंशी सूरज कुमार ने कीट प्रबंधन से पूछा है कि घटना बड़ी थी क्यों नहीं विभाग को इसकी जानकारी दी गई। मंत्री ने कीट प्रबंधन के सभी छात्रों को वापस बुलाने को कहा है। अब तक 1800 नेपाली छात्रों में 300 विद्यार्थी कीट में वापस आ गये हैं। उन्हें हास्टल से बाहर निकलने नहीं दिया जा रहा है।

# अश्लीलता से निपटे सरकार

### देश नही छोड़ सकते रणवीर इलाहाबादिया : SC

### गिरफ्तारी से राहत, इंडियाज गॉट लेटेंट शो पर रोक



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक यूट्यूब शो के दौरान कथित रूप से अशोभनीय और अश्लील टिप्पणी करने के लिए सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ दर्ज की गई कई प्राथमिकियों को लेकर उन्हें गिरफ्तारी से संरक्षण तो दे दिया, लेकिन उन टिप्पणियों के लिए इलाहाबादिया की कड़ी आलोचना भी की। इसी दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि यूट्यूब पर अश्लील सामग्री से निपटने के लिए कुछ करने का समय आ गया है। कोर्ट ने इस बाबत सख्त कदम उठाने और नियम बनाने के लिए केंद्र सरकार को नोटिस भी जारी किया। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यूट्यूब पर अश्लील सामग्री के नियमन की वकालत की और इस बात पर जोर दिया कि कुछ करने की जरूरत है। कोर्ट ने कहा कि यूट्यूबर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर नियमन की कमी का दुरुपयोग कर रहे हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने केंद्र को नोटिस जारी करते हुए कहा कि अगर सरकार यूट्यूब पर ऑनलाइन सामग्री को विनियमित करने के लिए कदम उठाने की योजना बना रही है तो पीठ को बहुत खुशी होगी। पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री के नियमन में कमी को दूर करने में अदालत की सहायता करने को कहा। कोर्ट ने वेंकटरमानी और मेहता को अगली सुनवाई में उपस्थित रहने का आदेश भी दिया।

शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की याचिका पर सुनवाई के दौरान की, जिसमें उन्होंने कॉमेडियन समय रैना के 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो पर किए गए एक भद्दे मजाक को लेकर उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को एक साथ जोड़ने की मांग की थी। यह शो इस प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम किया गया था।

इलाहाबादिया की टिप्पणियों से नाराज जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा, ''...उनके दिमाग में कुछ गंदगी है जिसे यूट्यूब के कार्यक्रम में उन्होंने उगला।''

# ममता के बोल पर बवाल

## भाजपा ने दीदी को हिंदू विरोधी सीएम बताया

**महानगर नेटवर्क**

**कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायकों ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के खिलाफ प्रदर्शन किया। महाकुंभ मेले के बारे में उनकी "मृत्युकुंभ" टिप्पणी को लेकर ममता बनर्जी को हिंदू विरोधी मुख्यमंत्री करार दिया। बता दें कि पश्चिम बंगाल विधानसभा में बोलते हुए ममता बनर्जी ने उत्तर प्रदेश सरकार पर प्रयागराज में आयोजित कार्यक्रम में कुप्रबंधन का आरोप लगाया। TMC सुप्रीमो ने दावा किया कि जहां VIP लोगों को विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं, वहीं गरीबों के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है। उन्होंने इस आयोजन को मृत्यु कुंभ बताया। बंगाल के विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा ने ममता बनर्जी की टिप्पणी की निंदा करते हुए कहा कि इस आयोजन का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



हनुमान गढ़ी मंदिर के पुजारी महंत राजू दास ने कहा, "महाकुंभ पर सीएम ममता बनर्जी की टिप्पणी निंदनीय है। उन्होंने इसे 'मृत्यु कुंभ' कहा है, इसलिए मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि जिस तरह से पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की हत्या हो रही है, लड़कियों के साथ बलात्कार हो रहा है, डॉक्टर लंबे समय से हड़ताल पर हैं। आप लोगों की आस्था पर टिप्पणी करेंगे, लेकिन इन मुद्दों पर नहीं। जिस देश की आबादी 140 करोड़ है, 50 करोड़ से ज्यादा लोग महाकुंभ में डुबकी लगा रहे हैं और आप इसे 'मृत्यु कुंभ' कह रहे हैं। आपको ऐसा कहने का अधिकार किसने दिया। यह बहुत दुखद है, और आपको माफी मांगनी चाहिए।"

भाजपा विधायकों ने बनर्जी को हिंदू विरोधी मुख्यमंत्री करार दिया और कहा कि महाकुंभ का कथित अपमान भारत के लोगों की ओर से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (BJP) को बांग्लादेशी कट्टरपंथियों से उनके संबंध के आरोपों को साबित करने की चुनौती दी और कहा कि अगर पार्टी इन दावों को साबित कर सके तो वह इस्तीफा दे देंगी। TMC चीफ ने यह भी कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष यह मुद्दा उठाएंगी कि उनके विधायकों ने उन पर "बांग्लादेशी कट्टरपंथियों के साथ मिलीभगत" का आरोप लगाया है।

## सत्येंद्र जैन की बढ़ीं मुश्किलें

### गृह मंत्रालय से भेजी गई फाइल पर राष्ट्रपति की मुहर

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सत्येंद्र जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपनी मंजूरी दे दी है। गृहमंत्रालय ने राष्ट्रपति से यह मंजूरी मांगी थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। 60 वर्षीय जैन के खिलाफ गृह मंत्रालय ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी देने का अनुरोध किया गया था। सूत्रों के हवाले से बताया गया था कि मंत्रालय ने ईडी की जांच और 'पर्याप्त सबूत' की मौजूदगी के आधार पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से यह अनुरोध किया था।

# शरद पवार का एक और भतीजा छिटका!

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

महाराष्ट्र के सबसे बड़े राजनीतिक परिवार यानी पवार परिवार में एक बार फिर टूट की खबर से सियासी हलचल है। चर्चा है कि एनसीपी के संस्थापक शरद पवार के दूसरे भतीजे अभिजीत पवार अब चाचा का साथ छोड़कर चचेरे भाई अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी का दामन थामेंगे। फिलहाल वह एनसीपी नेता और विधायक जितेंद्र अव्हाड (शरद पवार ग्रुप) के निजी सहायक रहे हैं, लेकिन अब इस खेमे से उनका मोहभंग हो चुका है। सूत्रों ने बताया कि जल्द ही वह अजित गुट में शामिल होने जा रहे हैं।

# ज्ञानेश कुमार बने नए मुख्य चुनाव आयुक्त

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

1988 बैच के IAS अधिकारी और मौजूदा चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को नया मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) नियुक्त किया गया है। वे आज यह जिम्मेदारी संभालेंगे। मौजूदा CEC राजीव कुमार मंगलवार को रिटायर हो गए हैं। नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले वे पहले CEC हैं। उनका



कार्यकाल 26 जनवरी 2029 तक रहेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में सोमवार को हुई बैठक में नियुक्ति का फैसला किया गया। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी शामिल हुए। इसी पैनल की सिफारिश पर नए CEC की नियुक्ति हुई। बैठक में विवेक जोशी को चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। वे हरियाणा के मुख्य सचिव और 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वहीं, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू अपने पद पर बने रहेंगे।

# महिलाओं के लिए कैंसर वैक्सीन 5 से 6 महीने में होगी उपलब्ध

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कैंसर के टीके को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि महिलाओं में होने वाले कैंसर के लिए एक वैक्सीन पांच से छह महीनों में उपलब्ध होगी। यह वैक्सीन 9 से 16 साल की लड़कियों को लगाई जाएगी। देश में कैंसर के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सरकार इस समस्या से निपटने के लिए कदम उठा रही है। ऐसे में कैंसर वैक्सीन को लेकर सरकार की ओर बड़ा अपडेट दिया गया है।



30 साल से ज्यादा उम्र की महिलाओं की अस्पतालों में स्क्रीनिंग होगी और कैंसर का जल्द पता लगाने के लिए डे केयर कैंसर सेंटर बनाए जाएंगे। कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाइयों पर सीमा शुल्क भी माफ कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव ने मंगलवार को ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को होने वाले कैंसर के इलाज के लिए पांच से छह महीने में टीका उपलब्ध हो जाएगा। नौ से 16 वर्ष की लड़कियां इसके लिए पात्र होंगी। केंद्रीय आयुष मंत्री ने बताया कि टीके पर रिसर्च का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और परीक्षण जारी हैं। उन्होंने ये भी कहा कि देश में कैंसर के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है और केंद्र सरकार ने इस मुद्दे को हल करने के लिए कदम उठाए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाओं पर सीमा शुल्क भी हटा दिया है। 30 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं की अस्पतालों में जांच की जाएगी और बीमारी का जल्द पता लगाने के लिए 'डे केयर कैंसर सेंटर' स्थापित किए जाएंगे।

## अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले के आरोपी क्रिश्चियन मिशेल को जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड मामले में छह साल से हिरासत में बंद ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को जमानत दे दी। मिशेल अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाले में कथित तौर पर बिचौलिया था। सीबीआई और ईडी 3600 करोड़ रुपये के 12 वीवीआई हेलीकॉप्टर्स की खरीद में उसकी भूमिका की जांच कर रही हैं। उसे दुबई से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद दिसंबर 2018 में हिरासत में लिया गया था।

## कांग्रेस का रमजान पर मुस्लिमों को तोहफा!

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने रमजान के महीने को देखते हुए एक बड़ा फैसला लिया। इसके तहत पूरे रमजान के महीने में राज्य के सभी सरकारी मुस्लिम कर्मचारियों, शिक्षकों, अनुबंध कर्मचारियों, आउटसोर्सिंग और सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों को एक विशेष छूट दी है।

सरकार के आदेश के तहत, इन कर्मचारियों को 2 मार्च से 31 मार्च तक शाम 4 बजे तक अपने कार्यालयों और स्कूलों से बाहर जाने की अनुमति दी गई है। हालांकि साथ में ये निर्देश भी दिए गए हैं कि अगर किसी कर्मचारी के काम की ज्यादा आवश्यकता हो, तो उन्हें ऑफिस में रहना पड़ेगा। यह आदेश तेलंगाना की मुख्य सचिव शांति कुमारी द्वारा जारी किया गया है। राज्य सरकार के इस फैसले से राज्य में सियासी पारा तेज हो गया है और भाजपा ने इस फैसले की कड़ी आलोचना की है।

## पटना फायरिंग: चारों बदमाश गिरफ्तार



**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

राजधानी पटना के कंकड़बाग इलाके में छापेमारी के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग कर घर में छिपने वाले चारों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस दौरान पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। एटीएफ, स्वाट और चार थानों की पुलिस समेत आला अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। करीब 2 घंटे चले ऑपरेशन में पुलिस ने चारों बदमाशों को पकड़ लिया। कंकड़बाग के राम लखन सिंह पथ स्थित एक मकान में अपराधी घुसे थे। जिसके बाद पुलिस ने घर को चारों तरफ से घेर लिया। रिहायशी इलाके में घटना से लोग भी दहशत में आ गए। पुलिस ने आसपास का इलाका खाली करा लिया। इस घटना के बाद सीनियर एसपी पटना ने मोर्चा संभाला और काफी संख्या में तैनात पुलिस टीम ने इलाके को खाली कराया। वहीं इस घटना पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में अपराध बढ़ता जा रहा है। ऐसा कोई दिन नहीं जब 200 राउंड से कम गोली न चलती हों। थानों में, हिरासत में लोगों की पिटाई होती, मौतें होती हैं। मुख्यमंत्री अचेत हैं, जितना अधिकारी लिखकर देते हैं, उतना ही देखते हैं। राज्य में लॉ एंड ऑर्डर का क्रिमिनल डिसऑर्डर हो गया है।

# भाजपा ने गुजरात में किया कांग्रेस का सफाया

### गुजरात की 66 नगरपालिकाओं में से 62 पर भाजपा जीती

**महानगर नेटवर्क**

**अहमदाबाद**

गुजरात में जूनागढ़ नगर निगम, वलसाड जिले की तीन नगरपालिका समेत 66 नगरपालिकाओं, तीन तालुका पंचायतों और कई पंचायतों के उपचुनावों के लिए मतगणना हुई। कई सीटों पर अन्य दलों के पीछे हटने के कारण भाजपा ने पहले ही



### कांग्रेस को सिर्फ 1 नगरपालिका में मिली जीत, द्वारका में AAP ने भी दो वार्ड जीते

निर्विरोध जीत हासिल कर ली थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीजेपी ने 66 में से 62 नगरपालिकाएं जीत ली हैं। आम आदमी पार्टी ने भी देवभूमि द्वारका में दो वार्ड पर जीत दर्ज की है। दिल्ली विधानसभा चुनाव और छत्तीसगढ़ स्थानीय निकाय चुनावों में हार के बाद कांग्रेस को गुजरात में भी करारी हार का सामना करना पड़ा है। पार्टी सिर्फ एक ही सीट जीत सकी है। वहीं, शेष 5 में अन्य पार्टियां किंगमेकर की भूमिका में हैं। 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के साथ राज्य में पहली बार हुए स्थानीय स्वशासन चुनावों में 66 नगर पालिकाओं के आम चुनाव, 2 नगर पालिकाओं के मध्यावधि चुनाव और जूनागढ़ नगर निगम चुनाव के लिए मतगणना हो रही है। दो बड़े उलटफेर भी हुए हैं। जिसमें चोरवाड़ नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 3 में कांग्रेस विधायक विमल चुडासमा को हार का सामना करना पड़ा है। जबकि 6 बार उप महापौर रहे गिरीश कोटेचा के बेटे पार्थ कोटेचा जूनागढ़ नगर निगम चुनाव में हार गए हैं। वलसाड जिले की धरमपुर नगरपालिका पर बीजेपी का फिर से कब्जा हो गया है। धरमपुर नगरपालिका की टोटल 24 सीट थी, जिसमें 20 पर बीजेपी ने कब्जा जमाया है। चार सीटें अन्य के खाते में गई हैं। यहां पर कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली है।





# BKC में पॉड टैक्सी सेवा शुरू करने की तैयारी

महानगर संवाददाता

मुंबई


मुंबई की ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करने के लिए एक नई तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया जा रहा है। महायुति सरकार ने मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (MMRDA) ने बांद्रा - कुर्ला कॉम्प्लेक्स (BKC) में पॉड टैक्सी सेवा शुरू करने की तैयारी है। दरअसल,मुंबई की बढ़ती जनसंख्या और बढ़ती गाड़ियों की वजह मुंबई में ट्रैफिक की समस्या बढ़ रही है। इसलिए परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने पॉड टैक्सी शुरू करने की जानकारी दी है।

### कैसी होती है पॉड टैक्सी?

पॉड टैक्सी एक स्वचालित इलेक्ट्रिक कार है,जो बिना ड्राइवर के चलती है। यह एक छोटी कार होती है,जो यात्रियों को बहुत तेज़ी से एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचा सकती है। ट्रैफिक जाम से बचने के लिए यह तकनीक बेहद कारगर साबित हो सकती है।

### कुल 38 स्टेशन आएंगे

BKC में पॉड टैक्सी का मार्ग ऐसा होगा कि इसमें कुल 38 स्टेशन आएंगे। इसमें हर दिन 4 से 6 लाख यात्री सफर करेंगे। ये पॉड टैक्सी 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी। हर पॉड में 6 सीटें होंगी।




### सफर आसान और तेज़ हो जाएगा

यह सेवा पूरी तरह से स्वचालित होगी और हर 1 मिनिट में एक नई पॉड उपलब्ध होगी। इससे बांद्रा और कुर्ला स्टेशन जैसे प्रमुख ट्रांज़िट पॉइंट से BKC तक का सफर आसान और तेज़ हो जाएगा। मुंबई के लिए यह नई तकनीक ट्रैफिक की समस्या का आधुनिक समाधान बनने जा रही है। जल्द ही यह सेवा शुरू होगी और शहर के दैनिक यातायात में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी।

### तिजोरी खाली पैसे कौन देगा?

महाराष्ट्र की सरकार की तिजोरी खाली हो चुकी है,ऐसे मे यह प्रकल्प कैसे लाएंगे। इसपर सरनाईक ने कहा की हम केंद्र की मदद ले रहे हैं और साथ हि साथ MMRDA संस्था से पैसे लेंगे,जिसको जरिए यह प्रोजेक्ट पुरा होने के लिए मदद होगी।

# फिल्मी स्टाइल में सुरक्षा रक्षकों पर चढ़ाई गाड़ी

**मीरारोड।** मीरारोड में घटी एक घटना में थार गाड़ी में सवार तीन लोगों ने फिल्मी स्टाइल में सुरक्षा रक्षकों पर गाड़ी चढ़ा दी। मीरारोड के विनय नगर स्थित जेपी नार्थ बार्सिलोना सोसायटी में यह घटना घटीत हुई। गाड़ी में सवार तीनों लोग इस सोसायटी में गाड़ी लेकर जाना चाहते थे। सोसायटी में तैनात सुरक्षा रक्षकों ने उनको सोसायटी रजिस्टर में एंट्री करने को कहा इसी बात पर इनकी सुरक्षा रक्षकों से बहस हो गयी। गाड़ी में सवार लोगों ने बहस के दौरान आठ लोगों पर गाड़ी चढ़ा दी, जिसमें तीन सुरक्षा रक्षक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना के बाद तीनों युवक घटना स्थल से फरार हो गए। इस घटना में घायलों को अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। गाड़ी में सवार तीनों युवकों के नशे मे होने की बात बताई जा रही है। यह पुरी घटना सोसायटी में लगे सीसीटीवी में कैद हो गयी है।

## नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने संभाला प्रभार

# अब रोने का नहीं,लड़ने का समय:सपकाल

महानगर संवाददाता

मुंबई

बिरला मातोश्री सभागृह में आयोजित समारोह में कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रमेश चेन्निथला सहित कांग्रेस के बड़े नेता उपस्थित थे।

चेन्निथला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव में भारी जीत हासिल की और राज्य में नंबर एक पार्टी बन गई,लेकिन विधानसभा चुनाव में उसे सफलता नहीं मिली। विपक्ष ने वोट चुराकर सरकार बना ली। अब पार्टी संगठन को फिर से मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करें और आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में अधिक से अधिक सीटें जीतें। नाना पटोले ने चार साल में पार्टी के लिए अच्छा काम किया। चेन्निथला ने विश्वास जताया कि हर्षवर्धन सपकाल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी अब महाराष्ट्र में मजबूत बनेगी।



### कार्यकर्ताओं की हर कड़ी को जोड़ना होगा

नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने अपने भाषण की शुरुआत शायरी से करते हुए कहा, 'सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजुए कातिल में है।' उन्होंने कहा कि हम संगठन बनाना चाहते हैं, हमारे पास नेतृत्व है, लेकिन हमें कार्यकर्ताओं की हर कड़ी को जोड़ना होगा, हमें कार्यकर्ताओं को कुशल बनाना होगा। युद्ध के हथियार बदल गए हैं, हमें सड़कों पर लड़ना होगा। अब रोने का नहीं, लड़ने का समय है।

### कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना है

आने वाले समय में हम राज्य में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर ध्यान देंगे और कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना चाहते हैं। कार्यक्रम को विधानमंडल में पार्टी नेता विजय वडेट्टीवार, वरिष्ठ नेता बाला साहेब थोरात, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले, पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण, सुशीलकुमार शिंदे, पूर्व मंत्री अमित देशमुख, वसंत पुरके, नसीम खान, वर्षा गायकवाड ने संबोधित किया। इससे पहले हर्षवर्धन सपकाल ने सुबह गेटवे ऑफ इंडिया पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर जाकर अभिवादन किया और उसके बाद शहीद स्मारक पर जाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मणि भवन का दौरा किया और फिर दादर में चैत्य भूमि जाकर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की और सिद्धिविनायक मंदिर जाकर भगवान गणेश के दर्शन भी किए।

# महाकुंभ में टेंट और फ्लाइट की बुकिंग के नाम पर धोखाधड़ी

महानगर संवाददाता

मुंबई

महाकुंभ जाने के लिए फ्लाइट्स और टेंट बुकिंग के नाम पर मुंबई में एक महिला संग साइबर ठगी का मामला देखने को मिला है। प्राथमिक रूप से मिली जानकारी के मुताबिक लोअर परेल की एक व्यवसायी महिला ने प्रयागराज में कुंभ मेले के लिए टेंट और हवाई टिकट बुक करने का प्रयास करते समय ऑनलाइन धोखाधड़ी में 3.78 लाख रुपए गंवा दिए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 55 वर्षीय शिकायतकर्ता, जो फर्नीचर का व्यवसाय करती हैं, अपने पति के साथ प्रयागराज जाने की योजना बना रही थी। 7 फरवरी को उन्होंने ऑनलाइन टेंट बुकिंग के लिए एक वेबसाइट www.Tentcitymahakumbh.org पर संपर्क किया।

उन्होंने बताया कि वेबसाइट पर संपर्क करने पर, उन्हें एक अन्य कस्टमर केयर का व्हाट्सएप नंबर मिला, जिसमें छह यात्रियों के नाम और आधार विवरण मांगे गए थे। घोटालेबाज ने उन्हें ऑफिसर से जुड़ी जानकारी भी भेजी, जिसमें कहा गया था कि भुगतान करने पर दो वीआईपी टेंट बुक किए जा सकते हैं, जिसके बाद महिला ने टेंट बुकिंग शुल्क के रूप में यूपी स्टेट टूरिज्म नामक खाते में 35,000 रुपए ट्रांसफर कर दिए।



### पीड़ितों को लगा लाखों का चूना

इसके बाद शिकायतकर्ता महिला ने अपने बैंक खाते से 1 लाख रुपये ट्रांसफर किए, जबकि उसके दोस्त, जो उसी ग्रुप का हिस्सा था, उसने 75 हजार रुपये ट्रांसफर किए। बाद में शिकायतकर्ता के ने अपने खाते से 30,500 रुपए और उसके दोस्त ने अपने खाते से 90,500 रुपए ट्रांसफर कर दिए। कुल मिलाकर 3,78,000 का भुगतान करने के बावजूद, घोटालेबाज ने दावा किया कि भुगतान में देरी के कारण फ्लाइट टिकट रद्द कर दिए गए थे और उसने रीबुकिंग के लिए और 93,018 रुपए और मांगे। पीड़ित महिला ने 47,000 और भेजे, लेकिन उसके दोस्त ने आगे पैसे देने से इनकार कर दिया और रिफंड का अनुरोध किया। लेकिन अंत में जब कोई टिकट या बुकिंग कन्फर्मेशन नहीं आया और घोटालेबाज ने जवाब देना बंद कर दिया तो पीड़ितों को एहसास हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। इसके बाद उन्होंने मुंबई के एनएन जोशी मार्ग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने आईटी एक्ट की अलग-अलग धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

# शहर का पहला केबल-स्टेड ब्रिज, जल्द खुलेगा

महानगर संवाददाता

मुंबई

रे-रोड पर केबल-स्टेड रोड ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण पूरा हो चुका है और इसे जल्द ही यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। यह मुंबई उपनगरों में पहला केबल-स्टेड रोड ओवरब्रिज होगा। यह पुल हेरिटेज रे रोड स्टेशन से होकर गुजरेगा,जो भायखला ईस्ट क्षेत्र को जोड़ेगा,हार्बर लाइन से होते हुए माहुल रोड और ईस्टर्न फ्रिवे से जुड़ेगा। महाराष्ट्र रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एमआरआईडीसी) के एक अधिकारी ने कहा, परियोजना पूरी हो गई है और हम इसके उद्घाटन की तारीख तय कर रहे हैं। पुल का निरीक्षण भी पूरा हो गया है और पुल पर लाइटिंग का काम भी हो गया है। यह पूछे जाने पर कि क्या पुल को बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) को सौंप दिया जाएगा, अधिकारी ने कहा, हम फिलहाल कुछ और नहीं बता पाएंगे,क्योंकि उद्घाटन की तारीख अभी तय नहीं हुई है। नए पुल के निर्माण के लिए,मनपा, मुंबई पोर्ट अथॉरिटी और सेंट्रल रेलवे ने एक रेलवे टिकट काउंटर, 130 चॉल और 15 शेड को स्थानांतरित किया। इस केबल-स्टेड आरओबी का निर्माण कार्य 14 फरवरी, 2022 को शुरू हुआ था।



### उद्घाटन की तारीख अभी तय नहीं

नए केबल-स्टेड ब्रिज की योजना शहर के जबरदस्त ट्रैफिक को देखते हुए बनाई गई थी। पुल में छह लेन हैं,जिनमें पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ और सुगम यातायात है। यह संरचना बैरिस्टर नाथ पाई रोड के अंडरपास के माध्यम से यातायात की आवाजाही की अनुमति देगी और ईस्टर्न फ्रीवे के नीचे से गुजरने वाले वाहनों के लिए आवश्यक ऊर्ध्वाधर निकासी भी बनाए रखेगी। इसके अलावा, MRIDC पुल के नीचे आर्किटेक्चरल LED लाइटिंग लगाएगा जो सौंदर्य अपील को बढ़ाएगा और रात में सुरक्षा में सुधार करेगा।

# दो पुलिस कांस्टेबल रिश्वत लेते गिरफ्तार

**ठाणे।** पालघर में भ्रष्टाचार निरोधक विभाग (ACB) ने एक सफल ट्रैप ऑपरेशन में दो पुलिस कांस्टेबल और एक निजी व्यक्ति को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई 18 फरवरी को तड़के 2:38 बजे की गई। गिरफ्तार आरोपियों में पुलिस कांस्टेबल दत्ता माधवराव शिंदे, श्रीराम सूर्यभान दाखुरे और निजी व्यक्ति त्रिनल मोहन धनु शामिल हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसकी साझेदारी फर्म के बजरी ट्रांसपोर्ट करने वाले दो हाइवा वाहन (MH04 LE 9945 और MH48 MH 1970) शिरसाड नाका पर पुलिसकर्मियों ने अवैध रूप से रोक लिए थे। आरोपियों ने रॉयल्टी उल्लंघन की कार्रवाई न करने के नाम पर वाहन जब्त कर लिया और 2 लाख रुपए की रिश्वत की मांग की।



# सड़क चौड़ीकरण में बाधा बनी 30 दूकानों को तोड़ा गया

**मुंबई।** कांदिवली (पश्चिम) स्थित स्वामी विवेकानंद मार्ग (एस. वी. रोड) के चौड़ीकरण में बाधा बन रहे 30 दुकानों पर मनपा आर/दक्षिण वॉर्ड की ओर से मंगलवार को तोड़क कार्रवाई की गई। मनपा 7 जोन के उप आयुक्त भाग्यश्री कापसे और आर/दक्षिण विभाग के सहायक आयुक्त मनीष सालवे के नेतृत्व में सड़क चौड़ीकरण कार्य में बाधा बनने वाले निर्माणधारकों की पात्रता निर्धारित करने के बाद,स्वामी विवेकानंद मार्ग पर पोईसर मस्जिद के पास स्थित 30 दुकानों और गालों पर निष्कासन की कार्रवाई की गई। इससे सड़क पर यातायात जाम की समस्या दूर होगी और वाहन चालकों को राहत मिलेगी।



# एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स होगी मजबूत

## कैबिनेट ने 364 पदों और खर्च को मंजूरी प्रदान की

महानगर संवाददाता

मुंबई

राज्य में डेढ़ साल पूर्व गठित एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को अब अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मजबूत किया गया है। मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 346 पदों और उनके व्यय को मंजूरी दी गई। एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स की स्थापना 31 अगस्त 2023 को की गई थी।




■ कैबिनेट बैठक में इस टास्क फोर्स के लिए आवश्यक 346 पदों के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इनमें से 310 पद नियमित होंगे, जबकि 36 पद बाह्य स्रोतों से भरे जाएंगे। नियमित पदों में विशेष पुलिस महानिरीक्षक- 1, पुलिस उप महानिरीक्षक- 1, पुलिस अधीक्षक- 3, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक- 3, पुलिस अधीक्षक- 10, पुलिस निरीक्षक 15, सहायक पुलिस निरीक्षक- 15, पुलिस अवर निरीक्षक- 20, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक- 35, पुलिस हवलदार- 48, पुलिस सिपाही, 83, चालक पुलिस कांस्टेबल- 18, चालक पुलिस सिपाही- 32, कार्यालय अधीक्षक- 1, प्रधान लिपिक- 2, वरिष्ठ ग्रेड लिपिक- 11, कनिष्ठ ग्रेड लिपिक- 7, उच्च ग्रेड आशुलिपिक- 2, निम्न ग्रेड आशुलिपिक- 3 शामिल हैं। बाह्य भर्ती के माध्यम से कुल 36 पद भरे जाएंगे, जिनमें वैज्ञानिक सहायक-3, विधिक अधिकारी-3, कार्यालय चपरासी-18 और स्वीपर-12 पद शामिल हैं। मंत्रि-परिषद ने वाहनों की खरीद सहित आवर्ती व्यय के रूप में 19 करोड़ 24 लाख रुपए तथा अनावर्ती व्यय के रूप में 3 करोड़ 12 लाख रुपए की मंजूरी दी। कैबिनेट ने जलगांव जिले के वरखेडे लोंढे बैराज मध्यम परियोजना के लिए 1275 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। साथ ही कृष्णा-कोयना लिफ्ट सिंचाई योजना के अंतर्गत म्हैसाल लिफ्ट सिंचाई योजना के लिए सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित करने तथा योजना की ऊर्जा दक्षता में सुधार लाने के लिए 1,594 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई। यह परियोजना योजना के लिए लगभग 398 मिलियन यूनिट की वार्षिक बिजली की आवश्यकता को पूरा करेगी।

# लापता ढाई साल के बच्चे का शव शौचालय की टंकी में मिला



**भिवंडी।** भिवंडी शहर के भादवड इलाके में एक ढाई वर्षीय लापता बच्चे का शव घर के पास स्थित शौचालय की टंकी में मिला है। मृतक बच्चे का नाम आयांश अमरजीत जायसवाल बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, आयांश 14 फरवरी को शाम करीब साढ़े चार बजे घर के बाहर खेलते हुए अचानक लापता हो गया था। परिवार ने उसे आसपास के इलाके में बहुत तलाश किया, लेकिन जब वह नहीं मिला, तो उसकी मां की शिकायत पर शांतीनगर पुलिस थाने में अपहरण का मामला दर्ज किया गया। पुलिस और स्थानीय लोगों द्वारा लगातार तलाश की जा रही थी, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा था। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे आयांश के घर से कुछ दूरी पर स्थित एक सार्वजनिक शौचालय की खुली टंकी में उसका शव बरामद हुआ। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने तुरंत शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया है।

## जनता को मानसून में अब कितना मिलेगा फायदा

# नाला सफाई को लेकर मनपा और रेलवे अधिकारियों की बैठक

महानगर संवाददाता

मुंबई

चार माह पूर्व मुंबई को डूबने से बचाने की कवायद शुरू हो गई है। मुंबई की लाइफ लाइन कही जाने वाली उपनगरीय सेवाएं मानसून के दौरान ठप्प न पड़े इसको लेकर मनपा आयुक्त भूषण गगरानी ने मध्य और पश्चिम रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक कर रेलवे लाइन के किनारे के नालों की साफ सफाई से लेकर महत्वपूर्ण कलवर्ट की साफ सफाई और उपनगरीय सेवा बाधित न हो इसको लेकर रेलवे अधिकारियों को बैठक में कई निर्देश दिया। अब देखना होगा मानसून के चार माह पूर्व शुरू हुई बैठक का असर मानसून में क्या दिखाई देता है और मुंबई की जनता को मानसून के दौरान कितना दो चार होना पड़ता है। बता दें कि मुंबई में उपनगरीय रेलवे सेवा लाखों नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण परिवहन माध्यम है। मानसून के दौरान रेलवे पटरियों पर पानी जमा होने से रेल सेवाएं बाधित हो जाती हैं,जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को रोकने के लिए मनपा और रेलवे प्रशासन ने संयुक्त रूप से मानसून पूर्व तैयारी करने का निर्णय लिया है। मनपा आयुक्त भूषण गगराणी ने निर्देश दिए हैं कि पश्चिमी और मध्य रेलवे स्टेशनों पर बारिश से पहले सभी आवश्यक तैयारियों की समीक्षा करने के लिए मनपा और रेलवे अधिकारियों को संयुक्त स्थल निरीक्षण करना चाहिए। रेलवे ट्रैक के पास स्थित नालों की सफाई और गाद निकालने का कार्य पूरी क्षमता से किया जाना चाहिए ताकि बारिश के दौरान पानी जमा न हो और रेल सेवाओं पर असर न पड़े। मनपा मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में रेलवे ट्रैक पर जलभराव की संभावित समस्या को रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों की विस्तार से चर्चा की गई।



# ठक्कर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के कोचिंग क्लास में लगी आग

## कई दूकानें जलकर खाक

**भिवंडी।** भिवंडी शहर के ठाणगे इलाके में स्थित ठक्कर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में सोमवार शाम करीब 4 बजे भीषण आग लगने की घटना सामने आई। यह आग इमारत की दूसरी मंजिल पर चल रहे कोचिंग क्लास में लगी, जिससे आसपास की चार से पांच दुकानें भी जलकर खाक हो गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,विन टॉप क्लासेस नामक कोचिंग सेंटर में सातवीं कक्षा के बच्चों की पढ़ाई चल रही थी,तभी अचानक एसी में शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत हरकत में आते हुए कोचिंग सेंटर में फंसे 8 से 10 छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। आग तेजी से फैलते हुए आसपास की पांच से छह दुकानों तक पहुंच गई। घटना की सूचना मिलते ही निजामपुर पुलिस और स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को बुलाया। मौके पर पहुंची दो दमकल गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सौभाग्य से इस आग में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन दुकानों और कोचिंग सेंटर का भारी नुकसान हुआ है।

# पश्चिम रेलवे ने भारतीय रेल के विद्युतीकरण की शताब्दी मनाई

## महाप्रबंधक ने प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का उद्घाटन किया

महानगर संवाददाता

मुंबई

भारतीय रेल के विद्युतीकरण के 100 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर पश्चिम रेलवे ने समारोह के हिस्से के रूप में एक प्रदर्शनी और संगोष्ठी का आयोजन किया। 3 फरवरी 1925 को, भारत ने एक महत्वपूर्ण घटना देखी- वर्तमान भारतीय रेल नेटवर्क पर अपनी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन की शुरुआत। विक्टोरिया टर्मिनस को कुर्ला हार्बर से जोड़ने वाली यह पहली यात्रा एक निर्णायक मील का पत्थर साबित हुई, जिसने हमारे देश की जीवन रेखा के असीम भविष्य की एक झलक पेश की। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस महत्वपूर्ण घटना के उपलक्ष्य में 18 फरवरी को पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने सम्मानित अतिथियों सुखबीर सिंह, सेवानिवृत्त सदस्य विद्युत/रेलवे बोर्ड, एच.बी. सिंह, पूर्व रेलवे के सेवानिवृत्त प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर और रंजन श्रीवास्तव, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर, पश्चिम रेलवे के साथ चर्चगेट स्टेशन पर दो दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में विभिन्न रेलवे इकाइयों के अधिकारी, सेवानिवृत्त वरिष्ठ रेलवे विद्युत अधिकारी और विभिन्न फर्मों के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रदर्शनी में लोकोमोटिव, ईएमयू, एमईएमयू आदि के मॉडल प्रदर्शित किए गए। इस ऐतिहासिक घटना पर आधारित एक थीम गीत भी जारी किया गया।



# शौचालय से पैसा कमाएगी महानगरपालिका

**भायंदर।** मीरा-भायंदर मनपा अब शौचालय के माध्यम से कमाई करेगी। शहर की झुग्गीयों मे स्थित मनपा के शौचालय के इस्तेमाल करने पर अब मनपा को पैसा चुकाना पड़ेगा। मीरा-भायंदर शहर में मनपा ने पायलट मोड के आधार पर कुल 22 शौचालय को प्रति परिवार 60 रुपए के हिसाब से पैसे जमा कराने का काम 5 ठेकेदार को दिया है। मनपा प्रति परिवार के हिसाब से 60 रुपए जमा करा रही है,परन्तु ठेकेदार प्रती परिवार 100 रुपए वसूल कर एक रहे है। ठेकेदार सभी झोपड़ाधारकों को इसके लिए रसीद बांट रहे है। पहले इन सभी शौचालयों के इस्तेमाल पर किसी भी प्रकार का पैसा नहीं देना पड़ता था। मीरा-भायंदर शहर में मनपा सभी शौचालय ठेकेदार के माध्यम से चला रही हैं,अब मनपा ने सभी ठेकेदारों से हर झोपड़े के हिसाब से 60 रूपये जमा करने का फरमान जारी किया है। मनपा के इस फैसले का भाजपा 145 मीरा-भायंदर विधानसभा चुनाव प्रमुख एड. रवि व्यास एवं पूर्व नगरसेवक पंकज पांडेय ने विरोध किया है। पंकज पांडेय ने बताया की मिरा भायंदर के जय अंबे नगर,गणेश देवोल नगर, लाल बहादुर शास्त्री नगर,नेहरू नगर जैसे परिसर मे एकदम कमजोर तबके के लोग रहते हैं।




# परे बांद्रा टर्मिनस एवं पालीताना के बीच चलाएगी सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से बांद्रा टर्मिनस और पालीताना स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार स्पेशल ट्रेन का विवरण निम्नानुसार है।

**ट्रेन संख्या 09093/09094 बांद्रा टर्मिनस-पालीताना सुपरफास्ट स्पेशल (02 फेरे)**

ट्रेन संख्या 09093 बांद्रा टर्मिनस-पालीताना सुपरफास्ट स्पेशल सोमवार, 10 मार्च को बांद्रा टर्मिनस से 17:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 06:30 बजे पालीताना पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09094 पालीताना-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल बुधवार 12 मार्च को पालीताना से 17:10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 07:25 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, उधना, वडोदरा, अहमदाबाद, बोटाद, धोला और सिहोर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 3-टियर और एसी चेयर कार कोच होंगे। ट्रेन संख्या 09093 एवं 09094 की बुकिंग 19 फरवरी, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।



# फिर से डांस बार शुरू होने की हलचल

## महायुति सरकार ला सकती है नया कानून, सड़क पर उतरकर विरोध करेंगे: रोहित पाटिल

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

महाराष्ट्र में एक बार फिर डांस बार शुरू करने की हलचल है। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में डांस बार कानून को लेकर चर्चा होनी थी, लेकिन कैबिनेट बैठक का मसौदा लीक होने से इस पर चर्चा नहीं हुई। माना जा रहा है कि आगामी 3 मार्च से शुरू होने वाले बजट सत्र में सरकार डांस बार को लेकर नया कानून पेश कर सकती है। इधर डांस बार फिर से शुरू करने की सरकार की मंशा का विरोध भी शुरू हो गया है।



दिवंगत आरआर पाटिल के बेटे और राकांपा शरद पवार गुट के विधायक रोहित पाटिल ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार डांस बार फिर शुरू करने की योजना बना रही है तो हम महाराष्ट्र की संस्कृति को बचाने के लिए मैदान में उतरेंगे।

वर्ष 2005 में तत्कालीन गृह मंत्री आरआर पाटिल ने डांस बार पर पाबंदी लगाई थी। अब राज्य में फिर से एक बार डांस बार शुरू होने की संभावना है। ऐसी खबरें हैं कि डांस बार के संबंध में एक नए कानून पर चर्चा हो चुकी है और जल्द ही इसे विधानमंडल में पेश किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार राज्य सरकार पुराने कानून में संशोधन कर नए नियम लागू करने की तैयारी कर रही है।

### 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिबंध को हटा दिया

आरआर पाटिल के डांस बार पर पाबंदी लगाने के फैसले का सभी तरफ स्वागत किया गया। इसके विरोध में डांस बार मालिकों ने अदालत में याचिका दायर की। जनवरी 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रतिबंध को हटा दिया और कुछ नियमों को लागू करने का आदेश दिया। माना जा रहा है कि राज्य सरकार नियमों में बदलाव कर डांस बार खोलने की कोशिश कर रही है।

### डेढ़ लाख लोग बेरोजगार हो गए थे

डांस बार मालिकों ने डांस बार बंद होने पर दावा किया था कि इससे तकरीबन डेढ़ लाख लोग बेरोजगार हो गए थे, इनमें से 70 हजार लड़कियां थीं। बेरोजगार होने के बाद बार डांसरों ने देश के दूसरे राज्यों की ओर रुख किया। वर्ष 1980 के बाद मुंबई सहित आसपास के इलाकों में डांस बार कल्चर शुरू हुआ। पहले लड़कियों को वेटर सर्विस कहा जाता था। बाद में कुछ बार मालिकों ने ऑर्केस्ट्रा शुरू किया। गाने और डांस के लिए लड़कियां रखी जाने लगी। लड़कियों के डांस को देखने के लिए भारी भीड़ आने लगी और धीरे-धीरे बार में डांस कल्चर बढ़ने लगा। हालांकि बाद में डांस बार के खिलाफ शिकायतें मिलनी शुरू हो गई। लड़कियों का शोषण और ग्राहकों को लूटने की खबरें मिलने लगी। बढ़ती शिकायतों के बाद सरकार ने वर्ष 2005 में डांस बार पर पाबंदी लगाने का फैसला लिया।

# सरकार का एजेंडा लीक होने पर मंत्रियों से नाराज हुए फडणवीस

## लगाई फटकार, कार्रवाई की भी चेतावनी

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मंत्रिमंडल की बैठक में क्या निर्णय लिया जाएगा,इसकी जानकारी लीक होने पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस अपने मंत्रियों पर नाराज हो गए हैं,उन्होंने मंत्रियों को फटकार भी लगाई है। सुधार न होने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है, प्रत्येक सप्ताह मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की जाती है। बैठक के पहले एजेंडा तैयार किया जाता है। उसके बाद मंत्रिमंडल की बैठक में तैयार किए गए एजेंडे पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाता है। लेकिन कैबिनेट की बैठक से पहले बैठक का एजेंडा बाहर आ जा रहा है। इसलिए देवेंद्र फडणवीस अपने मंत्रियों से नाराज हो गए हैं। मंगलवार की मंत्रिमंडल की



बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए फडणवीस ने कहा कि कैबिनेट बैठक का एजेंडा की खबर छापना गलत है। कुछ लोग बैठक से पहले एजेंडा छाप रहे हैं। मैंने मंत्रियों को भी इस बारे में बताया है,मंत्रियों को अपने कार्यालयों से बैठकों से पहले एजेंडा न छापने के लिए कहना चाहिए। अन्यथा मुझे कार्रवाई करनी पड़ेगी, उन्होंने कहा कि किसी विभाग का लिए जाने वाला निर्णय के लिए पहले एजेंडा गुप्त होता है। लेकिन मीडिया में प्रसिद्ध होने के लिए कई मंत्री निर्णय से पहले मंत्रिमंडल के एजेंडा को लीक कर रहे हैं,जो बहुत गलत है।

# महायुति में ऑल इस वेल : शिंदे

### देवेंद्र फडणवीस के साथ कोई विवाद नहीं

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच शीत युद्ध की चल रही राजनीतिक गलियारों में हो रही चर्चा पर एकनाथ शिंदे ने सफाई दी है। मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए शिंदे ने कहा कि फडणवीस के साथ मेरा कोई विवाद नहीं है। मुख्यमंत्री और मेरे बीच बहुत ही अच्छे संबंध हैं। फडणवीस के साथ विवाद की चर्चा महज अफवाह है, शिंदे ने महायुति के भीतर आंतरिक कलह की खबरों को खारिज कर दिया। राज्य की महायुति सरकार प्रदेश के प्रगति के लिए काम कर रही है। सरकार में शामिल तीनों पार्टियों की समन्वय देखकर विपक्ष घबराई हुई है। इसलिए महायुति में दरार डालने के लिए षड्यंत्र रच रही है। शिंदे कहा कि महायुति में ऑल इज वेल है कोई विवाद नहीं है। फडणवीस के साथ मेरे अच्छे संबंध थे और हैं। हमारी सरकार अच्छा काम कर रही है, जिसे विपक्ष पचा नहीं पा रही है और तीनों पार्टियों में झगड़ा कराने के लिए साजिश रच रहा है। लेकिन उसमे विपक्ष कभी सफल नहीं होगा। बता दें कि जिले के पालकमंत्री के नियुक्ति को लेकर पिछले कुछ दिनों से देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे में शीत युद्ध चल रहा है, ऐसी चर्चा थी लेकिन एकनाथ शिंदे ने स्पष्टीकरण देकर चर्चा को समाप्त कर दिया है। शिवसेना के विधायकों की सुरक्षा हटाए जाने पर एकनाथ शिंदे ने कहा कि गृह विभाग ने सुरक्षा बढ़ाने और घटाने के लिए एक अधिकारियों की एक समिति बनाई है जो प्रत्येक छह महीने पर एक रिपोर्ट बनाती है इस रिपोर्ट के अनुसार जिस नेता,मंत्री और वीआईपी को जान को खतरा होता है उसकी सुरक्षा बढ़ा दी जाती है और जिसको नहीं होता उसकी सुरक्षा घटा दी जाती है इसलिए विधायकों की सुरक्षा को लेकर कोई विवाद नहीं है।



# पानी बिल वसूली में वृद्धि,पहली बार 106 करोड़ पार



**महानगर संवाददाता**
**ठाणे**







ठाणे महानगरपालिका (टीएमसी) के जलापूर्ति विभाग ने बकाया पानी बिल की वसूली में इस वर्ष एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पहली बार वसूली का आंकड़ा 106 करोड़ रुपये पार कर गया है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 18 करोड़ रुपये अधिक है। बता दें कि मनपा आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार जलापूर्ति विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर अभियान चलाया गया। इसके तहत अब तक 9,923 बकायेदारों को नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि 9,603 पानी के कनेक्शन काटे जा चुके हैं। विभाग ने 411 मोटर पंप जब्त कर 547 पंप रूम सील कर दिए हैं। मनपा प्रशासन ने जलापूर्ति विभाग को वर्ष 2024-25 के लिए 148 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य दिया है, लेकिन पिछले कई वर्षों से 77 करोड़ रुपये की राशि बकाया थी।

**148 करोड़ रुपए की वसूली का लक्ष्य**

इस प्रकार, कुल 225 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से अब तक 106.06 करोड़ रुपये की वसूली हो चुकी है। मनपा के उपनगर अभियंता विनोद पवार ने बताया कि बकायेदारों को किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी और जल बिल वसूली का अभियान लगातार जारी रहेगा। चालू वित्तीय वर्ष और पिछले बकाये को मिलाकर अभी 119 करोड़ रुपये की और वसूली की जानी है। बकाया भुगतान नहीं करने वालों के पानी के कनेक्शन काटकर जलापूर्ति बंद करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी इस अभियान की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। जलापूर्ति विभाग ने सभी नौ प्रभाग समिति क्षेत्रों में साप्ताहिक जल बिल संग्रह का लक्ष्य निर्धारित कर अभियान तेज कर दिया है। पानी के कनेक्शन काटे जा रहे हैं, मोटर पंप जब्त किए जा रहे हैं और बकाया बिल की वसूली के लिए मीटर रूम सील किए जा रहे हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे वसूली में किसी भी प्रकार की देरी न करें, अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जलापूर्ति विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर पानी का बिल जमा कर महानगरपालिका के साथ सहयोग करें, ताकि आवश्यक जल सेवा सुचारू रूप से जारी रखी जा सके।

# विजय सूर्यवंशी कोकण विभागीय आयुक्त नियुक्त

### नौ आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण

**मुंबई।** राज्य सरकार ने मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के नौ अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश जारी किए। राज्य आबकारी विभाग के आयुक्त डॉ. विजय सूर्यवंशी को कोकण विभागीय आयुक्त के पद पर स्थानांतरित किया गया है,जबकि कोकण विभागीय आयुक्त डॉ. राजेश देशमुख को राज्य आबकारी आयुक्त नियुक्त किया गया है। आदिवासी विकास आयुक्त नयना गुंडे को महिला एवं बाल विकास आयुक्त पुणे के पद पर स्थानांतरित किया गया है। समग्र शिक्षा अभियान की राज्य परियोजना निदेशक विमला आर. को महाराष्ट्र सदन, नई दिल्ली में रेजिडेंट कमिश्नर और सचिव नियुक्त किया गया है। अहिल्यानगर जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सालीमठ को पुणे में चीनी आयुक्त के पद पर स्थानांतरित किया गया है। मिलिंद कुमार सालवे को भंडारा जिला परिषद का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। धाराशिव जिला कलेक्टर डॉ. सचिन ओंबासे को सोलापुर महापालिका आयुक्त, महाराष्ट्र राज्य सहकारी आदिवासी विकास महामंडल की प्रबंध निदेशक लीना बनसोड को नासिक में आदिवासी विकास आयुक्त और गडचिरोली के सहायक जिला कलेक्टर राहुल कुमार मीना को लातूर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर स्थानांतरित किया गया है।

### शुद्धिपत्र

दिनांक 17-02-2025 को श्री मोहम्मद अशफाक अहमद के नाम से प्रकाशित नोटिस में अदालत की तारीख का उल्लेख करना भूलवश रह गया था. इस संबंध में यह पत्र दिनांक 11-02-2025 को अदालत से प्राप्त हुआ है. अदालत में सुनवाई की तारीख 11-04-2025 निर्धारित है. कृपया इस तारीख को ध्यान में रखा जाए.

# प्रेम जाल में फंसाकर युवक की बेरहमी से हत्या

**महानगर संवाददाता**
**भिवंडी**

उत्तर प्रदेश में पारिवारिक जमीन विवाद को लेकर हुए झगड़े का बदला लेने के लिए एक युवक को उसकी ही प्रेमिका के जरिए फंसाकर भिवंडी बुलाया गया और उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस सनसनीखेज मामले में भिवंडी ग्रामीण पुलिस ने प्रेमिका समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह घटना 17 जनवरी को भिवंडी के पोगांव गांव के पास तानसा पाइपलाइन के नजदीक हुई थी। मृतक की पहचान अकरम इकबालुद्दीन कुरैशी (22), निवासी जोगेश्वरी, मुंबई, के रूप में हुई है, जो पेसे से ओला कैब ड्राइवर था। घटना के दिन अकरम अपनी कार में सवार होकर आया था, जब घात लगाए बैठे हमलावरों ने लोहे की रॉड और पत्थरों से उसकी हत्या कर दी। इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने जब घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की, तो मृतक अकरम एक महिला के साथ जाता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद मोबाइल तकनीक की मदद से पुलिस ने संदेह के आधार पर जस्सी तिवारी नाम की महिला को हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने पूरे हत्याकांड का राज खोल दिया। जांच में पता चला कि अकरम और आरोपी पहले से एक-दूसरे को जानते थे और उनका उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में स्थित जमीन को लेकर विवाद था। जुलाई 2022 में हुई कहासुनी के बाद आरोपी इस झगड़े का बदला लेने की फिराक में थे। मुख्य आरोपी मोहम्मद कैफ मोहम्मद रफीक कुरैशी ने अपनी प्रेमिका जस्सी तिवारी का इस्तेमाल कर अकरम को प्रेम के जाल में फंसाया। जस्सी ने अकरम को मिलने के लिए भिवंडी बुलाया और उसके साथ कार में बैठकर हत्या की नियोजित जगह तक गई। वहां पहले से घात लगाए बैठे चार आरोपियों ने लोहे की रॉड और पत्थरों से उस पर हमला कर दिया और उसकी हत्या कर दी। बिना किसी ठोस सुराग के पुलिस ने अपने कौशल से इस हत्या की गुत्थी सुलझाई ।


**सार्वजनिक सूचना**

मैं, **श्वेता भीमसारिया** (उम्र 42 वर्ष), स्थित आरडी. एसटीडी 391, द आर्बर, सेक्टर 63, गुरुग्राम - 122001, यह प्रमाणित करती हूं कि अंबोली पुलिस स्टेशन, मुंबई में निम्नलिखित दस्तावेज गुम हो जाने की शिकायत दर्ज करवाई गई है (पंजीकरण संख्या 64/2025, दिनांक 07.02.2025) -
**1.SOA 2.आवास आवंटन पत्र 3.BBA (बिल्डर बायर एग्रीमेंट) 4.भुगतान रसीदें**
उक्त दस्तावेज दिनांक 10.10.2024 को लिंक रोड, फन गली, मुंबई से गुम हो गए हैं। यदि किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त गुम दस्तावेज प्राप्त होते हैं तो कृपया उन्हें उपरोक्त पते पर प्रेषित करने की कृपा करें।
**संपर्क:** श्वेता बिनोद भीमसारिया
**(मोबाइल नं. 9820061014)**
**दिनांक:** 19.02.2025
**स्थान:** मुंबई
हस्ताक्षर/- श्वेता बिनोद भीमसारिया



**पश्चिम रेलवे की ओर से बांद्रा टर्मिनस ⇌ पालीताणा के बीच सुपरफास्ट विशेष गाड़ी का संचालन**

| गाड़ी संख्या | आरंभिक स्टेशन एवं गंतव्य | सेवा की तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09093 | बांद्रा टर्मिनस – पालीताणा | 10 मार्च, 2025 | 17.30 बजे (सोमवार) | 06.30 बजे (अगले दिन) |
| 09094 | पालीताणा – बांद्रा टर्मिनस | 12 मार्च, 2025 | 17.10 बजे (बुधवार) | 07.25 बजे (अगले दिन) |

**ठहराव :** बोरीवली, वापी, उधना, वडोदरा, अहमदाबाद, बोटाद, धोला और सिहोर स्टेशन पर दोनों दिशाओं में.

**संयोजन :** एसी 3-टियर तथा एसी चेयर कार कोचेस

ठहराव, संयोजन और समय-सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

पीआरएस काउंटर्स पर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर **गाड़ी सं. 09093** और **09094** के लिए बुकिंग **19.02.2025** से शुरू होगी. उपरोक्त गाड़ियों को विशेष किराए पर विशेष गाडियों के तौर पर संचालित किया जाएगा.

www.wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly

सभी आरक्षित टिकटों के लिए वैध पहचान पत्र साथ रखें.



**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा मेरे मुवक्किल **श्री लक्ष्मीनारायण जयराम सोनी,** जिनका आवासीय पता 101, सिद्धिविनायक बिल्डिंग, दयाभाई पटेल रोड, लक्ष्मी नारायण मंदिर के सामने, मालाड (पूर्व), मुंबई 400 097 है, की ओर से सूचना जारी की जाती है.

सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल की **स्वर्गीय पत्नी श्रीमती शारदादेवी लक्ष्मीनारायण सोनी** ग्राम मालाड, तालुका बोरीवली, रानी सती मार्ग, मुंबई – 400 097 के सी.टी.एस. क्र. **521, 521/1 से 8, 521/10 से 17, 522, 522/1 से 11, 523, 524, 524/1 से 12, 525, 525/1 से 4, 527, 527/1 से 26, 528, 528/1 से 11, 529, 529/1 से 15, 530, 530/1 से 16, 531, 532, 532/1 से 13, 533 (भाग), 533/1 से 100, 533/107 से 484, 533/486 से 643, 533/648, 536, 536/1 से 5, 537/1 से 7** स्थित रिहैब बिल्डिंग नं. 2, खोत डोंगरी को-ऑप. हाउसिंग सोसायटी लि., में फ्लैट क्र. 408 धारक आवासीय फ्लैट क्र. 408 (एतद्पश्चात उक्त फ्लैट परिसर के तौर पर संदर्भित) की मूल आवंटी और मालिक थीं और वे विशिष्ट क्र. 261 से 265 (दोनों समाविष्ट) धारक शेयर प्रमाणपत्र क्र. 53 धारक प्रत्येक रूपए 50/- के 5 (पांच) पूर्ण अदा किए गए शेयर्स (एतद्द्वारा उक्त शेयर के तौर पर सामूहिक रूप से संदर्भित) की धारक थीं.

सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल की **पत्नी श्रीमती शारदादेवी लक्ष्मीनारायण सोनी** का मुंबई में दि. 02.07.2020 को निधन हो गया है और उनके पश्चात मेरे मुवक्किल अर्थात **(1) श्री लक्ष्मीनारायण जयराम सोनी (पति), (2) श्री रमेश लक्ष्मीनारायण सोनी (पुत्र), (3) श्री सुरेश लक्ष्मीनारायण सोनी (पुत्र), (4) प्रेमलता लक्ष्मीनारायण सोनी (पुत्री) और (5) श्री संतोष लक्ष्मीनारायण सोनी (पुत्र)** ये उनके जीवित कानूनी उत्तराधिकारी हैं.

यदि मेरे मुवक्किल की **पत्नी श्रीमती शारदादेवी लक्ष्मीनारायण सोनी** के अन्य कोई भी कानूनी उत्तराधिकारी है और यदि किसी भी व्यक्ति अथवा बैंक अथवा वित्तीय संस्थान का उक्त फ्लैट परिसर के संबंध में उत्तराधिकार, उपहार, गिरवी, न्यास के जरिए कोई भी दावा, आपत्ति है या किसी भी अन्य स्वरूप में कोई भी अन्य दावा है तो उनसे एतद्द्वारा अनुरोध किया जाता है कि वे उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से **15 दिनों** की अवधि के भीतर **श्री जगदीश त्र्यंबक डोंगरदिवे, अधिवक्ता उच्च न्यायालय तथा नोटरी (भारत सरकार),** को प्लॉट नं. 232, कमरा नं. 18, श्री मंगल सीएचएस लि., गोराई 2, बोरीवली (पश्चिम), मुंबई 400 092 स्थित मेरे कार्यालय पते पर समर्थनीय दस्तावेजी प्रमाणों के साथ अपने दावे की लिखित में जानकारी दें.

**हस्ता./-**
स्थान : मुंबई **श्री जगदीश त्र्यंबक डोंगरदिवे,**
दिनांक : 19.02.2025 **अधिवक्ता तथा नोटरी (भारत सरकार)**


# आज शुरू रहेगा रानीबाग चिड़िया घर

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के अवसर पर बुधवार को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद वीरमाता जिजाबाई भोसले वनस्पति उद्यान और प्राणिसंग्रहालय जनता के लिए खुला रहेगा। हालांकि, अगले दिन यानी गुरुवार, 20 फरवरी को यह उद्यान और प्राणिसंग्रहालय बंद रहेगा, ऐसी जानकारी मनपा प्रशासन द्वारा दी गई । भायखला (पूर्व) स्थित वीरमाता जिजाबाई भोसले वनस्पति उद्यान और प्राणिसंग्रहालय हर बुधवार को साप्ताहिक अवकाश के कारण बंद रहता है। हालांकि, बृहन्मुंबई महानगरपालिका द्वारा पहले पारित एक प्रस्ताव के अनुसार, यदि बुधवार को सार्वजनिक अवकाश पड़ता है, तो उस दिन उद्यान और प्राणिसंग्रहालय जनता के लिए खुला रखा जाता है ।

# राज्य में 45 रोप-वे के कार्य को मंजूरी



**मुंबई।** मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में राज्य में रोपवे कार्यों के क्रियान्वयन को मंजूरी दी गई। बैठक में राज्य सरकार की तरफ से 16 और राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक व्यवस्थापन लिमिटेड (एनएचएलएमएल) के माध्यम से 29 रोप-वे को मिलाकर कुल 45 रोप-वे के कार्य को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दी गई। इन रोप-वे कार्यों को पूरा करने के लिए एनएचएलएमएल को आवश्यक भूमि 30 वर्ष के पट्टे पर उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना के तहत अगर राज्य सरकार एनएचएलएमएल को कुछ परियोजनाओं में इक्विटी हिस्सेदारी प्रदान करती है, तो इन परियोजनाओं से होने वाली आय में राज्य सरकार की भी हिस्सेदारी होगी। इस राजस्व मॉडल को भी मंजूरी दी गई। प्रत्येक परियोजना के लिए अलग समझौता किया जाएगा। इससे पहले इनमें से प्रत्येक परियोजना के लिए विस्तृत प्रस्ताव बुनियादी ढांचे पर कैबिनेट समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।


**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**वृक्ष प्राधिकरण**
**सार्वजनिक सूचना**

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं जतन अधिनियम 1975 (24 जनवरी 2021 तक संशोधित अनुसार) की धारा 8 (3) (क) अंतर्गत प्रावधानों के अनुपालन में **परिमंडल – III** में **के/पूर्व** वार्ड से **05** प्रस्ताव और **एच/पश्चिम** वार्ड से **02** प्रस्ताव, अर्थात प्रभावित वृक्षों के निष्कासन हेतु कुल 07 प्रस्ताव, मनपा आयुक्त/चेयरमैन, वृक्ष प्राधिकरण की मंजूरी के लिये प्राप्त हुये हैं.

उपरोक्त निर्दिष्ट प्रस्तावों के अंतर्गत वृक्षों की कटाई/पुनर्रोपण करने बाबत विस्तृत जानकारी म.न.पा. की वेबसाइट – https://mcgm.gov.in → About us → wards / Departmetns → Department manuals → Gardens & Tree Authority → Tree Authority Public notice → Public Notice 7 days → 360 - Zone-III अंतर्गत उपलब्ध है.

उपरोक्त निर्दिष्ट प्रस्तावों हेतु नागरिकों से आपत्तियां/सुझाव, यदि है, उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में उक्त सूचना प्रकाशन तिथि से 7 दिनों के भीतर निर्धारित प्रारुप में आमंत्रित किये जाते हैं.

आप निर्धारित प्रारुप में अपने सुझाव/आपत्तियां उक्त ईमेल आईडी dysg.ta@mcgm.gov.in पर भी जमा कर सकते हैं. निर्धारित समय में निर्धारित प्रारुप में प्राप्त आपके सुझाव/आपत्तियों पर ही विचार किया जायेगा. उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त ईमेल्स अथवा लिखित सुझाव/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा. आपत्तियों/सुझावों हेतु सुनवाई उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में दि. 03.03.2025 को सायं. 4.30 बजे से सायं. 5.00 बजे तक आयोजित की जायेगी. जो व्यक्ति उक्त सुनवाई में उपस्थित रहना चाहते हैं, वे अपने ईमेल, सुझावों/आपत्तियों की एक प्रति के साथ उपस्थित रह सकते हैं.

**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी, वृक्ष प्राधिकरण**
उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी का कार्यालय
2री मंजिल, हम्बोल्ट पेंग्विन बिल्डिंग,
वी.जे.बी. उद्यान एवं प्राणिसंग्रहालय,
संत सावता माली मार्ग, भायखला (पूर्व),
मुंबई – 400 027,
टेली. नं. 23742162
ईमेल :dysg.ta@mcgm.gov.in

हस्ता./-
पीआरओ/2587/विज्ञा./2024-25 उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी

शरीर में हो बुखार की आंच, तो तत्काल करायें अपने खून की जांच


# एफ नार्थ मनपा सहायक आयुक्त नितीन चंद्रप्रताप शुक्ला को लोगों ने दी बधाई





**मुंबई।** बृहन्मुंबई महानगर पालिका के अंतर्गत माटुंगा भाऊदा जी रोड स्थित एफ नार्थ महानगर पालिका के सहायक आयुक्त पद पर नितीन चंद्रप्रताप शुक्ला की हाल में ही नियुक्ति हुई है,पदभार ग्रहण करने के बाद सहायक आयुक्त नितीन चंद्रप्रताप शुक्ला साहब को मंगलवार को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए पत्रकार प्रेम चंद मिश्रा, सायन कोलीवाड़ा मां विंध्यवासिनी मंदिर के ट्रस्टी भरत शुक्ला, डॉ. भोलानाथ चौहान, अरविंद मिश्रा, रत्नेश अग्रवाल, चंद्रमणि गुलाब सिंह यादव (तक्रार अधिकारी) सहायक आयुक्त नितीन चंद्रप्रताप शुक्ला को बधाई देकर स्वागत किया। सहायक आयुक्त ने कहा कि अतिक्रमण को हटाने के लिए आप लोगों का सहयोग चाहिए। आप लोगों के सहयोग से अपना ये वार्ड साफ सुथरा और सुंदर बनेगा । जिससे हम एफ नार्थ वार्ड को हरित मुंबई सुन्दर और स्वच्छ मुंबई बनाने में सफलता प्राप्त कर सकें। यह कार्य तभी संभव होगा जब यहां के लोगों का साथ और सहकार्य मिलता रहेगा।


**मुंबई भवन मरम्मत एवं पुनर्निर्माण मंडल, मुंबई**
(म्हाडा की इकाई)
**ई-निविदा सूचना**
**ई-निविदा सूचना क्र. ईई/एफएस/एमबीआरआरबी/54/2025**

मुख्य पोर्टल : https://mahatenders.gov.in
म्हाडा पोर्टल : https://mhada.gov.in

कार्यकारी अभियंता एफ विभाग/ मुंबई भवन मरम्मत एवं पुनर्निर्माण मंडल, म्हाडा की इकाई, कार्यकारी अभियंता एफ/एस डिवीजन, एम.बी.आर. एंड आर. बोर्ड, बी.एम.सी. एफ दक्षिण कार्यालय एनेक्स भवन, तीसरी मंजिल, परेल, मुंबई – 400 012 द्वारा **लेबर को-ऑपरेटिव सोसायटी मुंबई शहर जिला** से बी-1 (प्रतिशत दर) प्रपत्र में ऑनलाइन डिजीटली हस्ताक्षरित निविदाओं के **03** कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है. ई-निविदा उपरोक्त पोर्टल पर उपलब्ध होगी. बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किये जा सकते हैं. निविदा अनुसूची निम्नानुसार है :

| अ.क्र. | चरण | समयावधि की तिथि | अ.क्र. | चरण | समयावधि की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दस्तावेज बिक्री का आरंभ | 20.02.2025 को सुबह 10.10 बजे | 2 | दस्तावेज बिक्री का समापन | 06.03.2025 को सायं. 6.15 बजे |
| 3 | तकनीकी बोली का खुलना | 10.03.2025 को सुबह 11.00 बजे | 4 | मूल्य बोली का खुलना | 12.03.2025 को सुबह 11.00 बजे |

सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण दर्शाये किसी भी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है. शर्तयुक्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जायेगा.

**टिप्पणी 1:** कृपया वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना का अवलोकन करें.
**टिप्पणी 2:** शुद्धिपत्र/संशोधन, यदि कोई होगा, तो उसे केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जाएगा.

Follow us:@mhadaofficial

सीपीआरओ/ए/97
हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (एफ/दक्षिण डिवी.)
एम.बी.आर.एंड आर. बोर्ड

म्हाडा - गृहनिर्माण क्षेत्रातील देशातील अग्रगण्य संस्था

# समस्या पर आस्था भारी

महाकुंभ अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर है लेकिन सड़कों पर जिस तरह की श्रद्धालुओं की भीड़ दिख रही है उससे लगता नहीं है कि 26 फरवरी तक भीड़ में कोई कमी आएगी। श्रद्धालुओं की इस भीड़ को देखकर ऐसा लगता है कि यह भीड़ महाशिवरात्रि स्नान के बाद भी जारी रह सकती है। वहीं महाकुंभ को लेकर लोगों की आस्था थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते दिनों महाकुम्भ प्रयागराज में भीड़ के कारण भगदड़ मचने से 36 लोगों की मौत के बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुम्भ स्नान के लिए जाने वाले 18 श्रद्धालुओं की मौत हो जाना दुखद त्रासदी है। उसे किसी भी स्थिति में कुचला नहीं जाना चाहिए। जो संसार में पैदा होता है उसका संसार से जाना तय है लेकिन मृत्यु वह होनी चाहिए जो नियति ने तय की हो। क्या प्रयागराज त्रासदी के बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में हुई मौतों को नियति मान लिया जाए। महाकुम्भ की सफलता का श्रेय केन्द्र और उत्तर प्रदेश सरकार ले रही है तो भगदड़ और मौतों का ठीकरा भी उसी के सिर फूटना चाहिए। एक ओर तो महाकुम्भ में 51 करोड़ से भी ज्यादा श्रद्धालुओं द्वारा स्नान करने के वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम होने पर उत्सव मनाए जा रहे हैं लेकिन आस्थावान लोगों की मौत का क्या, जिनकी आस्था अधूरी रह गई। शायद यही उनकी नियति है। यह दुखद है कि ऐसे हादसों के बाद बेहतर तैयारियां तथा सुरक्षा प्रबंध पुख्ता किए जाने के दावे किए जाते हैं, मगर हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे। महाकुम्भ में इस बार पहले से ही अनुमान लगाया जा रहा था कि रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचेंगे। सारा दबाव प्रयागराज पर था लेकिन किसी ने अनुमान ही नहीं लगाया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी भगदड़ की स्थिति हो सकती है। धार्मिक श्रद्धा का सवाल पूरी तरह से व्यक्तिगत है और आस्था प्रतिस्पर्धा या उन्माद का सवाल नहीं है लेकिन इस बार आस्थावान लोगों ने महाकुम्भ में स्नान कर पुण्य कमाने या मोक्ष प्राप्त करने की लालसा को उन्माद में बदल दिया। इसी उन्माद में उन्हें भीड़ के पांव तले कुचले जाने को विवश होना पड़ा। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ त्रासदी ने सिस्टम के पुराने जख्मों को फिर कुरेद दिया है। कारण कुछ भी रहे हों लेकिन रेलवे प्रशासन भीड़ का प्रबंधन करने में पूरी तरह से नाकाम रहा। श्रद्धालु रेलवे प्रशासन की कुव्यवस्था की नाकामी बता रहे हैं। कोई कह रहा है कि भगदड़ प्लेटफार्म बदलने से हुई, कोई यह कह रहा है कि महाकुम्भ के लिए भारी प्रचार का परिणाम यही होना था कि करोड़ों लोग डुबकी लगाने पहुंचने लगे और व्यवस्थाएं ध्वस्त होने लगीं। विडम्बना यह भी है कि महाकुम्भ जैसे धार्मिक आयोजन को लोकप्रियता के लिए राजनीतिक यज्ञ में बदल दिया गया, जिसका परिणाम यही होना था। हमारे बड़े शहरों के रेलवे स्टेशनों पर तो सामान्य दिनों में भी काफी भीड़ रहती है। इसके बावजूद रेलवे प्रशासन ने ट्रेनों की क्षमता से अधिक रोजाना जनरल टिकट बेचे। इस पर सवाल तो खड़े होंगे ही। भारतीय धर्मभीरू लोग हैं। ऐसे आयोजनों के लिए उनकी भावनाएं ज्वार भाटे की तरह उछाल मारने लगती हैं। लिहाजा भक्त धक्के खाकर संघर्ष करते हुए आगे बढ़ते हैं और गिरते-पड़ते एक-दूसरे को कुचलते हुए ट्रेनों पर सवार होने की कोशिश करते हैं। क्योंकि उन्हें अमृत स्नान करना है। आस्था के चलते भीड़ को कोई कर्त्तव्य बोध नहीं रहता। कोई अनुशासन का पालन नहीं करता। रेलवे प्रशासन मुनाफे में जुटा रहा। किसी ने अनुमान नहीं लगाया कि हालात क्या होने वाले हैं। भीड़ प्रबंधन केवल विधि-व्यवस्था बनाए रखने का विषय नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन की सुरक्षा, सार्वजनिक स्थानों की संरचना और आपातकालीन स्थितियों से निपटने की रणनीतियों से गहनता से संबद्ध है। दुर्भाग्यवश, कई बार आयोजकों और प्रशासनिक एजेंसियों द्वारा पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं किये जाते, जिससे जानमाल की हानि होती है। इस परिदृश्य में, बड़े आयोजनों में भीड़ प्रबंधन की मौजूदा स्थिति, उससे जुड़ी प्रमुख चुनौतियां, हालिया घटनाओं से मिले सबक और प्रभावी समाधानों की चर्चा करना बेहद प्रासंगिक होगा, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदियों से बचा जा सके। भारत और दुनिया भर में बड़े आयोजनों में भीड़ प्रबंधन के लिये विभिन्न व्यवस्थाएं अपनाई जाती हैं। सरकारें, पुलिस प्रशासन, निजी सुरक्षा एजेंसियां और आयोजनकर्ता साथ मिलकर इसे सुचारू रूप से संचालित करने का प्रयास करते हैं। हालांकि, कई बार ये व्यवस्थाएं अपर्याप्त सिद्ध होती हैं, जिसके कारण जानलेवा दुर्घटनाएं घटित होती हैं। भीड़ का अपना मनोविज्ञान होता है। भीड़ की सघनता चंद पल में ही बदल सकती है और जब तक हालात खतरनाक लगते हैं तब तक भीड़ इतनी करीब हो चुकी होती है कि किसी व्यक्ति का उसमें से निकल पाना मुश्किल हो जाता है लेकिन खतरे को भांपने के कुछ संकेत होते हैं। इंग्लैंड की सफोक यूनिवर्सिटी में क्राउड साइंस के प्रोफेसर जी. कैथ स्टिल का कहना है कि अगर भीड़ बहुत धीमी गति से आगे बढ़ रही है, इसका साफ मतलब है कि भीड़ की सघनता बढ़ रही है। भीड़ की आवाज सुनना बेहद अहम होता है, अगर आपको लोगों के असहज होने और संकट की वजह से रोने की आवाज सुनाई दे, तो यह संकेत होता कि चीजें कभी भी नियंत्रण के बाहर जा सकती हैं। अफसोस प्रशासन भीड़ की आवाज को सुनना ही नहीं चाहता। मृतकों के परिवारों को मुआवजा, घायलों की आर्थिक सहायता और ढेरों संवेदनाएं भी उन परिवारों के आंसू नहीं पोंछ सकते जिन्होंने अपनों को खोया है। जब तक हम भीड़ प्रबंधन की कला नहीं सीखते त्रासदियां होती रहेंगी और अक्षम्य मानवीय अपराध भी होते रहेंगे। गौरतलब हो कि इस महाकुंभ में वीवीआईपी से लेकर आम इंसान तक डुबकी लगाने को आतुर हैं। देश से लेकर विदेश तक के श्रद्धालु अभी तक डुबकी लगा चुके हैं और यह परम्परा जारी है। जहां सत्ता में काबिज सरकार इसे बड़ी सफलता मान रही है तो वहीं विपक्ष इसे सरकार की विफलता बताते हुए खामियों का महाकुंभ कहा रहा है। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन की प्रमुख नेताओं में से एक ममता बनर्जी ने इसे अब 'मृत्यु कुंभ' कह दिया है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ अब मत्युकुंभ हो गय है। उन्होंने हाल की भगदड़ की घटनाओं पर कहा कि महाकुंभ में VIPs को खास सुविधाएं दी जा रही हैं, लेकिन गरीबों को इससे वंचित रखा जा रहा है।

### कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*अब सीएम के नाम पर, मची हुई क्यों रार*
*भला जाट के नाम पर, क्यों इतनी तकरार*
*क्यों इतनी तकरार, जीत का जश्न मनाओ*
*पूर्वांचली, सिक्ख पर अबकी दांव चलाओ*
*कह सुरेश जो हार गए हैं, सब मुंह बाए*
*गिद्ध, सियार तुम्हारे ऊपर नजर गड़ाए*

### आज का कार्टून




साभार

# आखिर कौन और कैसे पाएगा भगदड़ पर काबू?

**प्रयागराज महाकुंभ और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई घटनाएं हमारी संवेदनाशून्य व्यवस्था की विफलता के नमूने मात्र हैं। ऐसी घटनाओं पर आखिर कौन, कैसे और कब तक काबू पाएगा, यह यक्ष प्रश्न है। भारत में पिछले कुछ वर्षों में भगदड़ के कई मामले सामने आए हैं। विगत एक महीने के अंदर ही भगदड़ के दो मामले सामने आए जो प्रशासन के लिए चिंता का विषय है। लेकिन उससे भी ज्यादा चिंता का विषय यह है कि लोग इस भीड़ में भी यात्रा करने से बचने की बजाए इसी भीड़ में कुंभ जाने को आतुर हैं।**

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार की रात प्रयागराज महाकुंभ जाने को उतावली भीड़ ने ऐसी भगदड़ मचाई कि लगभग डेढ़ दर्जन लोगों की जान चली गई, जबकि दर्जनाधिक घायल भी हुए। इस बार भी मृतकों में महिलाओं (10) और बच्चों (3) की संख्या ज्यादा रही, जबकि पुरुषों (2) की संख्या उनसे कम रही। वहीं, दर्जनाधिक घायलों में भी लगभग 14 महिलाएं समेत कुल 25 लोग शामिल हैं। ये महज आंकड़े नहीं हैं, बल्कि हमारी संवेदनाशून्य व्यवस्था की विफलता के नमूने मात्र हैं। ऐसी घटनाओं पर आखिर कौन, कैसे और कब तक काबू पाएगा, यह यक्ष प्रश्न ब्रेक के बाद पुनः समुपस्थित है। ऐसा इसलिए कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में भगदड़ के कई मामले सामने आए हैं। वहीं, इस बार तो महज एक महीने के अंदर ही भगदड़ के दो-दो मामले सामने आ चुके हैं, जो कि प्रशासन के लिए चिंता का विषय है। सवाल है कि जब महाकुंभ की तैयारियों को लेकर उत्तरप्रदेश प्रशासन लगातार डींगें हांक रहा था और केंद्र सरकार अपनी पीठ थपथपा रही थी, तब ऐसी हृदयविदारक घटनाओं का घटित होना उसकी तमाम व्यवस्थाओं पर सवालिया निशान लगा जाता है। सवाल यह भी है कि तमाम सकारात्मक राजनीतिक इच्छाशक्ति के बावजूद इतनी बड़ी प्रशासनिक चूकें कैसे हो गईं। हैरत की बात तो यह है कि प्रारम्भिक तौर पर मीडिया माध्यमों में रेलवे के अधिकारी-कर्मचारी ऐसी किसी घटना व हताहतों के बारे में इंकार कर रहे थे, लेकिन सच्चाई अंत में उन्हें भी बयां करनी ही पड़ी। इससे समझा जा सकता है कि उनका सूचना तंत्र कितना विफल या फिर लोकहित विरोधी है। भले ही इन घटनाओं पर बड़े नेतागण और अधिकारियों के द्वारा खेद प्रकट किया गया हो, जिनके पास वैध टिकट होंगे, उन्हें रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल से मुआवजे भी मिल जाएंगे। लेकिन इससे उन परिवारों की व्यथा कम नहीं हो जाती, जिन्होंने अपने




परिजनों को खोया है या फिर जिनके परिजन अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। बताया गया है कि सभी लोग नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में प्रयागराज के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए खड़े हुए थे। तभी ट्रेन सम्बन्धी उद्घोषणा के बाद प्लेटफार्म पर अफरातफरी और भगदड़ मच गई। ऐसे में सवाल है कि देश की राजधानी नई दिल्ली जैसे मुख्य रेलवे स्टेशन पर रेल प्रशासन ने समुचित व्यवस्था क्यों नहीं की थी। अब भले ही इसकी जांच होगी, पर परिणाम ढाक के तीन पात जैसे ही होंगे! जाहिर है कि भीड़ और भगदड़ में अन्योन्याश्रय का सम्बन्ध है। लेकिन इनके नियंत्रण के समुचित उपाय कब तक दिखेंगे, किनके नेतृत्व में सब होगा, कुछ पता नहीं। तब तक ब्रेक के बाद होने वाले हादसों पर सवाल उठाते रहिए, चुनाव दर चुनाव राजनीतिक नेतृत्व बदलते रहिए, लेकिन ये अधिकारी हैं, जिनका सिर्फ तबादला होगा। क्योंकि उनकी जानलेवा लापरवाहियों के बावजूद उन्हें जिम्मेदार ठहराने के कानूनी प्रबंध नदारत हैं। बता दें कि गत 29 जनवरी 2025 को प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 में मौनी अमावस्या से ठीक पहले भी एक दुःखद भगदड़ मची थी, जहां लगभग 30 लोगों की मौत हो गई थी और तकरीबन 60 लोग घायल हो गए थे। दरअसल, महाकुंभ मेले में ये हादसा 29 जनवरी के तड़के हुआ था, जब सभी लोग संगम नोज की तरफ नहाने के लिए जा रहे थे। तब यहां भी लाखों लोगों की भीड़ बेकाबू हो चुकी थी। जिसके बाद आनन-फानन में वीवीआईपी व्यवस्था बदल दी गई और अखाड़ों ने भी मौनी अमावस्या के लिए अपने पारंपरिक 'अमृत स्नान' को रद्द कर दिया और दोपहर बाद 'अमृत स्नान' किया। इससे भी धार्मिक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन सम्बन्धी सवाल उठे थे। यहां भी एक न्यायिक जांच आयोग का गठन करके प्रशासनिक खाना पूर्ति कर दी गई है। इसलिए भीड़ नियंत्रण सम्बन्धी विफलताओं पर जनसामान्य की चिंता ज्यादा बढ़ गई है। वहीं, गत 8 जनवरी, 2025 को आंध्र प्रदेश के तिरुपति में मची भगदड़ में कम से कम 6 भक्तों की मौत हो गई थी, जबकि दर्जनों लोग घायल हो गए थे, क्योंकि सैकड़ों लोग तिरुमाला पहाड़ियों पर भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए टिकट पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे। बताया गया था कि तब 10 जनवरी से शुरू होने वाले 10 दिवसीय वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए देश भर से सैकड़ों भक्त यहां आए थे। यदि आप पिछले कुछ वर्षों में भारत में हुई प्रमुख भगदड़ की घटनाओं की सूची खंगालेंगे तो पता चलेगा कि साल-दो साल बाद ऐसी घटनाओं की एक लंबी फेहरिस्त है। यदि पिछले दो दशकों की प्रमुख भगदड़ सम्बन्धी घटनाओं पर गौर करें तो 27 अगस्त, 2003 को महाराष्ट्र के नासिक में कुंभ मेले में भगदड़ के दौरान जहां 39 लोगों की मौत हो गई थी वहीं, 140 अन्य घायल हो गए थे। इसी प्रकार 25 जनवरी, 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के वाई शहर स्थित मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ के दौरान 300 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 100 अन्य लोग घायल हो गए थे। ये भगदड़ मंदिर तक जाने वाली सीढ़ियों में फिसलन भरी होने के कारण मची थी। वहीं, 3 अगस्त, 2008 को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में नैना देवी मंदिर में भगदड़ के दौरान 162 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि सैकड़ों की संख्या में लोग घायल हुए थे। तब यहां पहाड़ी की चोटी पर स्थित नैना देवी मंदिर में भूस्खलन की अफवाह के कारण मची भगदड़ मच गई थी। वहीं, 30 सितंबर, 2008 को राजस्थान के जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर में नवरात्रि के दौरान भगदड़ मचने पर 250 लोगों की मौत कुचले जाने से हो गई थी। क्योंकि इस दौरान भारी संख्या में तीर्थयात्री इकट्ठा हुए थे। वहीं, 4 मार्च, 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में 63 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें अधिकतर बच्चे शामिल थे। इस मंदिर में मुफ्त भोजन और कपड़े के लिए हुई भारी भीड़ के कारण भगदड़ हुई थी। इसके अलावा, 15 जनवरी, 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में एक जीप के घर जा रहे तीर्थयात्रियों से टकरा जाने के कारण मची भगदड़ में कम से कम 104 सबरीमाला भक्त स्वर्गलोक सिधार गए थे, जबकि 40 से अधिक घायल हो गए थे। इसके अलावा, 8 नवंबर, 2011 को उत्तराखंड के हरिद्वार में गंगा घाट स्थित हर-की-पौड़ी में 20 लोगों की मौत हो गई थी।

**-कमलेश पांडेय**

# अवैध रोहिंग्याओं को मुफ्त सुविधा पर सुप्रीम सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट में 'रोहिंग्या ह्यूमन राइट्स इनिशिएटिव' नाम के एक एनजीओ ने याचिका दायर कर रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए सुविधाओं की माँग की है। एनजीओ ने याचिका में कहा है कि कोर्ट केंद्र और दिल्ली सरकार को निर्देश दे कि दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्याओं को स्कूलों और अस्पतालों तक पहुँच दी जाए। इस मामले की सुनवाई सोमवार (10 फरवरी) को जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह ने की। पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता एनजीओ को निर्देश दिया था कि वह कोर्ट को बताए कि दिल्ली में रोहिंग्या शरणार्थी कहाँ-कहाँ बसे हुए हैं और उन्हें क्या-क्या सुविधाएँ मिली हुई हैं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता कॉलिन गोंजाल्विस ने सर्वाच्च न्यायालय को बताया कि रोहिंग्या 'शरणार्थियों' को स्कूलों और अस्पतालों में प्रवेश से वंचित रखा जाता है, क्योंकि उनके पास आधार कार्ड नहीं है। कॉलिन गोंजाल्विस ने कहा, "वे शरणार्थी हैं जिनके पास यूएनएचसीआर (शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त) कार्ड हैं और इसलिए उनके पास आधार कार्ड नहीं हो सकते लेकिन आधार कार्ड के अभाव में उन्हें सरकारी स्कूलों और अस्पतालों में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है।' उन्होंने बताया कि रोहिंग्या शाहीन बाग और कालिंदी कुंज में झुग्गियों में और खजूरी खास में किराए के मकानों में रह रहे हैं। इस एनजीओ द्वारा दायर याचिका में केंद्र और दिल्ली सरकारों को निर्देश देने की माँग की गई है कि वे रोहिंग्या बच्चों को आधार कार्ड या भारतीय नागरिकता न होने के बावजूद मुफ्त शिक्षा दें। जनहित याचिका में आगे माँग की गई थी कि इन रोहिंग्या 'शरणार्थियों' को सरकार द्वारा पहचान पत्र माँगे बिना कक्षा 10, 12 और स्नातक सहित सभी परीक्षाओं में भाग लेने की अनुमति दी जाए। यही नहीं, शिक्षा के अलावा, याचिका में इन रोहिंग्या मुस्लिमों के लिए सरकारी अस्पतालों में मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ अंत्योदय अन्न योजना के तहत उपलब्ध सब्सिडी वाले खाद्यान्न देने की माँग की गई है। दरअसल, ये एनजीओ और गोंजाल्विस चाहते हैं कि शरणार्थी के दर्जे वाले इन अवैध घुसपैठियों को भारत के




एक नागरिक वाली हर सुविधा इन्हें मुफ्त में मिले। जानकारी के अनुसार अधिवक्ता कॉलिन गोंसाल्वेस ह्यूमन राइट्स लॉ नेटवर्क (एचआरएलएन) के संस्थापक हैं। यह सामाजिक-कानूनी सूचना केंद्र के तत्वावधान में काम करता है। इसे पहले जॉर्ज सोरोस के एनजीओ से फंड मिल चुका है। एचआरएलएन ने जिन प्रयासों में भाग लिया है, उनमें इस्कॉन के अक्षय पात्र के खिलाफ अभियान, भारतीय राजद्रोह कानूनों के खिलाफ अभियान और भारत में रोहिंग्या मुस्लिमों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करना शामिल है। यह आरटीई अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए सक्रियता में भी शामिल रहे हैं जो हिंदू-संचालित संस्थानों के खिलाफ काम करता है। रिपोर्ट्स कहती हैं कि गोंसाल्वेस के एनजीओ को 2020 के एंटी-सीएए दंगाइयों का अदालतों में बचाव करने के लिए चार यूरोपीय चर्चों से 50 करोड़ रुपए भी मिले। इसके अलावा, एचआरएलएन देश भर में कई ऐसे संगठनों से भी जुड़ा हुआ है जो भारत की क्षेत्रीय अखंडता को कमजोर करना चाहते हैं। सिद्धि सोमानी की रिपोर्ट के अनुसार रोहिंग्या ह्यूमन राइट्स एनिशिएटिव की स्थापना साल 2017 में पंजीकृत किया गया था। इसे ग्लोबल स्टेटलेसनेस फंड से धन प्राप्त होता है। जीएसएफ नीदरलैंड स्थित इंस्टीट्यूट ऑन स्टेटलेसनेस एंड इंक्लूजन की एक परियोजना है। इन्हें दुनिया भर में सत्ता गिराने के लिए कुख्यात हो चुके जॉर्ज सोरोस के ओपन सोसाइटी फाउंडेशन से धन प्राप्त होता है। रोहिंग्या ह्यूमन राइट्स एनिशिएटिव के शिक्षा और आंदोलन निर्माण निदेशक अली जौहर रिफ्यूजी इंटरनेशनल (आरआई) के पहले शरणार्थी फेलो कार्यक्रम में फेलो थे। अली जौहर (मौंग थीन श्वे) 2005 में भारत आए थे। वे मूल रूप से म्यांमार के रखाइन राज्य के रहने वाले हैं। आरआई के अध्यक्ष जेरेमी कोनइंडिक विवादास्पद यूएसएआईडी के पूर्व कर्मचारी हैं।यूएसएआईडी मीडिया, एक्टिविस्ट, संदिग्ध अधिकार समूहों और यहाँ तक कि इस्लामी आतंकवादी संगठनों को फंड देता था। जेरेमी कोनइंडिक यूएसएआईडी के यूएस फॉरेन डिजास्टर असिस्टेंस के कार्यालय के निदेशक बताए जाते है। ट्रम्प प्रशासन ने यूएसएआईडी को निष्क्रिय नहीं कर दिया है। अली जौहर फ्री रोहिंग्या गठबंधन का हिस्सा हैं। इस समूह को ग्लोबल स्टेटलेसनेस फंड से भी धन प्राप्त होता है। जानकारों का कहना है कि अब ये सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से अवैध रूप से भारत में रह रहे रोहिंग्याओं के बच्चों के लिए आम नागरिक की तरह सुविधा चाहते है जिससे वे आगे जाकर भारतीय व्यवस्था का हिस्सा बन सके। अब सुविधा के लिए प्रार्थना है। फिर इसे अधिकार मान कर लड़ा जायेगा। खैर सुप्रीम कोर्ट किस दृष्टिकोण से इस याचिका का निस्तारण करता है, यह देखने वाली बात है।

**- रामस्वरूप रावतसरे**

# तनाव कम करने पर जोर

"परीक्षा पर चर्चा" 2018 से एक वार्षिक कार्यक्रम रहा है। इस कार्यक्रम में, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश के अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों से बातचीत करते हैं। वे प्रवेश और बोर्ड परीक्षाओं को सहज और आसान तरीके से कैसे हल किया जाए, इस पर सलाह देते हैं। इस कार्यक्रम के प्रतिभागियों को एक प्रतियोगिता के माध्यम से चुना जाता है। इस कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलने के अलावा, प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रधानमंत्री से आमने-सामने बात करने का भी अवसर मिलता है। परीक्षा पर चर्चा का उद्घाटन संस्करण 16 फरवरी, 2018 को हुआ था। 29 जनवरी, 2024 को होने वाले 7वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "पर्याप्त नींद लें और रील देखने में समय बर्बाद न करें।" 2025 में आयोजित होने वाले आठवें पीपीसी में इस साल परीक्षा से सम्बंधित तनाव को कम करने पर विशेष ज़ोर दिया गया था। परीक्षा पर चर्चा 2025 कार्यक्रम में सद्गुरु (आध्यात्मिक नेता), दीपिका पादुकोण (अभिनेता), विक्रांत मैसी (अभिनेता), मैरी कॉम (ओलंपिक चैंपियन, बॉक्सर) और अवनी लेखरा (पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता) जैसे प्रसिद्ध व्यक्ति शामिल हुए। इन प्रतिष्ठित अतिथियों ने तनाव प्रबंधन, उद्देश्यों को पूरा करने और प्रेरणा बनाए रखने पर अपने अनुभव और व्यावहारिक विचार साझा किए। 10 फरवरी, 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा 2025 के आठवें संस्करण के दौरान छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत की। यह वार्षिक आयोजन छात्रों को परीक्षा की चिंता, करियर प्लानिंग और व्यक्तिगत विकास जैसे मुद्दों पर बात करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस वर्ष के आयोजन के लिए 330 करोड़ से अधिक छात्रों, 2071 लाख शिक्षकों और 551 लाख अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है, जो देश के युवाओं पर इस पहल के निरंतर प्रभाव को दर्शाता है। पीएम मोदी के अनुसार, कक्षा 10 और 12 में 40-50% छात्र असफल होते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि यह उनका अंतिम उद्देश्य है। शैक्षणिक और व्यक्तिगत सफलता और असफलता के बीच अंतर को पहचानना महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने क्रिकेट खिलाड़ियों का उदाहरण दिया, जो दिन के अंत में अपनी गलतियों पर विचार करते हैं और उनमें सुधार करते हैं; छात्रों को भी ऐसा ही करना चाहिए। उनके अनुसार, आपका जीवन वही है जो आपके अंक बताते हैं, न कि आप। पीएम ने छात्रों को दबाव को नज़रअंदाज़ करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एक बल्लेबाज की तरह जो स्टेडियम के शोर और नारों को नजरअंदाज कर गेंद पर ध्यान केंद्रित करता है, छात्रों को भी तनाव के बजाय अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन बच्चों का क्या होता है जो 30 से 40 प्रतिशत की दर से स्कूल में फेल हो जाते हैं? देखिए, असफलता जीवन के अंत का संकेत नहीं है। आप जीवन में सफल होना चाहते हैं या किताबों के माध्यम से, यह आप पर निर्भर करता है। अपनी सभी असफलताओं को शिक्षण के अवसर में बदलना जीवन में सफलता प्राप्त करने की एक रणनीति है। अपनी गलतियों को अपने शिक्षण के क्षण बनाएँ। जीवन केवल परीक्षा नहीं है। इसे समग्र रूप से देखा जाना चाहिए।

**- डॉ. नीरज भारद्वाज**

# गिग वर्कर्स को पेंशन सरकार की नायाब पहल!

भारत सरकार 'गिग वर्कर्स' को एक बड़ा तोहफा देने जा रही है। पाठकों को बताता चलूं कि गिग वर्कर को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया है जो पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंधों के बाहर काम करता है या कार्य व्यवस्था में भाग लेता है और ऐसी गतिविधियों से आय अर्जित करता है। दरअसल, देश के लगभग एक करोड़ गिग वर्कर्स(असंगठित क्षेत्र के मजदूरों) के लिए श्रम मंत्रालय द्वारा ईपीएफओ पेंशन स्कीम पर काम किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार अब बिना नौकरी, बिना वेतन या रोजाना सैलरी के केवल काम या ट्रांजैक्शन के आधार पर भुगतान पाने वाले डिलीवरी ब्वॉय, कूरियर ब्वॉय समेत देश के लगभग एक करोड़ गिग वर्कर्स को अब पेंशन का फायदा मिलेगा। इसके लिए उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। वास्तव में, इन गिग वर्कर्स को पेंशन की यह सुविधा उनके ट्रांजेक्शन के साथ लिंक होगी। मतलब यह कि वे कितना काम करते हैं या डिलीवरी ब्वॉय के रूप में कितनी जगहों पर सामान पहुंचाते हैं, इसके आधार पर ही उनके पेंशन के लिए योगदान की गणना होगी। जानकारी देना चाहूंगा कि ये गिग वर्कर्स ऑनलाइन उपभोक्ता सेवाएं दे रही एग्रीगेटर कंपनियों के प्लेटफॉर्म पर काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अब तक इन वर्कर्स के लिए कोई सामाजिक सुरक्षा कवच उपलब्ध नहीं था लेकिन अब इन गिग वर्कर्स को पेंशन देने के लिए एग्रीगेटर कंपनियों से मिनिमम कॉन्ट्रीब्यूशन लिया जाएगा। इसके लिए उनके हर बिलिंग लेन-देन से दो या तीन प्रतिशत राशि पेंशन अंशदान के लिए इकट्ठा की जाएगी। जानकारी के अनुसार उन्हें (गिग वर्कर्स को) यूनिवर्सल अकाउंट नंबर जारी किये जाएंगे। इसमें गिग वर्कर दो-तीन एग्रीगेटर कंपनियों के लिए किए काम करते हुए एक ही खाते में सबका पेंशन प्राप्त कर सकेगा। वास्तव में गिर वर्कर्स स्थाई कर्मचारी नहीं होते हैं और अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए इन्हें एक से ज्यादा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर काम करना पड़ता है।ऐसे में सभी कंपनियों की बिलिंग में पेंशन अंशदान काटा जाएगा। गौरतलब है कि हाल ही में वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने बजट 2025 में ई-श्रम पोर्टल पर गिग वर्कर्स का पंजीकरण करने की सुविधा देने के साथ ही उन्हें पहचान पत्र देने की भी घोषणा की थी, सरकार का यह कदम काबिले-तारीफ है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि गिग वर्कर्स और दिहाड़ी मजदूर में अंतर होता है। गिग वर्कर्स की बात करें तो उनके मामले में किसी सेवा और प्रोडक्ट की बिक्री ई-पेमेंट के जरिए होती है। ई-पेमेंट होने के कारण किसी ट्रांजेक्शन को छिपाया नहीं जा सकता है। वहीं दिहाड़ी मजदूर और प्रवासी को उनका पारिश्रमिक नकद या कैश के रूप में मिलता है। दिहाड़ी मजदूरों के सामने एक समस्या यह है कि उन्हें काम के लिए कभी कहीं तो कभी कहीं जाना पड़ता है। मसलन कभी कोई दिहाड़ी मजदूर निर्माण करता है तो कभी वह खेती में दिहाड़ी करता है तो कभी कल-कारखानों या कहीं अन्य स्थानों पर काम करता है। वास्तव में इन करोड़ों दिहाड़ी कामगारों और उनके परिवारों का भविष्य सुरक्षित नहीं है, क्यों कि इन्हें काम पाने के लिए इधर से उधर भटकना पड़ता है। वास्तव में यह बात कही जा सकती है कि आज हमारे देश में कैश पर काम करने वाले इन दिहाड़ी मजदूरों/कामगारों को कोई सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिल सका है। ऐसे मजदूर अधिकतर उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा जैसे राज्यों से आते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि अब सरकार गिग वर्कर्स को पीएम जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधा भी देने जा रही है, जो ऐसे वर्कर्स के लिए एक वरदान साबित होगा। यह काबिले-तारीफ है कि सरकार के इस कदम से स्ट्रीट वेंडर्स और कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले, ऐमजॉन, फ्लिपकार्ट, ई-कामर्स कंपनियां,जोमैटो,स्विगी, ओला, उबर जैसे ऑनलाइन जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़े श्रमिकों(गिग वर्कर्स) को विभिन्न सरकारी एजेंसियों की सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ मिलने में मदद मिल सकेगी। पाठकों को बताता चलूं कि इस पेंशन योजना के तहत श्रमिकों को सेवानिवृत्ति के समय दो विकल्प दिए जा सकते हैं, जब उनकी पेंशन तय हो जाएगी।

**- प्रियंका सौरभ**

# बिहार को बर्बाद करने के लिए लालू यादव को मिले भारत रत्न

## ललन सिंह का तेजस्वी पर पलटवार

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोमवार को सीतामढ़ी में मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि जो लोग आज लालू यादव का विरोध कर रहे हैं। वह, कल भारत रत्न देंगे। तेजस्वी के इस बयान पर अब जेडीयू सांसद और मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री ललन सिंह ने पलटवार किया है। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वे अपनी पीठ खुद थपथपा रहे हैं। लालू यादव को आखिर किस बात के



लिए भारत रत्न मिलना चाहिए? बिहार को बर्बाद करने के लिए? अपराधियों का राज कायम करने के लिए? 1990 से 2005 के बीच बिहार की क्या स्थिति थी, यह किसी से छुपा नहीं है।

### चारा घोटाले के लिए लालू यादव को दें भारत रत्न : ललन सिंह

तेजस्वी की बात पर ललन सिंह ने कहा कि लालू राज में बिहार की क्या हालात थे यह किसी से छिपा नहीं है। आरजेडी की सरकार के दौरान न तो बिहार में सड़क थी, न बिजली, न कानून-व्यवस्था। उस दौर में बिहार का सालाना बजट मात्र 25-28 हजार करोड़ रुपये का था,जबकि आज नीतीश कुमार के शासन में यह 270 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह कोई पेड़ नहीं था, जिस पर खाद-पानी डालकर बजट बढ़ा दिया गया है। नीतीश कुमार ने ईमानदारी से जनता का पैसा जनता के विकास में लगाया है। ललन सिंह ने कहा कि लालू यादव के शासन में चारा घोटाला, अलकतरा घोटाला, स्लेट घोटाला और न जाने कितने घोटाले हुए।

## 2 युवकों के आधार व PAN एक



**पटना।** दो जिस्म एक जान..ये मुहावरा आपने सुना होगा. लेकिन क्या दो युवक एक आधार और पैन कार्ड सुना है, तो जान लीजिए ऐसा भागलपुर में हुआ है। व्यक्ति दो हैं, एक पुलिस सेवा में है, तो दूसरा शिक्षक है. लेकिन दोनों का आधार व पैन कार्ड सेम हो गया। इतना ही नहीं, 56 लाख के फर्जी लोन का मामला भी थाने पहुंच गया। दरअसल, पहले फर्जी तरीके से नौकरी हासिल करने और फिर सेवा में रहते हुए अपने ही नाम के किसी अन्य व्यक्ति की पहचान पर 56 लख रुपए बैंक से लोन लेने का मामला सामने आया है. फर्जीवाड़ा करने वाला शख्स बिहार के बेगूसराय जिले के बछवारा में हवलदार के पद पर तैनात राजेंद्र रजक है।

# बगैर अनुमति प्रयागराज जाने वाली नावों को जब्त करेगा प्रशासन

### जारी किए सख्त निर्देश

**बक्सर।** गंगा में नाव के जरिए बक्सर से प्रयागराज जाने के दावों पर जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ऐसी किसी भी नाव यात्रा की अनुमति नहीं दी गई है। साथ ही यह स्पष्ट किया गया है कि प्रयागराज की ओर जाने की कोशिश करने की स्थिति में नाव को जब्त करते हुए उसके संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन की ओर से कुछ मीडिया रिपोर्ट्स (दैनिक जागरण नहीं) का हवाला देते हुए कहा गया है कि इस यात्रा के लिए नाव परिचालकों ने प्रति व्यक्ति 2500 रुपये किराया तय करने का दावा किया है। साथ ही इस यात्रा को पांच दिनों में पूरी करने का दावा किया है।

### बक्सर प्रशासन ने नहीं दी अनुमति

जिला प्रशासन के अनुसार, बक्सर से प्रयागराज महाकुंभ के लिए नाव सेवा की अनुमति न तो बक्सर प्रशासन द्वारा दी गई है और न ही भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण से ऐसी कोई आधिकारिक सूचना प्राप्त हुई है।

### संकट में पड़ सकता है यात्रियों का जीवन

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि इस तरह की यात्रा बेहद खतरनाक हो सकती है,क्योंकि इतनी लंबी दूरी की यात्रा के लिए नावों में सुरक्षा उपायों की कमी हो सकती है। इससे यात्रियों का जीवन संकट में पड़ सकता है। जिला प्रशासन ने नाव यात्रा से जुड़ी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखे।

### अधिकारियों को मिले सख्त निर्देश

अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र मिश्रा ने बक्सर और चौसा नगर परिषद के कार्यपालक अधिकारी, सभी संबंधित अंचल अधिकारी और थानाध्यक्ष को सख्त आदेश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में इस प्रकार की यात्रा की निगरानी करें और प्रयागराज की ओर जाते दिखने वाली नावों को तत्काल रोकते हुए जब्त करें।



# 'हेलो बाबू, सुसाइड कर रहा हूं'

## गर्लफ्रेंड को किया फोन, फिर बॉयफ्रेंड फंदे से झूल गया

**पटना।** पिता जी घर मे नहीं थे, मां और भाई महाकुंभ स्नान को गए थे, बेटे ने गर्लफ्रेंड को फ़ोन कर कहा, मैं परेशान हूं, सल्फाश खाकर जान दे दूंगा.. जबतक प्रेमिका घर पहुंची, तबतक प्लास्टिक के रस्सी से फंदा बनाकर झूल गया संदीप. दिल को झकझोर देने वाली यह घटना बिहार के भागलपुर की है. हालांकि, परिवार के कुछ लोग गर्लफ्रेंड व उसके दोस्तों पर संदीप की हत्या की आशंका जाता रहे हैं. ये घटना ललमटिया थाना क्षेत्र के नास्तारखानी की है. यहां संदीप कुमार ने आत्महत्या कर ली. बेटे की मौत से पिता चुन्नी देव सिंह और घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है. दरअसल, प्रेमिका से फोन पर बातचीत करने के कुछ ही देर बाद



संदीप ने जान दे दी. घटना सोमवार शाम की है. सूचना पर ललमटिया थाना अध्यक्ष राजीव रंजन दलबल के साथ पहुंचे और फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है.दूसरी तरफ पुलिस ने प्रेमिका को भी हिरासत में ले लिया है और उससे भी पूछताछ की जा रही है प्रेमिका ने घटना के संबंध में कई बातें बताई हैं. मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि जिस समय संदीप की मौत हुई, उस समय घर में परिवार का कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था।

# आर्केस्ट्रा डांसर की मांग में भरा था सिंदूर

## अब तीन दिनों से है लापता, युवती ने किए कई चौंकाने वाले दावे

महानगर नेटवर्क

नालंदा

नालंदा से बसंत पंचमी के दिन एक वीडियो सामने आया, जिसमें एक युवक ने सरेआम स्टेज पर चढ़कर आर्केस्ट्रा डांसर की मांग में सिंदूर भर दिया था। साथ ही खुलेआम उसने डांसर को अपनी पत्नी भी स्वीकार किया। यह वीडियो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल भी हो गया। लेकिन अब इस मामले में नया मोड़ आया है। डांसर ने अब एक और वीडियो शेयर किया है, जिसमें उसने कहा कि तीन दिन से उसका पति न तो उसका फोन उठा रहा है. न ही उसके घर वाले उस लड़की को स्वीकार कर रहे हैं।



### युवक कई दिनों से लापता

लड़की का नाम पारो आरती बताया जा रहा है. पारो ने एक के बाद कई वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें उसने बताया कि मांग में सिंदूर वाला वीडियो जब से वायरल हुआ है, तभी से उसके (लड़की) घर वालों ने उससे रिश्ता तोड़ लिया है. अब युवती दावा कर रही है कि लड़के का भी कोई अता पता नहीं है. लड़के के पिता भी उसे लेकर कई झूठी बातें फैला रहे हैं।

### मुझे बांग्लादेशी बता रहे हैं लोग

पारो आरती ने आगे कहा, "मुझे लोग बांग्लादेशी बता रहे हैं. लेकिन, मैं बिहार की ही हूं. बांग्लादेशी नहीं. बसंत पंचमी के दिन गुलशन नाम के लड़के ने मेरी मांग में सिंदूर भर दिया। मैं उस लड़के को जानती तक नहीं, वो शराब पीकर स्टेज पर चढ़ा फिर ये हरकत कर दी। अब मैं उसकी पत्नी हूं और उसी के घर में रहूंगी. क्योंकि मेरे आर्केस्ट्रा में डांस करने की बात से पहले ही मेरे घर वाले नाराज हैं. अब वीडियो वायरल हुआ तो वो मुझे घर में भी नहीं आने दे रहे हैं. मैं कहां जाऊं समझ नहीं आ रहा।"

### युवक ने नहीं दिया है कोई जवाब

वीडियो में युवती ने आगे कहा, "मेरे ससुर कह रहे हैं कि मैं पहले से ही शादीशुदा हूं। वो पहले यह बात साबित करें. क्योंकि मेरी पहले कोई शादी नहीं हुई थी। वो कह रहे थे कि उनके बेटे ने मेरी मांग में अबीर डाला था. ये भी झूठ है। उनके बेटे ने मुझसे शादी की है. अब मैं उनके घर की बहू हूं. मैं उनके घर पर ही रहूंगी। अब उनका बेटा भी मेरा फोन नहीं उठा रहा. न ही उसका कुछ पता है मुझे।" बता दें, युवक गुलशन ने अभी तक इस दावे को लेकर कुछ नहीं कहा है।

# बक्सर में 12 साल के बच्चे का पेड़ से लटका मिला शव

**चौसा (बक्सर)।** बक्सर के चौसा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चुन्नी गांव के पश्चिम में स्थित एक बगीचे में मंगलवार की सुबह 12 वर्षीय बच्चे का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

बच्चे की पहचान अशोक गोंड के रूप में हुई। वह स्थानीय निवासी बाबूलाल गोंड का छोटा पुत्र था। वह सोमवार की शाम से लापता था। परिवार ने उसे ढूंढने की बहुत कोशिश की थी। गांव में आई एक बरात में हो रहे कार्यक्रम में भी उसकी गुमशुदगी की घोषणा करवाई गई थी, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया था।

### 20 किलो चावल बेचने की बात पर भाई ने मारा था थप्पड़

उसके बड़े भाई संकट मोचन ने बताया कि अशोक सोमवार दोपहर 20 किलो चावल बेचने के लिए घर से ले जा रहा था। इस पर उसके मंझले भाई गुड्डू ने उसे मना किया और उसे एक थप्पड़ मारा। हालांकि, इसके बाद अशोक की मानसिक स्थिति सामान्य थी। दोपहर तीन बजे वह घर से निकला और फिर गायब हो गया। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर उसकी खोजबीन शुरू की गई। सुबह उसका शव एक पेड़ से पुराने साड़ी के बने फंदे से लटका हुआ मिला। वह तीन भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा था। इस घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस को मौके पर भेजा गया था।

# खुद को हिंदू शेरनी कहने वाली खुशबू पांडेय गिरफ्तार

## अरेस्ट करने के लिए लगानी पड़ी 3 थानों की पुलिस

**जमुई।** जमुई में दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प मामले में तीन थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी करके खुशबू पांडेय को गिरफ्तार कर लिया है। खुद को हिंदू शेरनी कहने वाली खुशबू पांडेय पर भड़काऊ भाषण देने और आपत्तिजनक नारेबाजी करने का आरोप है। खुशबू पांडेय को भारी पुलिस बल के साथ सोमवार की रात करीब 9 बजे गिरफ्तार किया गया।

**खुशबू पांडेय पर भड़काऊ भाषण देने का आरोप**

पुलिस के अनुसार, खुशबू पांडेय पर





झाझा थाना क्षेत्र के बलियाडीह गांव में दो समुदायों के बीच हुए हिंसक झड़प के दौरान भड़काऊ भाषण देने और आपत्तिजनक नारेबाजी करने का आरोप है। कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस टीम द्वारा खुशबू पांडेय का मेडिकल जांच सदर अस्पताल में कराया गया। जमुई हिंसा मामले में बिहार पुलिस के एसआई नंदन राय द्वारा पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया गया था।

## बिहार में NDA में दरार

# आपस में भिड़े JDU विधायक और चिराग के सांसद

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार में इस साल प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) में जुबानी जंग शुरू हो गई है। एक तरफ बड़े नेता इन दिनों हर जिले में जाकर साझा सम्मेलन करके गठबंधन में एकजुटता का संदेश दे रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ खगड़िया में बनने वाले मेडिकल कॉलेज का श्रेय लेने के चक्कर में जिले के जेडीयू विधायक डॉक्टर संजीव कुमार और स्थानीय सांसद एक दूसरे के खिलाफ आग उगल रहे हैं। बिहार के परबत्ता से जदयू विधायक डॉक्टर संजीव ने लोजपा (रामविलास)के सांसद राजेश वर्मा का नाम लिए बिना अपशब्द कहा है। जदयू विधायक ने स्थानीय सांसद को गीदड़, चिरकुट, चोर जैसे शब्दों से नवाजा। विधायक ने कहा कि मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए मैंने मेहनत किया। लेकिन ऐसे लोग जिनका अभी राजनीतिक दूध का दांत भी नहीं टूटा है। वह श्रेय लेने में लगे हैं। वहीं, इसपर पलटवार करते हुए चिराग पासवान के सांसद ने कहा कि रावण का भी घमंड चूर हो गया था।

# AIMIM नेता की हत्या के बाद बवाल

महानगर नेटवर्क

गोपालगंज

गोपालगंज में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी AIMIM के प्रदेश सचिव अब्दुल सलाम उर्फ असलम मुखिया की हत्या के बाद मंगलवार को बवाल मच गया,जिसमें बंजारी बाईपास के पास वर्चस्व की लड़ाई को लेकर दो गुटों के बीच जमकर गोलीबारी और मारपीट हुई। इस घटना के बाद एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें गोलीबारी के बाद एक व्यक्ति हथियार छीनकर भागता हुआ नजर आ रहा है।

**पिस्टल छिन कर फरार**

घायल हनान अहमद का आरोप है कि असलम मुखिया की हत्या के बाद घर से गोपालगंज जाते समय उन पर पिस्टल से हमला किया



गया। हमलावरों से उन्होंने अपनी पिस्टल छीन ली और भाग निकले, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है।

**केस वापस लेने का बनाया दबाव**

वहीं असलम मुखिया के बेटे अनस सलाम ने कहा कि उन पर हत्या का केस वापस लेने का दबाव बनाया गया, जिसके बाद साजिश के तहत उनकी हत्या करने के लिए हमला किया गया। घायल हनान को फिलहाल सदर अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

वहीं सहमद हुसैन ने आरोप लगाया कि आपसी विवाद के चलते उन पर फायरिंग की गई है। कुछ दिन पहले खाना खजाना रेस्टोरेंट के पास खाली जमीन पर आग लगा दी गई थी, जिससे रेस्टोरेंट के कई एसी जल गए थे।

## व्यापार

# डोनाल्ड ट्रंप के कंधों पर होकर सवार, सोना जाएगा एक लाख रुपए के पार



**नई दिल्ली।** सात समुद्र के पार एक देश का राष्ट्रपति दुनिया भर में गोल्ड की कीमत को कंट्रोल करने की तैयारी कर रहा है. जी हां, ये एकदम सच है. दरअसल हम बात कर रहे हैं अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की। अगर वाकई में ट्रंप की चली तो भारत में 1 तोला (10 ग्राम) सोने की कीमत 1 लाख रुपए के पार पहुंच जाएगी. अब आप सोच रहे होंगे कि सात समुद्र पार बैठे डोनाल्ड ट्रंप कैसे ये कारनामा कर सकते हैं और भारत सहित दुनियाभर के देशों में सोने की की कीमत को कंट्रोल कर सकते हैं. तो जनाब थोड़ा सब्र रखिए यहां हम इसके बारे में आपको विस्तार से बताने जा रहे हैं और साथ में ये भी बताएंगे कि कैसे सोने की कीमत 1 लाख रुपए के पार पहुंच सकती हैं।

**न्यूयॉर्क का गोल्ड रिजर्व हुआ दो गुना छ** जब से डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी राष्ट्रपति की गद्दी संभाली है, तभी से उन्होंने लंदन की थ्रेड स्ट्रीट के नीचे दुनिया के सबसे बड़े गोल्ड रिजर्व से अमेरिका का सोना मंगवाना शुरू कर दिया है. इस तरीके से अभी तक 8000 सोने की छड़े अमेरिका के न्यूयॉर्क गोल्ड रिजर्व में पहुंच चुकी हैं और इससे न्यूयॉर्क गोल्ड रिजर्व 17.5 मिलियन ट्रॉय औंस से बढ़कर 34 मिलियन ट्रॉय औंस पर पहुंच गया है।

## कोटक निफ्टी कमोडिटी इंडेक्स फंड लॉन्च

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ("KMAMC" / "कोटक म्यूचुअल फंड") ने कोटक निफ्टी कमोडिटीज इंडेक्स फंड के लॉन्च की घोषणा की, जो एक ओपन-एंडेड स्कीम है जो निफ्टी कमोडिटीज इंडेक्स की नकल/ट्रैकिंग करती है। यह योजना 17 फरवरी से 3 मार्च तक सार्वजनिक सदस्यता के लिए खुली रहेगी। यह फंड निवेशकों को निफ्टी कमोडिटी इंडेक्स को ट्रैक करके कमोडिटी-संचालित व्यवसायों में लगी 30 कंपनियों में निवेश करने का अवसर प्रदान करता है। इस सूचकांक में तेल, धातु, खनन, सीमेंट, बिजली और रसायन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भारत की कुछ सबसे स्थापित कंपनियां शामिल हैं, जो औद्योगिक और आर्थिक विस्तार की रीढ़ हैं।

# द्विपक्षीय कारोबार को दोगुना कर 28 अरब डॉलर तक ले जाएंगे भारत-कतर

**नई दिल्ली।** भारत और कतर ने मंगलवार को अपने संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति जताते हुए कहा कि दोनों देश अगले पांच साल में द्विपक्षीय कारोबार को दोगुना कर 28 अरब डॉलर तक ले जाएंगे। दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने पर सहमति जताई। भारत और कतर के बीच इसी सिलसिले में एक समझौते का भी आदान-प्रदान हुआ। फाइनेंशियल एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के बीच नई दिल्ली में हुई बैठक के बाद इस निर्णय की घोषणा की गई। खबर के मुताबिक, भारत में कतर का निवेश अब 1.5 अरब



डॉलर से ज्यादा हो गया है। कतर का यहां टेलीकॉम, रिटेल और बुनियादी ढांचे में निवेश शामिल है। कतर के हालिया निवेशों में रिलायंस रिटेल वेंचर्स में 1 अरब डॉलर और 2023 में इंडोस्पेस लॉजिस्टिक्स पार्क्स में 393 मिलियन डॉलर शामिल हैं। मौजूदा समय में दोनों देशों के बीच व्यापार लगभग 15 अरब डॉलर का है। दोनों देशों के बीच चर्चा में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और कतर के विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी सहित प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया और व्यापार, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को व्यापक बनाने के तरीकों पर भी चर्चा की।

विदेश मंत्रालय में सीपीवी और ओआईए के सचिव अरुण कुमार चटर्जी ने सवालों के जवाब में कहा कि दोनों पक्षों ने भारत-जीसीसी एफटीए पर चर्चा की और भविष्य में द्विपक्षीय स्तर पर एफटीए की संभावना पर विचार कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बैठक के दौरान ऊर्जा सुरक्षा पर भी चर्चा की गई, जिसमें इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया कि इसे कैसे व्यापक बनाया जाए। दोनों पक्षों ने आय पर करों के संबंध में दोहरे कराधान से बचने और राजकोषीय चोरी को रोकने पर सहमति व्यक्त की।

# बाजार तो बाजार, SIPमें भी आया भूचाल

## जनवरी में 61 लाख लोगों ने बंद किया निवेश

**मुंबई।** शेयर बाजार में भयंकर बिकवाली का दौर हावी है. निवेशकों के हजारों करोड़ रुपये डूब गए हैं. ऐसे में अब निवेशकों का भरोसा म्यूचुअल फंडों से भी उठ रहा है. निवेशक अपनी SIP को रोक रहे हैं. खासतौर पर मिड कैप फंड और स्मॉल कैप फंड पर से लोगों का भरोसा उठ रहा है. जनवरी 2025 में 61 लाख लोगों ने एसआईपी रोक दी है. निवेश बंद कर दिया है. शेयर मार्केट में अनिश्चितता रहती है. ऐसे में लोग अभी तक कम रिस्क वाले म्यूचुअल फंड में निवेश करने की ओर देख रहे थे. मार्केट में यह माना





जाता भी रहा है कि म्यूचुअल फंड में शेयर मार्केट की तुलना में कम रिस्क होता है. लेकिन इन दिनों तो स्मॉल और मिड कैप फंड लाल निशान में हैं. स्मॉल और मिड कैप फंड को लेकर निवेशक परेशान हैं. बाजार में भयंकर बिकवाली का दौर हावी है. मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के मुताबिक, SIP स्टॉपेज रेशियो में बढ़ोतरी देखने को मिली है।

## केबीसी ग्लोबल लिमिटेड ने इक्विटी शेयर जारी करने की मंजूरी दी

**नाशिक।** नाशिक स्थित, केबीसी ग्लोबल लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डीरेक्टर्स ने 15 फरवरी को आयोजित बैठक में 1: 1 के अनुपात में बोनस जारी करने को मंजूरी दे दी है (प्रत्येक 1 रुपये के पूर्ण भुगतान किए गए इक्विटी शेयर के बदले एक बोनस इक्विटी शेयर जारी किया जाएगा)। यह निर्णय कंपनी के शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। कंपनी का लक्ष्य निकट भविष्य में विस्तार योजनाओं गति देना और ऋण कटौती में तेजी लाकर व्यवसाय संचालन में बदलाव लाने का है।

बोर्ड ऑफ डीरेक्टर्स ने अधिकृत पूंजी बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी और केबीसी ग्लोबल लिमिटेड का नाम बदलकर धरन इंफ्रा-ईपीसी लिमिटेड या आरओसी द्वारा अनुमोदित किसी अन्य नाम का प्रस्ताव रखा। कंपनी ने केबीसी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, यूके स्थित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के अध्यक्ष के रूप में श्री नरेश करदा की नियुक्ति को भी मंजूरी दी। कंपनी की ऑर्डर बुक रु. 260 करोड़ से अधिक है और मार्केट कैपिटलाइज़ेशन रु. 300 करोड़ है।

# 250 रुपए की जननिवेश एसआईपी योजना का शुभारंभ

**मुंबई।** एसबीआई म्यूचुअल फंड ने भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से जननिवेश एसआईपी योजना शुरू करने की घोषणा की है। यह योजना सेबी अध्यक्ष माधवी पुरी बूच और भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी की उपस्थिति में शुरू की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विभिन्न श्रेणियों के निवेशकों के लिए म्यूचुअल फंड को अधिक आसान बनाना है। जननिवेश एसआईपी योजना ग्रामीण, अर्ध-शहरी और शहरी क्षेत्रों



में छोटे बचतकर्ताओं के साथ-साथ पहिली बार निवेश करने वाले निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए तैयार की गई है। यह योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देगी।

योजना के शुभारंभ पर बोलते हुए, भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने कहा, "जैसा कि हम सब वित्तीय समावेशन के एक नए चरण में प्रवेश कर रहे हैं, नवाचार और समावेशिता बहुत जरुरी है। हमारा ध्यान विविध वित्तीय विकल्प बनाने, प्रक्रियाओं को सरल बनाने और ऐसी तकनीकों को विकसित करने पर है जो वित्तीय समावेशन को आसान और प्रभावी बनाती हैं। हमारे YONO ऐप पर जननिवेश एसआईपी के माध्यम से, हमारा उद्देश्य वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और जादा से जादा ग्राहकों को नए निवेश अवसर प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है।"

इस अवसर पर बोलते हुए, एसबीआई म्यूचुअल फंड के एमडी और सीईओ नंद किशोर ने कहा, "जननिवेश एसआईपी योजना भारत में धन सृजन को लोकतांत्रिक बनाने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में वापसी की आस हर रोज फीकी हो जा रही है। शेयर मार्केट मंगलवार को फिर फिसल गया और लाल निशान में बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 18 फरवरी को 29.47 अंक लुढ़ककर 75967.39 के लेवल पर आखिर में बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 14.20 अंक कमजोर होकर 22,945.30 के लेवल पर बंद हुआ। बीते सत्र में बाजार ने जोरदार गोता लगाने के बाद



रिकवर करते हुए आखिर में मामूली बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुआ था। आज के सत्र में बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.2 प्रतिशत टूट गया और स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.8 प्रतिशत की गिरावट आई।

## गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स की श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के साथ साझेदारी

**मुंबई।** इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की रफ्तार बढ़ाने के लिए गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत भारतभर में ग्राहकों को खास फाइनेंसिंग सुविधाएं दी जाएंगी। इस पहल का मकसद गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के सभी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर वाहनों, जिनमें कम और ज्यादा गति वाले इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हैं, के लिए आसान फाइनेंसिंग विकल्प उपलब्ध कराना है। यह सुविधा "श्रीराम ग्रीन फाइनेंस" पहल के तहत दी जाएगी।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com

● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# भोजपुरी, अवधी का विरोध कर रहे सपा के लोग : सीएम योगी

## बच्चों को मौलवी बनाना चाहते हैं

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष, विशेष रूप से समाजवादी पार्टी, पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा अपने बच्चों को इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ाएगी और जब सरकार आम जनता के बच्चों को बेहतर सुविधाएं देने की बात करती है, तो ये लोग उर्दू थोपने की वकालत करने लगते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा देश को कठमुल्लापन की ओर ले जाना चाहती है, जो कतई स्वीकार्य नहीं होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की स्थानीय बोलियों भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी को विधानसभा की कार्यवाही में स्थान देने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इन बोलियों को हिंदी की उपभाषाएं मानते हुए सरकार इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार इन भाषाओं के लिए अलग-अलग अकादमियों का गठन कर रही है, ताकि ये समृद्ध हों। ये हिंदी की बेटियां हैं और इन्हें उचित सम्मान मिलना चाहिए। यह सदन केवल विद्वानों के लिए नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग की आवाज को यहां स्थान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी का विरोध कर रहे हैं, वे दरअसल उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के विरोधी हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि इनका चरित्र ही दोहरा हो चुका है।



### हर अच्छे कार्य का विरोध करते हैं समाजवादी

सीएम योगी ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का स्वभाव ही यह बन चुका है कि वे हर अच्छे कार्य का विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि आप लोग प्रदेश और देश के हित में किए जाने वाले हर सकारात्मक कदम का विरोध करते हैं। यह नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा सचिवालय ने जब स्थानीय भाषाओं को मान्यता दी तो समाजवादी पार्टी ने इसका भी विरोध किया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सपा का यह दोहरा रवैया जनता को समझ में आ रहा है और उन्हें समाज के सामने एक्सपोज किया जाना चाहिए।

### कठमुल्लापन की ओर ले जाना चाहती है सपा

सीएम योगी ने कहा कि उनकी सरकार भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इन भाषाओं को सम्मान दिलाने के लिए भोजपुरी अकादमी, अवधी अकादमी और ब्रज अकादमी की स्थापना की जा रही है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी मातृभाषाओं को सहेजें और उन्हें आगे बढ़ाएं। विपक्ष का यह विरोध बताता है कि वे न केवल विकास के विरोधी हैं, बल्कि हमारी संस्कृति के भी विरोधी हैं। ये लोग अपने बच्चों को इंग्लिश स्कूल में पढ़ाएंगे और दूसरे के बच्चे के लिए अगर वह सुविधा सरकार देना चाहती है तो कहते हैं कि नहीं उर्दू पढ़ाओ इसको। यानि ये बच्चों को मौलवी बनाना चाहते हैं। देश को कठमुल्लापन की ले जाना चाहते हैं यह नहीं चल सकता है।

# तीर्थनगरी प्रयागराज में वाहनों की लगी कतार, श्रद्धालु परेशान

## संगम जाने वाले रास्तों पर आस्थावानों का तांता

**महानगर संवाददाता**
**प्रयागराज**

दिव्य और भव्य महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार आ रही है। देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में स्नान करने के लिए आ रहे हैं। पिछले कई दिनों से स्नानार्थियों की अप्रत्याशित भीड़ तीर्थनगरी पहुंच रही है। इस वजह, रेलवे स्टेशन और सड़कों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। तीर्थनगरी में चारों ओर जाम लगा है। सब पैक नजर आ रहा है। दबाव ज्यादा होने के कारण हाईवे पर वाहन रेंग रहे हैं।

मिनटों का सफर घंटों में हो रहा है। श्रद्धालु जाम में फंसने के कारण बेहाल नजर आ रहे हैं। संगम जाने वाले रास्तों पर आस्थावानों का तांता लगा है। सड़कों पर हर तरफ जन ज्वार नजर आ रहा है। संगम जाने और आने वाले सभी रास्ते श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भरे हैं। दिव्य और भव्य महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार आ रही है। देश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में स्नान करने के लिए आ रहे हैं। पिछले कई दिनों से स्नानार्थियों की अप्रत्याशित भीड़ तीर्थनगरी पहुंच रही है। इस वजह, रेलवे स्टेशन और सड़कों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। तीर्थनगरी में चारों ओर जाम लगा है। सब पैक नजर आ रहा है।



# रामलला दर्शन मार्ग पर उड़ रहे ड्रोन को टीम ने गिराया

- मालिक की पहचान हुई, गिरफ्तारी जल्द



**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या में रामलला के दर्शन मार्ग पर उड़ रहे ड्रोन को गिराया गया है। ड्रोन एक शादी समारोह में उड़ाया जा रहा था। भीड़ वाले इलाके में ड्रोन की सूचना पर एंटी ड्रोन सिस्टम से तत्काल ड्रोन को गिरा दिया गया। घटना सोमवार की रात आठ बजे की बताई जा रही है। राम मंदिर को एंटी ड्रोन सिस्टम से लैस किया गया है।

2.5 किमी के क्षेत्र में कहीं भी उड़ रहे ड्रोन को एंटी ड्रोन सिस्टम से गिराया जा सकता है। ड्रोन कैमरा उड़ाने वाले की तलाश में पुलिस जुटी है। बम डिस्पोजल दस्ते ने ड्रोन कैमरे की सघन जांच की है। सब कुछ सामान्य पाया गया। जांच में पता चला है कि ड्रोन राम जन्मभूमि परिसर के आसपास भीड़ का फोटो और वीडियो ले रहा था जो कि एंटी ड्रोन सिस्टम के जरिए नेटवर्क खत्म होने के बाद गिरा था। इसके ओनर की पहचान हो चुकी है। एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

# वीर अब्दुल हमीद का नाम स्कूल से हटाने पर भड़के अखिलेश

## भारत का नाम बदलकर भाजपा रख दें

**महानगर संवाददाता**
**गाजीपुर**

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव वीर अब्दुल हमीद का नाम स्कूल से हटाए जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि गाजीपुर जिले में एक प्राथमिक विद्यालय के प्रवेश द्वार से 1965 के युद्ध के नायक वीर अब्दुल हमीद का नाम हटाया जाना बेहद निंदनीय और अशोभनीय है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि अब भारत का नाम बदलकर 'भाजपा' करना ही बाकी रह गया है।

दरअसल गाजीपुर जिले के धामूपुर गांव के स्कूल की हाल में ही रंगाई-पुताई के बाद उसका नाम बदलकर पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कर दिया गया था। इसे लेकर अखिलेश यादव ने नाराजगी जताई है।

उन्होंने एक खबर का स्क्रीनशॉर्ट शेयर करते हुए एक्स पर लिखा, "ये बेहद निंदनीय और अशोभनीय है कि देश के लिए शहीद होने से अधिक महत्व किसी और को दिया जा रहा है। अब बस यही बाक़ी रह गया है कि कुछ लोग देश का नाम 'भारत' की जगह 'भाजपा' रख दें।" सपा अध्यक्ष ने कहा, "जिन्होंने न आज़ादी दिलाने में कोई भूमिका निभाई, न ही आज़ादी बचाने में वो शहीदों का महत्व क्या जानें।"



शहीद अब्दुल हमीद के परिजनों ने भी स्कूल की बाहरी दीवार और गेट से युद्ध शहीद का नाम हटाए जाने का विरोध किया, जिसमें कभी खुद परमवीर चक्र विजेता शिक्षा हासिल की थी। परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हामिद के पौत्र जमील अहमद ने कहा कि पांच दिन पहले स्कूल की रंगाई-पुताई की गई थी। उन्होंने बताया कि प्रवेश द्वार पर शहीद हमीद विद्यालय की जगह पीएम श्री कम्पोजिट स्कूल लिख दिया गया। गाजीपुर के धामूपुर स्थित परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद विद्यालय का नाम बदलकर पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय करने का कांग्रेस ने भी विरोध किया है।

कांग्रेस के वाराणसी अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने इसे शहीदों का अपमान करार दिया। उन्होंने कहा कि 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अमेरिका के अजय समझे जाने वाले सात पैटन टैंकों को धवस्त करने वाले परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद का नाम हटाया जाना दुखद है। जबकि वीर अब्दुल हमीद इसी विद्यालय के विद्यार्थी थे। आज भी विद्यालय के रजिस्टर में उनका नाम दर्ज है।

# कुंभ में सनातन के नाम पर हुआ धन का दुरुपयोग : शिवपाल यादव

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**



उत्तर प्रदेश विधानसभा बजट सत्र की शुरुआत जबरदस्त हंगामे के साथ हुई। समाजवादी पार्टी के विधायकों ने सदन की शुरुआत होने के साथ ही जोरदार हंगामा किया, जिसकी वजह से राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का अभिभाषण भी नहीं हो पाया और सदन को 12.30 बजे तक स्थगित करना पड़ा। जिस पर सपा नेता शिवपाल यादव ने प्रतिक्रिया दी और कहा कि ये सरकार झूठी हैं. वो झूठा भाषण पढ़ रही थीं, इसलिए उन्होंने उसे पूरा नहीं पढ़ा।

शिवपाल यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण पर कहा कि "ये सरकार का बनाया हुआ पूरा झूठा भाषण था। इसलिए राजपाल महोदय ने इस झूठे भाषण को पूरा पढ़ा ही नहीं और सपा विधायकों की जो मांग की थी कि इस झूठे भाषण को न पढ़ा जाए तो उन्होंने इस बात को माना और इसलिए नहीं पढ़ा और वो चली गईं। सपा नेता ने योगी सरकार को झूठा बताया और कहा कि ये अनैतिक सरकार है जो कुंभ की व्यवस्था और श्रद्धा के बीच समन्वय नहीं बना सकी है। सपा नेता ने कहा कि कुंभ में सनातन के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है और ये खुद सनातनी नहीं है। भारतीय जनता पार्टी के लोग ढोंगी हैं।

# पत्नी को लाने पहुंचे पति को ससुराल वालों ने पीटा

## आहत होकर युवक ने की आत्महत्या

**महानगर संवाददाता**
**बरेली**

यूपी के बरेली से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां, पत्नी को लाने ससुराल पहुंचे युवक की पिटाई कर दी गई। फिर दहेज में दी गई बाइक भी छीन ली। इससे आहत होकर युवक ने अपने घर आकर फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने बताया कि एक साल पहले बेटे की शादी हुई थी। उसकी पत्नी मायके में ही बनी रहती थी। विदा कराने को पंचायत तक करानी पड़ी, जब आई तो जेवर लेकर मायके चली गई थी। ये मामला मोहनपुर का है। रामकेशन सक्सेना के 25 साल के बेटे रोहित सक्सेना की शादी एक साल पहले कस्बा बंडा के रहने वाली सुधा के साथ हुई थी। रामकेशन ने बताया कि बेटे रोहित की शादी के बाद बहू अधिकांश मायके में रहती थी। तीन महीने पूर्व बेटा बहू को विदा कराने ससुराल गया था तो ससुराल वालों ने उसके साथ पिटाई की थी, जिस पर पंचायत के बाद बहू घर आई थी।



इसके बाद फिर से बहू अपने मायके चली गई थी, साथ में जेवरात ले गई। सोमवार को रोहित ससुराल अपनी पत्नी सुधा को लेने गया था। आरोप है कि ससुराल वालों ने रोहित से कहासुनी होने पर बाइक छीन ली और पिटाई की। इसके बाद वापस घर लौट आया था।

# बेटों ने मिलकर कूचा पिता का सिर, मौत

**कुशीनगर।** रिश्ते को शर्मसार करने वाली एक घटना यूपी के कुशीनगर से सामने आई है। यहां जमीन बेचने से नाराज तीन बेटों ने रिश्ते की परवाह छोड़ अपने ही पिता के सिर को ईंट कूच डाला। हत्या के बाद तीनों आरोपी बेटे मृतक के शव को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। इस घटना को लेकर क्षेत्र में तमाम तरह की चर्चाएं हो रही हैं। मंगलवार को कुशीनगर के नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड नंबर 11 वैष्णव नगर, भटवलिया नंबर 2 में यह बेहद शर्मनाक घटना घटित हो गई।

# संभल हिंसा के बाद सैकड़ों घरों पर अब भी ताले

## लापता लोगों के हिंसा में शामिल होने की आशंका

**महानगर संवाददाता**
**संभल**

संभल में शाही जामा मस्जिद हिंसा के बाद शहर में सैकड़ों घरों पर अब भी ताले लटके हैं। कुछ लोग पुलिस की कार्रवाई पर प्रश्न उठा रहे हैं कि पुलिस के कारण लोग पलायन कर गए हैं लेकिन एसपी ने इससे इनकार करते हुए कहा कि हिंसा के बाद वही लोग फरार हैं, जो संभवतः हिंसा में शामिल थे। वे गिरफ्तारी के डर से गायब हैं।

शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान 24 नवंबर को हिंसा हुई थी। जिसमें चार युवकों की मौत हुई थी जबकि पुलिस व प्रशासनिक अफसरों समेत



29 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। शहर के कोट गर्बी और दीपा सराय



मोहल्लों में हिंसा के बाद बड़ी संख्या में लोग अपने घरों से गायब हो गए हैं। इन इलाकों में सैकड़ों घरों पर अब भी ताले लटके हुए हैं। पुलिस का मानना है कि गायब लोग ही हिंसा में शामिल हो सकते हैं। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा कि जो लोग हिंसा के बाद लापता हुए हैं, उनके हिंसा में शामिल होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि पुलिस इन लोगों की पहचान कर रही है और जल्द ही उनके ठिकाने का पता लगाया जाएगा। हम सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर जांच कर रहे हैं।

# महाकुंभ में नहाने लायक नहीं है संगम का पानी : रिपोर्ट



**प्रयागराज।** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की एक रिपोर्ट के माध्यम से सोमवार को राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को सूचित किया गया कि प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान विभिन्न स्थानों पर अपशिष्ट जल का स्तर स्नान के लिए प्राथमिक जल गुणवत्ता के अनुरूप नहीं है. सीपीसीबी के अनुसार, अपशिष्ट जल संदूषण के सूचक 'फेकल कोलीफॉर्म' की स्वीकार्य सीमा 2,500 यूनिट प्रति 100 एमएल है.

एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल की पीठ प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों में अपशिष्ट जल के बहाव को रोकने के मुद्दे पर सुनवाई कर रही थी. पीठ ने कहा कि सीपीसीबी ने तीन फरवरी को एक रिपोर्ट दाखिल की थी, जिसमें कुछ गैर-अनुपालन या उल्लंघनों की ओर इशारा किया गया. रिपोर्ट में कहा गया है, 'नदी के पानी की गुणवत्ता विभिन्न अवसरों पर सभी निगरानी स्थानों पर अपशिष्ट जल 'फेकल कोलीफॉर्म' के संबंध में स्नान के लिए प्राथमिक जल गुणवत्ता के अनुरूप नहीं थी. प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान बड़ी संख्या में लोग नदी में स्नान करते हैं।

# मायावती पर अभद्र टिप्पणी के खिलाफ बसपाइयों का प्रदर्शन

## उदित राज को गिरफ्तार करने की मांग

**महानगर संवाददाता**
**लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती पर अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में बसपा समर्थकों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस नेता डॉ उदित राज के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने और गिरफ्तार करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों अपनी मांग से संबंधित ज्ञापन राज्यपाल को प्रेषित किया।

बसपा अध्यक्ष मायावती का अपमान किए जाने के विरोध में युवा साथी टीम के बैनर तले हजरतगंज चौराहे पर एकत्र हुए बसपा समर्थकों ने कांग्रेस नेता उदित राज के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने उदितराज पर मायावती को धमकी देने और उनके खिलाफ अपशब्द कहे जाने का आरोप लगाया। प्रदर्शन में शामिल डॉ अनूप अंबेडकर ने कहा कि मायावती बहुजन समाज की सर्वमान्य नेता ही नहीं, बल्कि इस देश के करोड़ों मजलूमों, कमजोरों और शोषितों के लिए मसीहा स्वरूप हैं। व ो भारतीय राजनीति की सम्मानित शख्सियत हैं। उन्होंने कहा कि मायावती प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रहने के साथ विधानसभा, राज्यसभा और लोकसभा को भी अपनी उपस्थिति से सुशोभित करती रहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता उदित राज ने सोमवार को एक इंटरव्यू के दौरान मायावती को अति निंदनीय भाषा में धमकी देते हुए कहा था कि मायावती का गला घोंटने का वक्त आ गया है। उन्होंने उदितराज के बयान को बहुजन समाज और मायावती का अपमान करार दिया। कहा कि इससे बहुजन समाज में रोष व्याप्त है।



# पक्ष-विपक्ष के बीच तकरार से जनता को राहत नहीं

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने बजट सत्र के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच की तकरार को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि नारेबाजी के बीत सदन तो हंगामेदार रहा लेकिन, इससे शोषित और पीड़ित जनता को क्या मिलेगा। यूपी में गरीबी, बेरोजगारी समेत कई समस्याएं हैं जिसके लिए बजट का आवंटन करना जरूरी है। बसपा सुप्रीमों ने मांग की सरकारी धन का सही उपयोग हो। वहीं उन्होंने महाकुंभ को लेकर भी अपनी बात कही। बसपा सुप्रीमो ने यूपी विधानसभा में हुए हंगामे को लेकर एक्स पर लिखा- 'राज्यपाल महोदया के अभिभाषण से आज से शुरू हुआ उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र जनहित व के मुद्दों को लेकर बात हो।

# ननद की शादी तय होते ही भाभी ने रची साजिश

## भाई के साथ मिलकर ससुराल में ही कर दिया कांड



**हरदोई।** यूपी के हरदोई से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां ननद की शादी तय होने पर भाभी ने भाई और पड़ोसी महिलाओं के साथ मिलकर साजिश रच डाली। भाभी ने अपने ही गहने छिपाकर चोरी होने का हंगामा किया। मामला जब पुलिस तक पहुंचा तो मामले का खुलासा हुआ। दरअसल महिला को शक था कि उसकी सास उसके गहने बेटी को दे देंगी।

ये मामला मोहल्ला प्रेम नगर का है। जहां सोमवार को पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा कर दिया। पीड़िता की बहू ने ही अपने भाई समेत पड़ोस की दो महिलाओं के साथ मिलकर जेवर छिपाए थे। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर माल भी बरामद कर लिया। सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने बताया कि 12 फरवरी को सुरसा थानाक्षेत्र के झिनवा गांव के रहने वाले मातादीन की पत्नी वीरावती ने तहरीर देकर बताया था कि मोहल्ला प्रेम नगर स्थित उसकी बहू के घर से नगदी और आभूषण चोरी हो गए। इस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच करने में जुट गई।

# बलिया रेलवे स्टेशन पर कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन में बम होने की सूचना, मचा हड़कंप

**महानगर संवाददाता**
**बलिया**

यूपी के बलिया में बलिया रेलवे स्टेशन पर लोकमान्य तिलक टर्मिनस के लिए बलिया से चलने वाली कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन में बम होने की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। प्रयागराज के कंट्रोल रूम से ट्रेन में बम होने की सूचना के बाद डिस्ट्रिक्ट पुलिस और जीआरपी के साथ आरपीएफ संयुक्त टीम ने ट्रेन को यार्ड में ले जाकर चेक किया।

इस दौरान बम निरोधक दस्ता को भी सूचित किया गया। क्षेत्राधिकारी श्यामकांत की माने तो कंट्रोल रूम प्रयागराज से सूचना आई थी। उन्होंने बताया कि डिस्ट्रिक्ट पुलिस, जीआरपी और आरपीएफ बलिया द्वारा कोआर्डिनेशन बनाकर हम लोग मौके पर पहुंचे और ट्रेन को यार्ड में पहुंचाया गया। इसके बाद ट्रेन की विधिवत चेकिंग की गई। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि हम लोग S.H.M.D. इत्यादि इक्विपमेंट के साथ यहां आये और इसको प्रॉपर चेक कर लिया गया। इसके अलावा हम लोग ने बी.डी.एस. को भी सूचना दी और वो लोग भी आ रहे हैं। अभी तक ऐसी कोई सूचना, ऐसी कोई दिक्कत नहीं है। ट्रेन में मौजूद पुलिसकर्मियों और जांच दल पूरे ट्रेन की जांच कर रहा है। ट्रेन खाली होने की वजह से जांच में आसान रही। बीते करीब एक साल में ऐसे कई मामले सामने आए हैं। कई मौकों पर बम से उड़ाने की धमकी के मैसेज और कॉल आए हैं।



# योगी कारपोरेशन संस्था बना ठगी करने वालों पर गैंगस्टर

**महानगर संवाददाता**
**गोरखपुर**

योगी कारपोरेशन ऑफ इंडिया के नाम से फर्जी संस्था बनाकर ठगी करने वाले गोरखपुर के गिरोह के कथित सीईओ और निदेशक पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया गया है। दोनों को करीब एक वर्ष पहले गोरखनाथ पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था। ये संस्था का सदस्य, पदाधिकारी बनाने तथा सरकारी विभागों में काम करवाने का झांसा देकर जालसाजी करते थे। अब पुलिस इन पर गैंगस्टर की कार्रवाई कर अवैध कमाई का ब्योरा जुटा रही है। फर्जी संस्था का सीईओ केदारनाथ महराजगंज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र सतगुरु मुजुरी बाजार, जबकि निदेशक हर्ष चौहान उर्फ योगी हर्षनाथ मधुबन वाबूधाम जिला गाजियाबाद का रहने वाला है। जांच में सामने आया था कि ये पहचान पत्रों की कूटरचना कर लोगों से जालसाजी करते थे। योगी कारपोरेशन ऑफ इण्डिया नामक संस्था बनाकर सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को भ्रमित करते हुए संस्था की सदस्यता व पदाधिकारी का कार्ड बनाने के नाम पर वसूली करते थे। यह गिरोह 1100 रुपये में संस्था का सदस्य बनाता और आईकार्ड जारी करता था। केदारनाथ और हर्ष चौहान ने कई लोगों से ठगी की है। पुलिस ने केदारनाथ को गिरोह का सरगना बनाया है। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि फर्जी संस्था बनाकर जालसाजी करने के आरोपितों पर गैंगस्टर का केस किया गया है।

# महाशिवरात्रि से पहले काशी विश्वनाथ में श्रद्धा का सैलाब

**महानगर संवाददाता**
**वाराणसी**

श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में महाकुंभ पलट प्रवाह के 35वें दिन मंगलवार को सुबह से 12 बजे तक दो लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिया। भोर में मंगला आरती के बाद से ही भक्तों की लाइनें गोदौलिया और मैदागिन तक लगी रहीं। वहीं वीआईपी और प्रोटोकॉल दर्शन भी हो रहे हैं। गर्भगृह के एक द्वार से डबल लाइन में भक्तों को दर्शन कराकर भीड़ प्रबंधन किया जा रहा है।

मंदिर सीईओ विश्वभूषण मिश्रा ने कहा कि गर्भगृह के एक द्वार से दो दो लाइनों में लगे भक्तों को दर्शन कराया जा रहा है। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा के पहल पर ये व्यवस्था लागू की गई है। इससे ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं को दर्शन कराया जा पा रहा है। इसमें एक लाइन में लगे मंदिर के सामान्य श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। वहीं दूसरी लाइन में आने वाले भक्तों को सीढ़ीदार प्लेटफॉर्म बनाकर गर्भगृह के बाहर से झांकी दर्शन कराया जा रहा है। ऐसे में एक समय में एक गेट से दो लाइनों में लगे श्रद्धालुओं को दर्शन करा दिया जा रहा है।



विदाई से पहले बोले राजीव कुमार

# जिसे नतीजे पसंद नहीं वो ECI को बलि का बकरा बना देता है

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारत के नए CEC यानी मुख्य चुनाव आयुक्त का ऐलान हो गया है। अब केरल कैडर के IAS अधिकारी ज्ञानेश कुमार जिम्मेदारी संभालेंगे। अब तक इस पद पर कार्यरत राजीव




कुमार ने सोमवार को विदाई संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को 'बली का बकरा' बनाया जाता है। साथ ही उन्होंने कहा है कि अगर कोई राजनीतिक दल चुनाव हार जाता है, तो चुनाव आयोग को जिम्मेदार बताने की आदत खत्म होनी चाहिए।

कुमार ने कहा, 'एक संस्थान के रूप में आयोग को कई बार अनुचित तरीके से उन लोगों की तरफ से जिम्मेदार बताया जाता है, जो चुनाव के नतीजे स्वीकार नहीं करना चाहते। एक चिंता इस प्रवृत्ति का बढ़ना भी है कि चुनाव लड़ने के बाद चुनाव अधिकारियों को निशाना बनाया जाता है। इस अपनी सुविधा से बली का बकरा बना लिया जाता है।' उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल चुनाव प्रक्रिया के हर स्तर पर तैयारियों में शामिल होते हैं, जिसमें पूरी पारदर्शिता होती है और तब आपत्तियां नहीं उठाई जाती। लेकिन बाद में संदेह किया जाता है, जो गलत है। खास बात है कि विपक्ष आरोप लगाता रहा है कि निर्वाचन आयोग भारतीय जनता पार्टी का समर्थन करता है। हालांकि, इन आरोपों का आयोग ने बार-बार खंडन किया है।

# प्रधानमंत्री मोदी करेंगे दो दिवसीय सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव का उद्घाटन

## 21 फरवरी से शुरू होगा कार्यक्रम, मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे भूटान के प्रधानमंत्री

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में शुक्रवार, 21 फरवरी को सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण के उद्घाटन सत्र में भूटान के प्रधानमंत्री महामहिम डेशो शेरिंग तोबगे बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। कॉन्क्लेव का उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। भूटान के अनूठे ग्रॉस नेशनल हैप्पीनेस इंडेक्स के समर्थक महामहिम तोबगे ने संयुक्त राष्ट्र, टेड और कई अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर नेतृत्व, संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, गरीबी, लोकतंत्र और हैप्पीनेस पर अपने विचार साझा किए हैं। सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव में अपने संबोधन में वह अपने जीवन के अनुभवों के आधार पर लीडरशिप के बारे में अपने विचार साझा करेंगे। उल्लेखनीय है कि वह संसदीय लोकतंत्र की दिशा में भूटान की यात्रा में अहम योगदानकर्ता रहे हैं। उन्होंने भूटान की पहले पंजीकृत राजनीतिक दल पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की स्थापना में अहम भूमिका निभाई थी और अभी पार्टी के प्रेसिडेंट हैं।



स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (सोल) निजी फंडिंग से संचालित किया जाने वाला प्रीमियर लीडरशिप इंस्टीट्यूट है, जिसे गांधीनगर, गुजरात में स्थापित किया गया है। सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित नेतृत्वकर्ता एक मंच पर आएंगे। इनमें राजनीति, खेल, कला, मीडिया, व्यवसाय, सार्वजनिक नीति और सामाजिक क्षेत्र शामिल हैं। कॉन्क्लेव में सभी नेतृत्वकर्ता अपनी व्यक्तिगत नेतृत्व यात्राओं को साझा करेंगे, सारगर्भित बातचीत में शामिल होंगे और अगली पीढ़ी के विचारकों एवं कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने के लिए उन्हें ट्रांसफॉर्मेटिव लीडरशिप एक्सपीरियंस प्रदान करेंगे।

21 और 22 फरवरी, 2025 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा, जो नेतृत्व के बारे में विमर्श का नया अध्याय शुरू करेगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम में खुलकर बातचीत होगी और सारगर्भित सत्र आयोजित होंगे, जहां वक्ता सफलताओं और असफलताओं के साथ अपनी नेतृत्व यात्रा के महत्वपूर्ण क्षणों को साझा करेंगे। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य पारंपरिक ज्ञान को चुनौती देना, जुनून जगाना और अगली पीढ़ी के नेतृत्वकर्ताओं को एक उज्ज्वल, अधिक समावेशी भविष्य के लिए साहसपूर्वक सोचने और उद्देश्यपूर्ण कार्य करने के लिए सशक्त बनाना है।

# 20 को दिल्ली सरकार का शपथ ग्रहण

- समय बदला: अब रामलीला मैदान में सुबह 11 बजे समारोह
- आज विधायक दल की बैठक में चुना जाएगा CM

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा चुनाव रिजल्ट के 12 दिन बाद 20 फरवरी को नए मुख्यमंत्री रामलीला मैदान में शपथ लेंगे। सूत्रों के मुताबिक शपथ ग्रहण समारोह के समय में बदलाव हुआ है। शपथ समारोह 4:30 बजे की जगह अब 11 बजे होगा। हालांकि, भाजपा ने अब तक CM फेस तय नहीं किया है। पार्टी विधायक दल की बैठक 19 फरवरी को 3:30 बजे बुलाई गई है, जिसमें CM की घोषणा होगी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने आज रामलीला मैदान का निरीक्षण किया। चुघ ने कहा कि उप राज्यपाल वीके सक्सेना भी तैयारियों पर नजर रखे हैं। उन्होंने कहा कि शपथ समारोह भव्य और ऐतिहासिक होगा। भाजपा सूत्रों के मुताबिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम



दिल्ली के रामलीला मैदान में होगा। इसमें प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्री, भाजपा और NDA शासित 20 राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी CM शामिल होंगे। इसके अलावा उद्योगपति, फिल्म स्टार, क्रिकेट खिलाड़ी, साधु-संत और राजनयिक भी आएंगे। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली के 12 से 16 हजार लोगों को भी बुलाने की तैयारी की गई है। कार्यक्रम की व्यवस्था की देखरेख के लिए भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और तरुण चुघ को प्रभारी बनाया गया है।

# तमिलनाडु में हिंदी को लेकर छिड़ा घमासान

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने डीएमके और अन्य द्रविड़ पार्टियों द्वारा सरकारी स्कूलों में तीन भाषाओं को मुफ्त में सीखने के अवसर के विरोध पर कड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह नीति राज्य के छात्रों को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर बेहतर भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करेगी। अन्नामलाई ने डीएमके के लंबे समय से चले आ रहे तीन भाषा नीति के विरोध पर सवाल उठाया और कांग्रेस पर 1965 में तमिलनाडु में एक भाषा थोपने की "ऐतिहासिक गलती" करने का आरोप लगाया। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष ने कहा, "इंडिया गठबंधन के दल केंद्र सरकार पर हिंदी थोपने का झूठा आरोप लगाकर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार ने कभी हिंदी थोपने का प्रयास नहीं

**भाजपा ने रखी 'तीन भाषा नीति' लागू करने की मांग**



किया। अगर आपको हिंदी नहीं सीखनी तो कोई और भाषा सीखिए। लेकिन छात्रों को भ्रमित करने की यह राजनीति ठीक नहीं।"

उन्होंने आगे कहा कि राज्य में निजी स्कूलों के छात्रों की संख्या सरकारी स्कूलों से अधिक हो गई है, जिससे राज्य सरकार की शिक्षा नीति की विफलता साफ झलकती है। भाजपा नेता ने तमिलनाडु में 100 केंद्रीय विद्यालय (केवी) स्थापित करने की मंशा जाहिर की और कहा, "क्या स्कूल शिक्षा मंत्री अंबिल महेश पोय्यामोझी इसके लिए भूमि आवंटित करने को तैयार होंगे?"

**भाजपा का बड़ा अभियान**

अन्नामलाई ने घोषणा की कि मार्च से भाजपा पूरे राज्य में तीन महीने का हस्ताक्षर अभियान चलाएगी, जिसमें माता-पिता से भाषा शिक्षा को लेकर उनकी राय ली जाएगी। उन्होंने कहा, "हम जनता की राय जुटाकर राष्ट्रपति से मिलेंगे और भाजपा के प्रतिनिधियों को इसका ज्ञापन सौंपेंगे।" इसके साथ ही उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि यदि तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री किसी अन्य राज्य में तमिल शिक्षकों की मांग करते हैं, तो वे दिल्ली जाकर इसे पूरा कराने का प्रयास करेंगे।

अन्नामलाई ने यह भी कहा कि 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में भाजपा तीन भाषा नीति को अपने प्रमुख एजेंडे के रूप में लेकर चुनाव लड़ेगी।

# झारखंड में गुटखा और पान मसाले पर बैन

## हेमंत सरकार का ऐलान- पकड़े जाने पर सख्त ऐक्शन

**रांची।** झारखंड में तंबाकू या निकोटिन युक्त गुटखा और पान मसाले को पूरी तरह बैन कर दिया गया है। राज्य सरकार ने इनके उत्पादन, बिक्री और भंडारण पर प्रतिबंध लगा दिया है। राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक यह रोक फिलहाल एक साल के लिए लगाई गई है। इस आदेश का उल्लंघन करने पर सख्त ऐक्शन की बात कही गई है। स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याणा मंत्रालय के एडिशनल चीफ सेक्रेट्री की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि तंबाकू और निकोटीन युक्त सभी गुटखा और पान मसाले के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और वितरण जैसी गतिविधियों पर यह रोक रहेगी। आदेश में कहा गया है कि जन स्वास्थ्य के हित में यह फैसला लिया गया है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इस बड़े फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्वस्थ झारखंड के सपने को साकार करने के लिए यह कठोर कदम उठाया गया है। यह प्रतिबंध केवल एक नियम नहीं, बल्कि झारखंड के युवाओं को नशे की जकड़ से बचाने की क्रांतिकारी पहल है। मंत्री डॉ. अंसारी ने कहा, 'स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गुटखा और पान मसाले के कारण कैंसर जैसी घातक बीमारी तेजी से बढ़ रही है। हमारे युवा धीरे-धीरे मौत की ओर बढ़ रहे हैं, और मैं अपनी आंखों के सामने उन्हें मरते नहीं देख सकता।

# आधी रात में चुना मुख्य चुनाव आयुक्त

## SC के आदेश की अनदेखी | राहुल गांधी ने सौंपा असहमति पत्र

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) के रूप में ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति के एक दिन बाद, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष (LoP) राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को असहमति पत्र सौंपा है। बता दें कि विपक्ष का नेता होने के नाते राहुल गांधी चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए गठित चयन समिति के सदस्य भी हैं। उन्होंने इस पत्र को सार्वजनिक करते हुए सरकार पर चुनाव आयोग की स्वतंत्रता को कमजोर करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर पोस्ट करते हुए लिखा, "चुनाव आयुक्त के चयन के लिए गठित समिति की बैठक में, मैंने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री



को असहमति पत्र सौंपा। इसमें मैंने स्पष्ट किया कि एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव आयोग के लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलू यही है कि चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की प्रक्रिया कार्यपालिका के प्रभाव से मुक्त हो।"

**सीजेआई को समिति से हटाने पर उठाए सवाल**

राहुल गांधी ने अपने पत्र में यह भी कहा कि सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अनदेखी करते हुए मुख्य न्यायाधीश (CJI) को चयन समिति से हटा दिया। उन्होंने लिखा, "सीजेआई को समिति से हटाकर मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया है। इससे देश के करोड़ों मतदाताओं की चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर चिंताएं और गहरी हो गई हैं।"

**मध्यरात्रि में CEC की नियुक्ति पर सरकार पर हमला**

राहुल गांधी ने मंगलवार आरोप लगाया कि ऐसे समय मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन का निर्णय आधी रात को लेना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के लिए गरिमा के प्रतिकूल है, जब चयन समिति की संरचना और प्रक्रिया को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है और 48 घंटे से भी कम समय में सुनवाई होनी है।

# कतर की जेल में बंद 600 भारतीय

**एक नौसेना अधिकारी अभी भी कैद**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-सानी के बीच मंगलवार को हुई उच्च-स्तरीय वार्ता में भारत और कतर के द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने पर सहमति बनी। दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और लोगों से लोगों के संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-कतर संबंधों को "रणनीतिक साझेदारी" के स्तर तक ले जाने का फैसला किया। कतर के अमीर दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर सोमवार को भारत पहुंचे। दोनों देशों के बीच हुई बातचीत की जानकारी देते हुए भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि कतर में अभी भी 600 भारतीय बंद हैं। इसके अलावा, एक भारतीय नौसेना का अधिकारी भी कतर की कैद में है। भारत के विदेश मंत्रालय में सचिव (CPV & OIA) अरुण कुमार चटर्जी ने बताया कि कतर में अब भी एक भारतीय नौसेना अधिकारी जेल में बंद हैं और उनका मामला वहां की स्थानीय अदालतों में लंबित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमीर और उनकी सरकार द्वारा भारतीय नागरिकों के संरक्षण और कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। हालांकि विदेश मंत्रालय के सचिव ने सीधे तौर पर ये नहीं बताया कि क्या पीएम मोदी और कतर के अमीर के बीच भारतीय नौसेना के अधिकारी को लेकर कोई बातचीत हुई या नहीं। इस बीच पिछले साल दोहा में लगभग 18 महीने की कैद के बाद लौटे सात पूर्व भारतीय नौसेना अधिकारियों ने खाड़ी देश में फंसे अंतिम भारतीय को वापस लाने की मांग की है।

# हैदराबाद-फॉर्च्यूनर-BMW से स्टंट करने वाले 2 छात्र गिरफ्तार

## पहचान छिपाने के लिए कारों की नंबर प्लेट हटाई थी

**तेलंगाना।** हैदराबाद पुलिस ने सड़क पर कार से खतरनाक स्टंट करने वाले दो छात्रों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों छात्र हैदराबाद की आउटर रिंग रोड पर फॉर्च्यूनर और BMW से खतरनाक स्टंट कर रहे थे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। छात्रों ने अपनी कारों की नंबर प्लेटें हटा दी थीं, ताकि उनकी पहचान न हो सके। हालांकि, सीसीटीवी कैमरों में उनके चेहरे कैद हो गए। 17 फरवरी को दोनों छात्रों को अरेस्ट कर लिया गया। साथ ही उनकी गाड़ियां भी जब्त कर लीं। स्टंट की घटना 9 फरवरी की है। वीडियो में एक फॉर्च्यूनर कार को आउटर रिंग रोड पर गोल-गोल घूमते हुए देखा गया। BMW से भी ऐसा ही स्टंट किया जा रहा था। स्टंट का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मंदिरो का महाकुंभ

# आयटीसीएक्स 2025 में आंध्र प्रदेश महाराष्ट्र और गोवा के मुख्यमंत्री एक मंच पर

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

तिरुपति के आशा कन्वेन्शन सेंटर में 17 फरवरी को सम्पन्न हुए "आंतरराष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन और प्रदर्शनी 2025 यानी आयटीसीएक्स 2025 के उद्घाटन समारोह में भारत के मंदिरों के विरासत को पुनः जागृत करने की मुहिम पर प्रतिष्ठित व्यक्तित्व, मीडिया, भक्त और भागीदार एकत्र हुए थे। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम आयटीसीएक्स के अध्यक्ष और महाराष्ट्र विधान परिषद के मुख्य प्रतोद प्रसाद लाड और आयटीसीएक्स और टेम्पल कनेक्ट के संस्थापक गिरीश कुलकर्णी की अगुवाई में आयोजित किया गया और अंत्योदय प्रतिष्ठान के सहयोग से हो रहा है

कार्यक्रम का प्रारंभ पनवेल, नवी मुंबई के युवा नाद ढोल ताशा पथक के वादन से हुआ। रंग-बिरंगे पोशाकों



में युवा छात्रों के द्वारा किए गए वादन ने सभा में सकारात्मकता का संचार किया। श्री हरि गोविंद' का मंत्र आसमान में गूंजता रहा। इस वादन से महाराष्ट्र की प्राचीन परंपराओं को पुनर्जीवित किया गया।

दुनिया के सबसे बड़े मंदिर उत्सव की शुरुआत पुजारी महाराज ने गणेश स्थापना, आशीर्वचन और गणपति अथर्वशीर्ष पाठ से की, जिससे सभा में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। मान्यवरों ने दीप प्रज्वलित कर ईश्वर और पुजारी महाराज का आशीर्वाद लिया।

दीप प्रज्वलन के साथ ही इस समारोह के आध्यात्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए देश के सर्वोच्च कार्यालय से एक विशेष पत्र प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'आयटीसीएक्स 2025 - मंदिरों का महाकुंभ' पर अपने संदेश में धन्यवाद व्यक्त किया।

# केरल में स्टूडेंट को थूक मिलाकर पिलाया पानी

## घुटने पर बैठाकर पीटा, 7 स्टूडेंट सस्पेंड

## राज्य में एक हफ्ते में रैगिंग का तीसरा मामला

**महानगर नेटवर्क**

**तिरुवनंतपुरम**

केरल के तिरुवनंतपुरम में एक सरकारी कॉलेज के छात्र ने रैगिंग का आरोप लगाया है। उसने दावा किया कि सीनियर्स ने उसकी बेरहमी से पिटाई की। कार्यावत्तोम सरकारी कॉलेज में फर्स्ट ईयर के बायोटेक्नोलॉजी के छात्र बिन्स जोस ने मंगलवार को बताया, '11 फरवरी को कैंपस में 7 सीनियर छात्रों के समूह ने उसकी मेरी पिटाई की। मेरा उत्पीड़न किया और धमकी भी दी।' कोट्टायम के सरकारी नर्सिंग कॉलेज में छात्र का क्रूर तरीके से शारीरिक उत्पीड़न का मामला केरल में व्यापक जन आक्रोश का मुद्दा बना हुआ है और इसी बीच यह नई घटना सामने आई है।पीड़ित स्टूडेंट की शिकायत पर 7 सीनियर स्टूडेंट्स को सस्पेंड कर दिया गया। पुलिस ने भी केस दर्ज



कर लिया है। केरल में एक हफ्ते में रैगिंग का यह तीसरा केस है।

बिन्स जोस ने बताया कि उसने मारपीट के दिन ही पुलिस और कॉलेज प्रशासन के समक्ष शिकायत दर्ज करा दी थी। पीड़ित ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया, 'यह घटना उस समय हुई जब मैं और मेरा दोस्त अभिषेक कैंपस से गुजर रहे थे। तभी सीनियर छात्रों के समूह ने हमें रोक लिया और मुझे पीटना शुरू कर दिया। मेरा दोस्त किसी तरह वहां से भाग निकला और प्रिंसिपल को इसकी जानकारी दी।'

# पाकिस्तान से निकलने जा रहा एक और 'बांग्लादेश'

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

पाकिस्तानी सांसद मौलाना फजल-उर-रहमान ने संसद में एक बड़ा बयान देते हुए कहा है कि पाकिस्तान से एक और 'बांग्लादेश' निकलने जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि बलूचिस्तान प्रांत के पांच से सात जिले खुद को स्वतंत्र घोषित कर सकते हैं। रहमान ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध का जिक्र करते हुए चेतावनी दी कि यदि पाकिस्तान की सत्तारूढ़ सरकारों की मानसिकता नहीं बदली, तो बलूचिस्तान में भी बांग्लादेश जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। फजल-उर-रहमान ने पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कहा कि यदि बलूचिस्तान के ये जिले स्वतंत्रता की घोषणा करते हैं, तो संयुक्त राष्ट्र उनकी मुक्ति को मान्यता दे सकता है। उन्होंने कहा, अगर बलूचिस्तान के



जिले स्वतंत्रता की घोषणा करते हैं, तो UN उनकी आज़ादी को स्वीकार करेगा और इससे पाकिस्तान का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा।

**बढ़ती हिंसा और आगजनी**

यह बयान ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान के कुर्रम क्षेत्र में हिंसा लगातार बढ़ रही है। यह इलाका लंबे समय से सुन्नी-शिया संघर्ष का केंद्र रहा है, जिसमें नवंबर से अब तक 150 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इस क्षेत्र में कबायली गुट मशीनगनों और भारी हथियारों से लड़ रहे हैं, जिससे अफगानिस्तान के पास स्थित यह पहाड़ी इलाका पूरी तरह कट चुका है।

**अलगाववादी विद्रोह में जूझता बलूचिस्तान**

बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है, लेकिन जनसंख्या के लिहाज से देश का मात्र 2 प्रतिशत हिस्सा है। यह इलाका वर्षों से अलगाववादी विद्रोह से जूझ रहा है, क्योंकि बलूच अलगाववादी गुट अधिक स्वायत्तता और अपने प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण की मांग कर रहे हैं। इस संघर्ष के कारण प्रांत में कई दशकों से हिंसा और मानवाधिकार हनन की घटनाएं सामने आती रही हैं। अल जज़ीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, बलूचिस्तान में कई बोलने वाले कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की जबरन गुमशुदगी और गैर-न्यायिक हिरासत के मामले सामने आए हैं।

# डीएम ने कहा- महाकुंभ मेले का एक्सटेंशन नहीं

## अफवाहों पर ना दें ध्यान, 26 फरवरी को ही होगा समापन

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेले की तिथि बढ़ाने की सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों का प्रयागराज के जिलाधिकारी रविंद्र मांदड़ ने खंडन किया है। कहा कि महाकुंभ मेले का समापन अपने निर्धारित तिथि 26 फरवरी को ही होगा। मुहुर्त के हिसाब से तय होता है। तिथि बढ़ाने की अफवाह नितांत भ्रामक है। इस पर ध्यान न दें। इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से अफवाह फैली है कि प्रयागराज महाकुंभ में भारी भीड़ को देखते हुए प्रदेश सरकार और मेला व जिला प्रशासन की ओर से मेले का एक्सटेंशन करते हुए इसे मार्च तक बढ़ा दिया गया है। प्रयागराज के डीएम रविंद्र मांदड़ ने ऐसी अफवाहों का सिरे से खंडन किया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह नितांत अफवाह है। महाकुंभ मेले का जो शेड्यूल जारी होता है, वह मुहूर्त के हिसाब से जारी होता है और पहले से तय होता है। 26 फरवरी को निर्धारित तिथि पर ही महाकुंभ का समापन होगा और तब तक जो भी श्रद्धालु आ रहे हैं, उन सभी के सुगम आवागमन को सुनिश्चित किया जा रहा है। मेले की डेट के एक्सटेंशन को लेकर सोशल मीडिया पर जारी अफवाहों पर डीएम ने स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

# आजम खां के बेटे अब्दुल्ला को बड़ी राहत

## जेल से आएंगे बाहर, एमपीएमएलए कोर्ट से जमानत मंजूर

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के महासचिव आजम खां के बेटे अब्दुला के जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। शत्रु संपत्ति खुर्द-बुर्द करने के मामले में अब्दुल्ला की जमानत मंजूर हो गई है। रामपुर की एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने अब्दुल्ला को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। माना जा रहा है कि तीन-चार दिनों में अब्दुल्ला सलाखों से बाहर आ जाएंगे। एक समय आजम, उनकी पत्नी तंजीन और बेटा अब्दुल्ला तीनों जेल में थे। पत्नी तंजीन पहले ही जमानत पर बाहर आ चुकी हैं। अब बेटा बाहर आएगा।

पूर्व विधायक अब्दुल्ला फिलहाल हरदोई जेल में बंद हैं। वह 17 महीने बाद जेल से बाहर आएंगे। यूपी में सपा सरकार जाने और योगी की सरकार बनने के बाद आजम खां और उनके परिवार पर एक के बाद एक कई केस दर्ज हुए थे। इनमें आजम खां के साथ ही उनकी पत्नी तंजीन और बेटे अब्दुल्ला के खिलाफ भी के हुए। अब्दुल्ला को शत्रु संपत्ति हड़पने के मामले में आरोपित बनाया गया था। यह मुकदमा रिकॉर्ड रूम के सहायक अभिलेखपाल मोहम्मद फरीद की ओर से सिविल लाइंस थाने में नौ मई 2020 को दर्ज कराया गया था। लखनऊ के पीरपुर हाउस निवासी सैयद आफाक अहमद व अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। इसमें शत्रु संपत्ति को खुर्द बुर्द करने का आरोप लगाया गया था।


MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

## E-Tender Notice

MSETCL invites online bids (E-Tender) from registered contractors/agencies on Mahatransco SRM E-Tendering website https://srmetender.mahatransco.in/ for following works

| Sr. No. | Tender No & Description of Work | Due date & Time (Hrs) for submission & opening of Tender |
|---|---|---|
| | Tender No. EE/EHVPD-I/PN/T/Tender-5/2024-25 (4th call) | |
| 1 | **Tender for the work of providing 11kV, 3 phase auxiliary power supply to 220kV Rajewadi TSS (MSETCL) substation at Rajewadi, Tal : Purandar, Dist. Pune.** | **Download of Tender documents date :** Dt:19.02.2025 to 28.02.2025 upto 23;59 Hrs. **(Rfx no-7000035320) 4th call** |

| Estimated Cost (Rs) | EMD (Rs) | Tender Fee (Rs) | Closing Date | Technical Opening Date | Commercial Opening Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1191073.07/- | 11910.73/- | 500/- + 18% GST | Dt:28/02/2025 upto 23:59 Hrs | Dt:03/03/2025 at 10:30 Hrs | Dt:04/03/2025 at 10:30 Hrs |

Contract person : The Executive Engineer, 3rd floor, Administrative Building, 925, Kasbapeth, Juna Bazar Road, Pune-11 E-mail : ee6610@mahatransco.in
For further details visit our website https://www.mahatransco.in
Contact Person: The Addl Executive Engineer, Mob No:7447440928.

1. Relevant portions of the Tender which the Tenderers have to fill online would be available on foreside website.
2. **The Tender Fee & EMD should be paid by the bidder online only.** Bidder can pay through Credit card or by their Axis bank account (NEFT/RTGS) transfer. The payment confirmation will be done by Corporate Office.
For payment confirmation the bidder should send complete Tender Number/amount/transaction Id and mode of Payment (i.e. through Credit Card or Net Banking) copy directly to following mail ids
etenderadmin@mahatransco.in for Technical issues
etenderfisupport@mahatransco.in for financial issues
Tender fee & EMD should be paid on or before **28/02/2025** & the scan copy of transaction ID received after online payment should be submitted along with Technical bid. The online facility is available only for Axis Bank, please note. In case of non submission of Tender fee & EMD, the bidder will be disqualified.
3. Tender documents can be downloaded by online from foreside website.
4. Eligible contractor agencies should submit their bid well in advance instead of waiting till last date. MSETCL will not be responsible for non-submission of bid due to any website related problems.

**Note : All eligible interested contractors are mandated to get enrolled on SRM E-Tendering portal. (https://srmetender.mahatransco.in)**

**SD/-**
**Executive Engineer, EHV Projects Division-I, Pune**

# मासिक जन्माष्टमी के दिन इस विधि से करें लड्डू गोपाल की पूजा




## हर इच्छा होगी पूरी!

हिंदू पंचांग के अनुसार, फाल्गुन का महीना अंतिम होता है। इसके बाद चैत्र महीने से हिंदू नववर्ष की शुरुआत हो जाती है। फाल्गून के महीने में कई व्रत और त्योहार पड़ते हैं, इन्हीं में शामिल है मासिक कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार। मासिक कृष्ण जन्माष्टमी हर माह कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। इस दिन व्रत और भगवान कृष्ण की पूजा का विधान है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, मासिक कृष्ण जन्माष्टमी के दिन व्रत और पूजन करने से जीवन के सभी दूख और कष्ट दूर हो जाते हैं। इस दिन व्रत और पूजन करने से जीवन में सुख-समृद्धि और शांति आती है। भगवान कृष्ण के आशीर्वाद से काम में सफलता प्राप्त होती है. इस दिन लड्डू गोपाल की पूजा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन विशेष विधि से लड्डू गोपाल की पूजा करने से जीवन की हर इच्छा पूरी होती है।

### फाल्गुन माह की मासिक जन्माष्टमी कब है ?

पंचांग के अनुसार, इस साल फाल्गुन माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि की शुरुआत 20 फरवरी को सुबह 9 बजकर 58 मिनट पर हो रही है। वहीं इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 21 फरवरी को हो जाएगा. ऐसे में फाल्गुन माह में मासिक जन्माष्टमी 20 फरवरी को मनाई जाएगी। 20 फरवरी को ही मासिक जन्माष्टमी का व्रत रखा जाएगा.

### लड्डू गोपाल की पूजा विधि

मासिक कृष्ण जन्माष्टमी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें। इसके बाद भगवान कृष्ण का ध्यान करते हुए व्रत का संकल्प लें। फिर चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर लड्डू गोपाल की प्रतिमा स्थापित करें। लड्डू गोपाल को पंचामृत से स्नान कराएं। फिर पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कराएं। लड्डू गोपाल को नए वस्त्र पहनाकर उनका श्रृंगार करें। उनके सामने घी का एक दीपक जलाएं और विधि पूर्वक उनकी पूजा करें। माखन मिश्री में तुलसी डालकर लड्डू गोपाल को भोग लगाएं। मंत्रों का जाप करें और अंत में लड्डू गोपाल की आरती करें।

### मासिक जन्माष्टमी का महत्व

भगवान कृष्ण के जन्मदिन के रूप में मासिक जन्माष्टमी मनाई जाती है। इस दिन जो भी भगवान कृष्ण का पूजन और व्रत करता है उसके सारे पापों का नाश हो जाता है। साथ ही मरने के बाद उसे मोक्ष मिलता है. इसके अलावा इस दिन कान्हा के पूजन से सारी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं।

# धातु के शिवलिंग की पूजा करने से कौन-सा फल प्राप्त होता है?



## जानिए

सनातन धर्म में हर साल फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महा शिवरात्रि मनाई जाती है। इस दिन भगवान भोलेनाथ का माता पार्वती का संग विवाह संपन्न हुआ था। इसलिए महा शिवरात्रि का पावन दिन शिव-गौरी की पूजा-उपासना के लिए बेहद शुभ माना जाता है। इस खास मौके पर सुख-सौभाग्य की प्राप्ति के लिए अलग-अलग शिवलिंग की पूजा करना बेहद शुभ माना जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से साधक के सभी मनोकामनाएं पूरी होती है और जीवन के समस्त दुखों से छुटकारा मिलता है। आइए जानते हैं किस धातु की शिवलिंग पूजन से किन विशेष फलों की प्राप्ति होती है?

### पारद शिवलिंग

ज्योतिष में पारद से निर्मित शिवलिंग की पूजा करना बेहद शुभ माना गया है। मान्यता है कि पारद के शिवलिंग की पूजा करने से भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं और मनोवांछित फलों की पूर्ति करते हैं। कहा जाता है कि पारद शिवलिंग की पूजा करने से पापों का नाश होता है मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### सोने का शिवलिंग

सोने से निर्मित शिवलिंग की पूजा करना भी सुख-समृद्धिदायक माना गया है। सोने से बने शिवलिंग को प्राप्त करना भले ही मुश्किल हो, लेकिन इस शिवलिंग के पूजन से घर में धन, सुख-समृद्धि का वास होता है।

### चांदी का शिवलिंग

ऐसी मान्यता है चांदी के शिवलिंग की पूजा करने से भगवान भोलेनाथ के साथ चंद्रदेव की कृपा भी प्राप्त होती है और धन-धान्य से भंडार भरा रहता है।



### स्फटिक का शिवलिंग

हिंदू धर्म में स्फटिक के शिवलिंग की पूजा करना भी बेहद शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इससे साधक की लंबे समय से चली आ रही मनोकानाएं पूर्ण होती है और जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है।

### स्फटिक का शिवलिंग

सभी धातुओं में से स्फटिक के शिवलिंग की पूजा करना बेहद खास माना गया है। मान्यता है कि इससे साधक को समस्त कष्टों से छुटकारा मिलता है और आर्थिक समस्याएं भी दूर होती हैं।

### पार्थिव शिवलिंग

ज्योतिष शास्त्र में मिट्टी से बने पार्थिव शिवलिंग की पूजा-अर्चना करना शुभ फलदायी माना गया है।



# डायबिटीज की आयुर्वेदिक दवा में काम आता है ये फल

## बिना बोए ही उग जाता है



## जानिए कैसे इस्तेमाल करें?

ऐसे कई खरपतवार और जंगली फल हैं जिनके औषधिय गुणों से लोग अनजान हैं। ऐसा ही एक फल है तुंबा, जो रेगिस्तान और रेतीले जंगलों में उगता है। तुंबा स्वाद में खीरा के जैसा होता है। पानी से भरपूर ये फल रेगिस्तान में रहने वाले जानवरों के लिए प्यास बुझाने के काम आता है। हालांकि तुंबा में कई गुण पाए जाते हैं। डायबिटीज को कंट्रोल करने के लिए भी इस फल का इस्तेमाल किया जाता है। इस फल के सेवन से शरीर में इंसुलिन रेसिस्टेंट की क्षमता बढ़ती है। हालांकि किसान इसे बेकार समझकर खेतों से उखाड़कर फेंक देते हैं। आइये जानते हैं शुगर में तुंबा का इस्तेमाल कैसे किया जाता है और इस फल के क्या फायदे हैं?

**फार्मास्युटिकल एंड केमिकल जर्नल में छपी एक स्टडी की मानें तो तुम्बा फल डायबिटीज को कंट्रोल करने में असरदार भूमिका निभाता है। इस फल को खाने से इंसुलिन बढ़ता है। तुंबा के फल, जड़, पत्ते, और बीज का कई औषधियों में इस्तेमाल किया जाता है।**

### डायबिटीज कंट्रोल करने में असरदार है तुंबा

सोशल मीडिया पर खुद को वैद्य बताने वाले जगदीश सुमन की मानें तो डायबिटीज को काबू करने के लिए सौंठ और तुम्बा को बराबर मात्रा में मिला लें। दोनों चीजों को मिक्सी में डालकर पीस लें और बारीक पाउडर बना लें। अब हथेली पर थोड़ा पाउडर लें और पानी डालकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को अपनी नाभि पर लगा लें। आप इसे किसी भी वक्त लगा सकते हैं। इस पेस्ट को करीब 8 से 10 घंटे नाभि पर लगाकर रखें। इससे शुगर की बीमारी को कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

### तुंबा का औषधीय महत्व क्या है?

तुंबा का इस्तामल कई बीमारियों में दवा के रूप में किया जाता है। लोगों का कहना है कि तुंबा को सुखाकर-पीसकर इसका चूर्ण बनाकर इस्तेमाल किया जाता है। तुंबा का पाउडर खाने से कब्ज की समस्या दूर होती है। इसका इस्तेमाल करने से न सिर्फ शुगर बल्कि पीलिया जैसी बीमारियों में फायदा मिलता है। तुंबा का पाउडर खाने से मानसिक तनाव, पेशाब से जुड़ी समस्याएं भी दूर होती हैं। तुंबा से आयुर्वेदिक दवाएं बनाकर रेचक और गुल्म, पित्त, पेट रोग, कफ, कुष्ठ और बुखार में इस्तेमाल किया जाता है।

# बालों के लिए भी फायदेमंद है लौंग का पानी

खूबसूरत, घने और मजबूत बाल हर अमूमन हर किसी की चाहत होती है, लेकिन प्रदूषण, गलत खानपान, केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स और तनाव के कारण बालों की सेहत पर बुरा असर पड़ता है। बालों का झड़ना, डैंड्रफ, स्कैल्प इंफेक्शन और दोमुंहे बाल जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। ऐसे में अगर आप नेचुरल और असरदार उपाय की तलाश में हैं, तो लौंग का पानी आपके लिए किसी वरदान से कम नहीं। लौंग, जो आमतौर पर हमारे किचन में मसाले के रूप में इस्तेमाल की जाती है, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल और एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होती है। ये न केवल स्कैल्प को हेल्दी बनाती है बल्कि बालों की जड़ों को भी मजबूत करती है, जिससे हेयर ग्रोथ तेजी से होती है। लौंग में मौजूद युजेनॉल नामक तत्व स्कैल्प की गहराई से सफाई करता है और ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाता है। आइए जानते हैं लौंग के पानी के फायदे और इसे इस्तेमाल करने का तरीका।

### बालों के लिए लौंग के पानी के फायदे

लौंग का पानी बालों के लिए किसी आयुर्वेदिक टॉनिक से कम नहीं है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल और पोषक तत्व बालों को मजबूत बनाने के साथ-साथ स्कैल्प से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं। आइए जानते हैं लौंग के पानी के कुछ बेहतरीन फायदे।



**1. बालों का झड़ना कम करता है-** लौंग में मौजूद युजेनॉल (Eugenol) नामक तत्व स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाता है, जिससे बालों की जड़ें मजबूत होती हैं और हेयर फॉल की समस्या कम हो जाती है।

**2 | डैंड्रफ से दिलाए राहत-** लौंग के पानी में एंटी-फंगल गुण होते हैं, जो स्कैल्प से फंगस और डैंड्रफ को खत्म करने में मदद करते हैं। ये स्कैल्प की गहराई से सफाई करता है और खुजली की समस्या को भी दूर करता है।

**3 | हेयर ग्रोथ को बढ़ावा देता है-** अगर आप लंबे और घने बाल चाहते हैं तो लौंग का पानी एक अच्छा ऑप्शन है। ये स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाता है और नए बालों की ग्रोथ में मदद करता है।

**4. ऑयली स्कैल्प को करे कंट्रोल-** अगर आपके बाल जल्दी-जल्दी ऑयली हो जाते हैं तो लौंग का पानी स्कैल्प में सीबम प्रोडक्शन को बैलेंस करने में मदद करता है, जिससे बाल ज्यादा देर तक फ्रेश और हेल्दी दिखते हैं।

### जाने कैसे करें इस्तेमाल

कैसे तैयार करें लौंग का पानी

एक पैन में पानी गर्म करें और उसमें लौंग डालें. इसे 10-15 मिनट तक धीमी आंच पर उबालें. पानी का रंग बदलकर हल्का भूरा होने लगेगा. इसे आंच से उतारकर ठंडा होने दें. छानकर एक स्प्रे बोतल या कंटेनर में भर लें.



### बालों में लगाने का तरीका

**1. हेयर स्प्रे की तरह इस्तेमाल करें-** बालों को धोने के बाद हल्के गीले बालों में लौंग के पानी को स्प्रे करें। उंगलियों से हल्की मसाज करें ताकि ये स्कैल्प में अच्छे से अबजोर्ब हो जाए। इसे धोने की जरूरत नहीं है, आप इसे नेचुरल हेयर टॉनिक की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं।

**2. हेयर रिंस के रूप में इस्तेमाल करें-** शैंपू करने के बाद बालों को अच्छे से धो लें। अब लौंग के पानी को पूरे बालों और स्कैल्प पर डालें। कुछ मिनट तक रहने दें और फिर नॉर्मल पानी से धो लें। इससे बाल चमकदार और मजबूत बनेंगे।

**3. हेयर ऑयल के साथ मिलाकर लगाएं-** नारियल तेल, बादाम तेल या जैतून के तेल में 2-3 चम्मच लौंग का पानी मिलाएं। इसे हल्का गर्म करें और स्कैल्प में अच्छी तरह मसाज करें। रातभर लगा रहने दें और सुबह धो लें। इससे बालों की ग्रोथ तेजी से होगी और बाल जड़ से मजबूत बनेंगे।

**4. हेयर मास्क में मिलाकर इस्तेमाल करें-** मेथी पाउडर, आंवला पाउडर या एलोवेरा जेल में लौंग का पानी मिलाएं। इस मिश्रण को बालों में लगाकर 30 मिनट तक छोड़ दें। फिर माइल्ड शैंपू से बाल धो लें।

# भुने हुए अमरूद खाने से मिलेंगे कमाल के फायदे

अमरूद एक स्वादिष्ट और पौष्टिक फल है, जो सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। इसे कच्चा खाने के अलावा, रोस्ट करके खाना भी कई लोग पसंद करते हैं। रोस्टेड अमरूद न केवल स्वाद में बेहतरीन होता है, बल्कि सेहत के लिए भी कई तरह से फायदेमंद होता है। आइए जानें रोस्टेड अमरूद खाना कैसे सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है।

*पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है। रोस्टेड अमरूद में फाइबर की मात्रा भरपूर होती है, जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने में मदद करता है। यह कब्ज की समस्या को दूर करता है और आंतों की सफाई करके पाचन प्रक्रिया को बेहतर बनाता है। रोस्टेड अमरूद खाने से पेट संबंधी समस्याएं जैसे गैस, एसिडिटी और अपच से राहत मिलती है।*



**इम्युनिटी बढ़ाने में मददगार :-** अमरूद विटामिन-सी का एक बेहतरीन सोर्स है। रोस्टेड अमरूद खाने से शरीर की बीमारियों से लड़ने की क्षमता मजबूत होती है। यह शरीर को इन्फेक्शन और बीमारियों से लड़ने की ताकत देता है। सर्दी-जुकाम जैसी समस्याओं से बचाव के लिए भी यह फल बहुत फायदेमंद होता है। रोस्टेड अमरूद में कैलोरी की मात्रा कम होती है, जो वजन घटाने के लिए बेहतरीन है।

# अनोखा सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म जो किसानों को ड्रोन के इस्तेमाल में मदद करेगा

**ड्रोन समाधान देने वाली प्रमुख स्टार्टअप कंपनी स्काईलार्क ड्रोन्स ने हिसार में आयोजित कृषि दर्शन एक्सपो 2025 में "डीएमओ-एजी" सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। भारत में कृषि ड्रोन क्षेत्र में हो रहे तेज विकास को ध्यान में रखते हुए, यह एक ऐसा अनोखा सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म है जो किसानों को ड्रोन के इस्तेमाल से संबंधित सभी कार्यों में मदद करेगा। यह प्लेटफॉर्म देशभर में कृषि ड्रोन को संचालित करने और उनका प्रबंधन करने का तरीका बदलने के लिए तैयार है।**

यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत का कृषि क्षेत्र सरकारी पहलों और सटीक कृषि समाधान की बढ़ती मांग से प्रेरित होकर तेजी से ड्रोन टेक्नोलॉजी अपना रहा है।

डीएमओ-एजी प्लेटफॉर्म, जो एक एकीकृत समाधान प्रदान करता है, बाजार में मौजूद अंतर को पाटता है और किसानों, ड्रोन ऑपरेटर्स, मेंटेनेंस टीमों और कृषि रसायन कंपनियों को एक साथ लाता है।

मृणाल पई, को-फाउंडर, स्काईलार्क ड्रोन्स ने कहा, "डीएमओ-एजी के साथ, हम कृषि उद्योग में एक परिवर्तनकारी बदलाव की उम्मीद करते हैं। हम ड्रोन टेक्नोलॉजी को सभी तक पहुंचाकर सटीक खेती को बढ़ावा देना चाहते हैं, जिससे पैदावार बढ़ेगी, लागत घटेगी और कृषि प्रणालियां अधिक स्थायी बनेंगी। हमारा डीजीसीए-अनुपालन वाला प्लेटफॉर्म न केवल किसानों को सशक्त बनाएगा, बल्कि ड्रोन सेवा प्रदाताओं और पायलटों को भी रीयल-टाइम जानकारी, ऑटोमेशन और राजस्व प्रबंधन से सशक्त बनाएगा, जिससे भारतीय कृषि अधिक कुशल, डेटा-आधारित और भविष्य के लिए तैयार हो सकेगी।"




डीजीसीए-कॉम्प्लाएंट प्लेटफॉर्म में कई महत्वपूर्ण फीचर्स हैं, जैसे रीयल-टाइम फ्लीट मैनेजमेंट, फसल-विशेष सिफारिशें और स्वचालित तरीके से फसलों की सेहत की निगरानी रखना - जो सभी स्थानीय भाषाओं में एक सहज इंटरफेस के जरिए सुलभ हैं। यह व्यापक समाधान सभी प्रमुख ऑटोपायलट- सक्षम कंट्रोलर के साथ काम करता है, जिससे यह भारत के विविध कृषि परिदृश्य के लिए एक बहुपरकारी उपकरण बन जाता है।

स्काईलार्क ड्रोन्स ने पहले ही देशभर में 120 से अधिक उद्यम ग्राहकों के बीच 10 मिलियन से ज्यादा स्वायत्त ड्रोन उड़ानें पूरी की हैं और 100 मिलियन से अधिक ड्रोन इमेजेज प्रोसेस किए हैं। यह कंपनी इस क्षेत्र में गहरी विशेषज्ञता लेकर आई है। डीएमओ-एजी का लॉन्च भारतीय कृषि समुदाय के लिए ड्रोन टेक्नोलॉजी को और अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मृणाल पई ने कहा, "भारत का कृषि ड्रोन बाजार 25-30% की सालाना वृद्धि दर से बढ़ने की उम्मीद है और 2030 तक यह 1 अरब डॉलर से अधिक का हो जाएगा। डीएमओ-एजी इस बदलाव का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सरकारी समर्थन और सटीक खेती की बढ़ती मांग के चलते, हमारा प्लेटफॉर्म उन्नत ड्रोन टेक्नोलॉजी तक पहुंच को लोकतांत्रिक बना रहा है।"

# नींद नहीं आ रही है तो इन मंत्रों का करें जाप

## नहीं सताएंगे बुरे सपने

नींद न आने के पीछे कई स्वास्थ्य संबंधी कारण हो सकते हैं। इनमें सुबह देर तक सोना, रात में जागना, तनाव, चिंता और थकान जैसे कारक शामिल हैं। कभी-कभी लोग इसे गंभीर समस्या समझ लेते हैं। हालांकि, इसका मुख्य कारण अव्यवस्थित जीवनशैली और तनाव है। इस समस्या के समाधान के लिए मंत्रों को काफी प्रभावी माना गया है। पूजा-पाठ के साथ-साथ मन और मस्तिष्क की शांति और एकाग्रता के लिए भी मंत्रों का महत्व है। ज्योतिष में कुछ विशेष मंत्रों का उल्लेख किया गया है, जिनका जाप करने से रात में तनावमुक्त और सुखद नींद प्राप्त होती है।

अच्छी नींद के लिए मंत्र

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, अच्छी नींद प्राप्त करने के लिए देवी निद्रा के मंत्रों का जाप करना आवश्यक है. इसके लिए, प्रतिदिन सोने से पूर्व अपने हाथों को धोकर निम्नलिखित मंत्र का उच्चारण करें. इससे शीघ्र ही आपको सुखद और गहरी नींद मिलेगी.

हर मंत्र से पहले ॐ का उच्चारण क्यों होता है, जाने यहां

अगस्तिर्माधवशचैव मुचुकुन्दे महाबल:..
कपिलो मुनिरास्तीक: पंचैते सुखशाायिन:..

या

*'या देवी सर्वभूतेषु निद्रा-रूपेण संस्थिता.*
*नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:॥'*



### बुरे सपने न आने का मंत्र

यदि सोने के बाद आपको बुरे या डरावने सपने आते हैं, जिससे आपकी नींद में बाधा उत्पन्न होती है, तो आपको निद्रा देवी के इस मंत्र का प्रतिदिन सोने से पहले जाप करना चाहिए। ऐसा करने से बुरे सपने आना बंद हो जाएंगे और आप बेहतर नींद का अनुभव करेंगे।

*वाराणस्यां दक्षिणे तु कुक्कुटो नाम वै द्विज:*
*तस्य स्मरणमात्रेण दु:स्वपन: सुखदो भवेत्..*

### मन की शांति के लिए मंत्र

शास्त्रों के अनुसार, यदि सोने के बाद आपका मन अशांत रहता है और आप नींद नहीं ले पाते, तो आपको निम्नलिखित मंत्र का जाप करना चाहिए। इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी और रोगों से मुक्ति प्राप्त होगी। इस मंत्र का तीन बार जाप करना चाहिए।

*अच्युताय नम:, अनन्ताय नम: और गोविन्दाय नम:*

या

*'ओम गन गणपतये नम:'*

# चैंपियंस ट्रॉफी का आज से आगाज

## पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड–पाकिस्तान की भिड़ंत




**कराची।** पाकिस्तान की मेजबानी में चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू हो रही है। 29 साल बाद पाकिस्तान में आईसीसी के किसी प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है। चैंपियनशिप का पहला मैच न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच होना है। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड ग्रुप ए में भारत और बांग्लादेश के साथ हैं। ऐसे में इन्हीं तीनों टीमों के बीच एक-एक मुकाबले के बाद ही चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनलिस्ट का चुनाव होगा। किसी एक मैच में हार टीम के आगे का सफर मुश्किल बना देगा। ऐसे में कल यानी 19 फरवरी को होने वाले मैच के लिए पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज ने पाकिस्तानी टीम को लेकर अजब भविष्यवाणी कर दी है। बासित अली ने कहा "हम बात करते हैं पाकिस्तान वर्सेस इंडिया 23 तारीख का मैच 23 फरवरी को है, लेकिन उससे बड़ा मैच तो पहला मैच है जो डिसाइड कर देगा कि आप सेमीफाइनल में जाएंगे या नहीं। सीधी सी बात है अगर न्यूजीलैंड से खुदान खस्ता हम हार गए तो बड़ी मुसीबत बन जाएगी, क्योंकि अगला मैच इंडिया के साथ है और इंडिया को हराना हराना फिर मुश्किल हो जाएगा। वन डे क्रिकेट में हैट्रिक ज्यादा हुई है या दो बॉलो पे दो ज्यादा आउट हुए हैं शाहिद भाई बोलेंगे दो बॉलो पे दो ज्यादा आउट हुए तो एवरी डे इज नॉट संडे, न्यूजीलैंड की हैट्रिक नहीं होगी।" बासित अली न्यूजीलैंड के खिलाफ ट्राई नेशन सीरीज में पाकिस्तान को मिली दो हार के बारे में जिक्र कर रहे थे। पाकिस्तान के एक न्यूज चैनल पर बात करते हुए बासित अली ने आगे कहा, "चले ये भी ये भी देखना रह गया था कि हमने तीन मैच खेले चैंपियंस ट्रॉफी में हमने तीन मैच खेले न्यूजीलैंड से इत्तेफाक से हम तीनों हारे हैं चैंपियंस ट्रॉफी में और सबसे ज्यादा 2009 का सेमीफाइनल जब यूनुस कप्तान था। तब उसमें कामरान भी उस टीम में शामिल था और पाकिस्तान टी20 का उस वक्त वर्ल्ड चैंपियन था। उस वक्त पाकिस्तान और आमिर बड़ी अच्छी बॉलिंग कर रहा था यूनिस खान, मोहम्मद यूसुफ, शोएब मलिक और कामरान अकमल ये लोग सब फॉर्म में थे, लेकिन हम हार गए। ठीक है लेकिन वो उंगली पर चोट लगी थी, जिसके कारण ग्रांट इलियट का कैच डप हो गया था जिसकी वजह से पाकिस्तान हार गया।"



यानी पाकिस्तान के लिए चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के लिए दोहरा दबाव होगा। पहला तो उसे इस टूर्नामेंट में अपनी आगे की राह सुनिश्चित करने के लिए कीवी टीम से भिड़कर जीतना होगा, दूसरा उसे अपना रिकॉर्ड भी सुधारने की चिंता होगी। लेकिन न्यूजीलैंड की टीम में अनुभवी और आक्रामक खिलाड़ियों की फेहरिस्त के सामने यह आसान नहीं होगा। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर की अगुवाई में चैंपियंस की भिड़ंत से पहले वहां की परिस्थिति से परिचित हो चुके हैं। वहीं पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान भी बाबर आजम और सलमान आगा को लेकर पूरी तरह आश्वस्त दिख रहे हैं। कराची स्टेडियम में चैंपियंस ट्रॉफी की भिड़ंत दोपहर 2 ।30 बजे शुरू होगी।

### दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11

**पाकिस्तान**

फखर जमान, सऊद शकील, बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान (कप्तान), सलमान आगा, खुशदिल शाह, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, नसीम शाह, हारिस रऊफ, अबरार अहमद

**न्यूजीलैंड**

डेवोन कॉनवे, विल यंग, केन विलियमसन, डेरिल मिशेल, टॉम लैथम (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, नाथन स्मिथ, जैकब डफी, विलियम ओ'रूर्क

### न्यूजीलैंड टीम में फर्ग्युसन की जगह काइल जैमीसन को जगह



**कराची।** घायल तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन की जगह काइल जैमीसन को चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए न्यूजीलैंड टीम में शामिल करने को आईसीसी की इवेंट तकनीकी समिति ने मंजूरी दे दी। 30 वर्ष के जैमीसन ने 13 वनडे मैच खेले हैं। वह फर्ग्युसन की जगह लेंगे जो दाहिने पैर में चोट के कारण बाहर हैं। यह बांग्लादेश के खिलाफ सितंबर 2023 में खेले गए मैच के बाद जैमीसन का पहला वनडे मैच होगा। उन्होंने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच पिछले साल फरवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट खेला था। डॉक्टरों ने उन्हें कमर के स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण एक साल आराम की सलाह दी थी। उन्होंने जनवरी में कैंटरबरी के लिये सुपर स्मैश टी20 के जरिए वापसी की।

### चैंपियंस ट्रॉफी में शमी नहीं

# हर्षित राणा पूरी करेंगे बुमराह की कमी

## शिखर धवन पक की बड़ी भविष्यवाणी



**नई दिल्ली।** पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि भारत को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में जसप्रीत बुमराह की कमी बहुत खलेगी लेकिन टीम के हालिया फॉर्म और कई मैच विजेता खिलाड़ियों की मौजूदगी में उनके पास टूर्नामेंट जीतने का शानदार मौका है। यह टूर्नामेंट बुधवार को पाकिस्तान में शुरू होगा जबकि भारत एक दिन बाद दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। तेज गेंदबाज बुमराह पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में भारत की पांच मैच की टेस्ट सीरीज के दौरान गेंदबाजी में सबसे ज्यादा भार उठाया था। धवन ने मंगलवार को प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के कॉलम में लिखा, ''मेरी चिंता यह है कि उन्हें जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी, इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनकी कमी खलेगी और मुझे लगता है कि उन्हें इसका असर दिखेगा।'' उन्होंने कहा, ''मेरे हिसाब से वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं और उनकी सटीकता को दोहराना मुश्किल है। वह बहुत शांत स्वभाव के हैं और इस तरह की बड़ी आईसीसी प्रतियोगिताओं में यह बहुत महत्वपूर्ण है।'' हालांकि, धवन ने टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभमन गिल और हर्षित राणा का समर्थन किया। उन्होंने कहा, ''हर्षित राणा भी टीम में शामिल हो गए हैं और मुझे लगता है कि यह वाकई रोमांचक है - उन पर नजर रखें, मुझे लगता है कि वह टूर्नामेंट में धमाल मचा सकते हैं।'' धवन ने कहा, ''मुझे उनका रवैया पसंद है, वह एक मेहनती खिलाड़ी हैं और उन्हें किसी भी चीज से डर नहीं लगता।

# मेरा पैर तोड़ रहे थे... नेट बॉलर की गेंदबाजी से इम्प्रेस हुए रोहित



**कराची।** भारतीय टीम ने आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैयारी शुरू कर दी है। रविवार से टीम दुबई के आईसीसी क्रिकेट अकादमी में अभ्यास कर रही है। टूर्नामेंट में भारत का पहला मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ 20 फरवरी को है। मंगलवार को कप्तान रोहित शर्मा का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह यूएई के नेट बॉलर अवैस अहमद की गेंदबाजी की तारीफ की है। रोहित ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की टांग भी खींची, क्योंकि वह इनस्विंग से उनके पैरों को निशाना बना रहे थे। कप्तान रोहित शर्मा ने वीडियो में कहा, ''क्लास बॉलर, आप हमारा जूता।।।पैर तोड़ने की कोशिश कर रहे थे, इनस्विंगिग यार्कर मार के। बढ़िया भाई बढ़िया। आप लोग हमको यहां पर मदद कर रहे हो, बड़ा अच्छा लगा, धन्यवाद। (आप मेरे जूते को टारगेट कर रहे थे और अंदर आती यार्कर से मेरे पैर तोड़ने की कोशिश कर रहे थे, मुझे अच्छा लगा कि आप लोग हमें प्रैक्टिस करवा रहे हैं।) रोहित शर्मा पिछले कुछ मैचों में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में उन्होंने 119 रनों की दमदार पारी खेली। रोहित ने आखिरी बार जब दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला था, तो उन्होंने 55 गेंद में 48 रन बनाए थे। रोहित का दुबई में रिकॉर्ड अच्छा रहा है, उन्होंने पांच वनडे पारियों में 105 ।66 की औसत से 303 रन बनाए हैं। उन्होंने इस मैदान पर एक शतक और दो अर्द्धशतक लगाए हैं। रोहित शर्मा का बांग्लादेश के खिलाफ रिकॉर्ड शानदार रहा है। रोहित शर्मा ने 17 पारियों में 786 रन बनाए हैं। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ तीन शतक और इतने ही अर्द्धशतक बनाए हैं।

# शीर्ष टीमों की वापसी पाकिस्तान क्रिकेट के लिए बहुत मायने रखती है: वसीम बारी



**कराची।** पूर्व कप्तान वसीम बारी आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी के जरिए पाकिस्तान में एक वैश्विक क्रिकेट प्रतियोगिता की वापसी देखकर खुश हैं और उम्मीद करते हैं कि 2009 में श्रीलंकाई टीम पर आतंकवादी हमले के बाद के बुरे दिन हमेशा के लिए भुला दिए जाएंगे। उस भयानक दिन के बाद पाकिस्तान 10 साल तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की मेजबानी नहीं कर सका और उसे अपने घरेलू मैच यूएई में खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। बारी उस समय स्वर्गीय एजाज बट की अध्यक्षता में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में निदेशक के रूप में कार्यरत थे जब तीन मार्च को गद्दाफी स्टेडियम के करीब लिबर्टी चौराहे के पास हमला हुआ था। बारी ने कहा, 'यह मेरे जीवन का सबसे बुरा दिन था जब खबर मिली कि क्या हुआ था। हर कोई स्तब्ध था और हमारे में से ज्यादातर लोगों ने तुरंत महसूस किया कि यह पाकिस्तान क्रिकेट को कुछ साल पीछे ले जाने वाला है।' बारी ने कहा कि इसके बाद दुख की स्थिति पैदा हो गई। दोनों देशों की सरकारें और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) इसमें शामिल हुए और बाद में श्रीलंकाई टीम को वापस घर भेजने के लिए एक चार्टर्ड विमान की व्यवस्था की गई। हमले में छह पुलिसकर्मी और दो अन्य लोग मारे गए और कई घायल हो गए जिसमें पाकिस्तानी अंपायर अहसान रजा भी शामिल थे जिनकी जान बचाने के लिए बाद में ऑपरेशन करना पड़ा।

# विराट कोहली चैंपियंस ट्रॉफी में रचेंगे नया इतिहास

## निशाने पर 6 धांसू रिकॉर्ड ; सचिन को पछाड़ने का चांस



कराची। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 बुधवार से शुरू होने जा रही है। टूर्नामेंट वनडे फॉर्मेट में आयोजित होगा। भारत गुरुवार (20 फरवरी) से बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगा। भारत को हाइब्रिड मॉडल के तहत अपने सभी मैच दुबई में खेलने हैं। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली चैंपियंस ट्रॉफी में नया एक या दो नहीं बल्कि 6 धांसू रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। सचिन तेंदुलकर और क्रिस गेल का कीर्तिमान खतरे में है।

**14000 हजारी बनने का चांस**

कोहली सबसे तेज 14 हजार वनडे रन कंप्लीट करने का कीर्तिमान रच सकते हैं। उन्हें यह कारनामा अंजाम देने के लिए सिर्फ 37 रनों की जरूरत है। उन्होंने अभी तक 297 वनडे मैचों की 185 पारियों में 13,963 रन बनाए हैं। कोहली महान बल्लेबाज सचिन का रिकॉर्ड ध्वस्त करेंगे, जिन्होंने 350 वनडे पारियों में 14000 रन पूरे किए। सचिन के अलावा श्रीलंका के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर कुमार संगाकारा ने 14 हजार वनडे रन का आंकड़ा पार किया।

**पोंटिंग को पछाड़ने का मौका**

दाएं हाथ के बल्लेबाज कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं। उनके पास ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को पछाड़ने का मौका है। कोहली ने भारत के लिए सभी फॉर्मेट में 545 मैच खेले हैं और 27,381 रन बनाए हैं। अगर वह चैंपियंस ट्रॉफी में कम से कम 103 रन बनाने में सफल रहे तो पोंटिंग को पीछे छोड़ देंगे। पोंटिंग ने अपने करियर में ऑस्ट्रेलिया के लिए 560 मैच खेले और 27,483 रन जुटाए।

**वनडे रन-कैच का कीर्तिमान**

36 वर्षीय कोहली वनडे फॉर्मेट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन सकते हैं। उन्हें ऐसा करने के लिए 271 रनों की आवश्यकता है। कोहली संगकारा को पछाड़ेंगे, जिन्होंने 404 वनडे मैचों में 14234 रन बटोरे। वनडे में सर्वाधिक रन का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर (18,426) के नाम दर्ज है। कोहली इसके अलावा वनडे में बतौर फील्डिर दूसरे सबसे अधिक कैच लेने वाले क्रिकेटर बन सकते हैं। वह फिलहाल 154 कैच के साथ चौथे स्थान पर हैं। उन्हें मोहम्मद अजहरुद्दीन (156) से आगे निकलने के लिए तीन और रिकी पोंटिंग (160) से आगे निकलने के लिए सात कैच की जरूरत है। महेला जयवर्धने 218 कैच के साथ टॉप पर काबिज हैं। कोहली चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं। उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी में 13 मैचों में 88 ।16 की औसत से 529 रन बनाए हैं। वह सर्वाधिक रन बनाने वाले प्लेयर्स की लिस्ट में 11वें पायदान पर हैं। कोहली को नंबर वन बनने के लिए 262 रनों की दरकार है। चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अभी गेल के नाम है। वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर गेल ने टूर्नामेंट में 17 मैचों में 52 ।73 की औसत से 761 रन जोड़े। कोहली साथ ही चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा फिफ्टी जड़ने का कीर्तिमान रच सकते है। उन्होंने टूर्नामेंट में भारत के लिए पांच अर्धशतक लगाए हैं। अगर वह कम से कम दो अर्धशतक लगाने में सफल रहे तो राहुल द्रविड़ का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। द्रविड़ ने 19 मैचों में 6 फिफ्टी ठोकीं।

# 2013 चैंपियंस ट्रॉफी ने कैसे 'धोनी रिव्यू सिस्टम' को दिया जन्म



**नई दिल्ली :** भारत के पूर्व ऑलराउंडर सुरेश रैना ने बताया कि कैसे दुनिया ने 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के अभियान के दौरान 'धोनी रिव्यू सिस्टम' के जन्म को देखा। भारत की 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीत ने उन्हें अपराजित टूर्नामेंट की जीत के रास्ते पर सर्वश्रेष्ठ टीमों को पछाड़ते हुए देखा। वेस्टइंडीज के खिलाफ उनके दूसरे मैच में सभी पहलुओं में उनका दबदबा दिखा, क्योंकि भारत ने एक खतरनाक प्रतिद्वंद्वी पर 8 विकेट से जीत हासिल की। चैंपियंस ट्रॉफी स्पेशल के एक विशेष एपिसोड द सुरेश रैना एक्सपीरियंस में रैना ने गेंदबाजी पारी के प्रबंधन में एमएस धोनी की सामरिक प्रतिभा पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे विकेटकीपर बल्लेबाज ने सटीक DRS कॉल, आक्रामक फील्ड सेटअप और साहसिक निर्णयों के साथ टीम की सफलता को अधिकतम किया। रैना ने कहा, 'ओवल बल्लेबाजी के लिए अनुकूल सतह है। लेकिन अगर आप वेल्स के मौसम पर विचार करते हैं, तो आपको आसमान के साथ-साथ पिच पर भी नजर डालनी होगी। यहीं से धोनी रिव्यू सिस्टम की शुरुआत हुई। उन्होंने जो भी DRS लिया, वह सही था। स्टंप के पीछे उन्हें कैच लेते हुए देखिए। सबसे अच्छी बात थी उनका आक्रामक फील्ड प्लेसमेंट। विराट कोहली स्लिप में थे, अश्विन लेग स्लिप पर थे और धोनी स्टंप के पीछे थे। उन्हें पता था कि दबाव कैसे बनाया जाता है। यह टी20 क्रिकेट का उदय था, जहां खिलाड़ी हमेशा आक्रमण करने की कोशिश करते थे। उनका मास्टरस्ट्रोक स्पिनरों को लाना और उन्हें आक्रमण करने के लिए चुनौती देना था।' उस मैच में रवींद्र जडेजा की शानदार गेंदबाजी रैना को पसंद आई जिन्होंने 5-36 के आंकड़े के साथ अपने साथी की शानदार गेंदबाजी पर आश्चर्य व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'जडेजा और अश्विन ने बेहतरीन गेंदबाजी की। धोनी जानते थे कि विपक्षी टीम स्पिनरों को मात देने की कोशिश करेगी। यह उनकी चतुर नेतृत्व क्षमता है लेकिन मुझे रवि जडेजा की बेहतरीन गेंदबाजी की तारीफ करनी होगी। उन्होंने स्टंप पर अपनी पकड़ बनाए रखी और एक अलग तरह के ऑलराउंडर बन गए।' रैना ने कहा, 'जडेजा उस साल सभी फॉर्मेट में बेहतरीन फॉर्म में थे। अगर विकेट सूखा होता, तो वे और भी घातक हो जाते थे।

# स्मृति मंधाना ने बताया- किस मोड़ पर आते ही जीत गए थे मैच



**वडोदरा।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को अपनी कप्तान स्मृति मंधाना की वजह से सोमवार को वडोदरा के कौटम्बी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में शानदार जीत हासिल हुई। स्मृति ने 81 रन बनाए जिससे उनकी टीम को 8 विकेट से जीत हासिल हुई। मैच खत्म होने के बाद स्मृति ने कहा कि आज गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। दिल्ली को 150 से कम तक सीमित रखना बहुत अच्छी बात थी। इसी ने हमारे पासे में गेंद फेंक दी। वैसे भी हमारी साथी व्याट आज लय में थी। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की।

स्मृति ने कहा कि रणनीति अधिक तेज गेंदबाजी करने की थी लेकिन हमने खेल की स्थिति के आधार पर फैसला किया। यह मैदान कभी भी एक जैसा खेल दो बार नहीं खेलता। हमने जिस तरह से शुरुआत की वह शानदार थी। एक टीम के तौर पर हमें अपने गेंदबाजों पर गर्व है। एकता को पहले ओवर में गेंद लगी लेकिन उन्होंने अच्छी वापसी की। मैंने और डैनी ने एक साथ कई बार बल्लेबाजी की है। पिछले गेम में हम हार गए थे क्योंकि हमें अच्छी शुरुआत नहीं मिल पाई थी। स्मृति मंधाना की तेजतर्रार 81 रनों की पारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु महिला ने वडोदरा के कौटम्बी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स महिला के खिलाफ खेले गए मुकाबले को 8 विकेट से अपने नाम कर लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली को रेणुका ठाकुर और जॉर्जिया ने शुरूआती झटके दिए थे जिससे टीम बड़े स्कोर तक नहीं पहुंच पाई। शैफाली जहां गोल्डन डक हुई तो वहीं, जेमिमा ने 34 तो सारा ने 23 रन बनाकर स्कोर 141 तक पहुंचाया। जवाब में आरसीबी की शुरूआत शानदार रही। स्मृति और डेनियल ने पहले विकेट के लिए 11 ओवर के अंदर ही 107 रन जोड़ दिए। डेनियल ने 42 रन बनाए। एलिसा पेरी ने फिर टीम को 8 विकेट से जीत दिला दी।

# रेणुका सिंह के हाथ आई पर्पल कैप

## बताया- कैसे की गेंदबाजी की धार तीखी



**वडोदरा।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु महिला के लिए तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर सिंह का शानदार प्रदर्शन जारी है। सोमवार को दिल्ली के खिलाफ मुकाबले में रेणुका ने तीन विकेट लिए जिससे विरोधी टीम बड़े स्कोर तक पहुंच नहीं पाई। मैच के दौरान रेणुका ने अपनी बेहतरीन लाइन और लैंथ का प्रदर्शन किया। उन्होंने पहली ही गेंद पर शैफाली वर्मा को भी गोल्डन डक आऊट किया। रेणुका के अब दो मैचों में 5 विकेट हो चुके हैं। उनकी हाथ पर्पल कैप आ गई है। रेणुका ने पहली पारी खत्म होने के बाद कहा कि जब भी मैंने खेला है मुझे इस स्थान पर हमेशा मदद मिली है, इसलिए मेरे दिमाग में यह बात थी। मैं आज विकेट लेने की मानसिकता के साथ आई थी। मेरा ध्यान हमेशा इसी पर रहता है। मुझे जो भी समय मिलता है, मैं एनसीए में ट्रॉय के साथ काम करती हूं। मैं उनके साथ काम करने में बहुत सहज हूं और वह मेरी बहुत मदद करते हैं। एनसीसी के कारण ही मुझे अपनी लाइन और लैंथ संवारने में मदद मिली। आज पिच उतनी आसान नहीं है। गेंद टिकी हुई है जिसका हमें फायदा मिला। स्मृति मंधाना की तेजतर्रार 81 रनों की पारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु महिला ने वडोदरा के कौटम्बी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स महिला के खिलाफ खेले गए मुकाबले को 8 विकेट से अपने नाम कर लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली को रेणुका ठाकुर और जॉर्जिया ने शुरूआती झटके दिए थे जिससे टीम बड़े स्कोर तक नहीं पहुंच पाई।

# दुबई में लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों को मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली।** भारत का चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अभियान शुक्रवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होगा। इस स्थल पर होने वाले सभी मैचों के साथ भारत को लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों और तेज गेंदबाज़ों के अनुकूल परिस्थितियों के अनुकूल होना होगा। यहां उन प्रमुख कारकों पर एक नजर डालते हैं जो इसके प्रदर्शन को प्रभावित कर सकते हैं। जिन स्थानों पर कम से कम 50 वनडे मैच आयोजित किए गए हैं, उनमें से दुबई स्टेडियम में लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के लिए जीत-हार का अनुपात सबसे अच्छा है। यहां खेले गए 58 वनडे मैचों में पहले फील्डिंग करने वाली टीम ने 34 बार जीत हासिल की है। हां, ILT20 टूर्नामेंट के दौरान यहां 15 मैच आयोजित किए और लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम ने उनमें से 11 जीते, जो टॉस के महत्व पर जोर देता है। पिच की स्थिति गेंदबाजों को कैसे प्रभावित करती है? हाल के महीनों में यहां तेज़ गेंदबाज़ों का दबदबा देखा गया है। ILT20 में तेज गेंदबाजों ने 25 ।80 की औसत से 116 विकेट लिए जबकि स्पिनरों ने 29 ।40 की औसत से केवल 54 विकेट।





# महाशिवरात्रि से पहले फैंस को दिया गाने का तोहफा

## कहा 'महाकाल चलो'

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार बड़े शिव भक्त है। अब शिव भक्ति में उन्होंने एक खास गाना गया है 'महाकाल चलो' जिसे सुनने और देखने के बाद आप भी शिव भक्ति में डूब जाएंगे। ये गाना महाशिवरात्रि से पहले भगवान शिव को समर्पित किया गया है। इस गाने में अक्षय कुमार ने अपनी आवाज दी है और उनके साथ पॉपुलर सिंगर पलाश सेन ने भी साथ दिया है। वीडियो में दोनों शिव की भक्ति में डूबे हुए महाकाल चलने की बात कर रहे हैं। ये गाना अक्षय के फैंस के लिए बेहद खास होने वाला है। एक्टर को इस अंदाज में पहले कभी नहीं देखा होगा।

अक्षय कुमार ने कुछ समय पहले अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने का मोशन पोस्टर शेयर किया था, जिसमें उन्हें शिवलिंग के साथ देखा गया था।अब वो पूरे गाने में शिव भक्ति में डूबे हैं। एक्टर ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, शिव भक्ति में एक और कदम, महाकाल चलो! उम्मीद है कि जिस दिव्य अनुभव को मैंने गाते समय महसूस किया, वही आप भी महसूस करेंगे।'इस गाने के वीडियो की शुरुआत में शिवलिंग को कुमकुम चंदन से नहाया जा रहा है। अक्षय कुमार जिस श्रद्धा और भक्ति भाव में डूबे नजर आ रहे हैं, उसे देख कर आप उनकी भगवान के प्रति लगाव को समझ सकते हैं। इस खूबसूरत गाने को विक्रम मोंट्रो ने बनाया है, जबकि इसके बोल शेखर अस्तित्व ने लिखे हैं। वीडियो में अक्षय कुमार शिव भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं, जो ऑडियंस को आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है। अक्षय कुमार ने पहले भी अपनी फिल्मों में गाने गाए हैं, लेकिन 'महाकाल चलो' का ऐसा वर्जन बेहद खास है। यह गाना महाशिवरात्रि से पहले शिव भक्तों के लिए एक खास तोहफा है।

# दिव्या भारती को बड़ी मम्मी कहते थे साजिद नाडियाडवाला के बच्चे



**90 के दशक की सबसे चर्चित और टैलेंटेड एक्ट्रेसेज में से एक दिव्या भारती अपनी खूबसूरती और दमदार एक्टिंग के लिए आज भी याद की जाती हैं। बेहद कम उम्र में अपनी अलग पहचान बना चुकी दिव्या ने मात्र 18 साल की उम्र में फिल्म प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला से शादी की थी। लेकिन यह रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चल सका, और 5 अप्रैल 1993 को दिव्या का निधन हो गया। उनके असमय निधन ने पूरे फिल्म जगत को सदमे में डाल दिया था। दिव्या की मौत को लेकर आज भी कई तरह की अटकलें लगाई जाती हैं, लेकिन उनका स्टारडम और उनकी यादें अब भी उनके चाहने वालों के दिलों में बसी हुई हैं।**

दिव्या, आज भी नाडियाडवाला परिवार का हिस्सा हैं। इस बारे में खुद साजिद नाडिया-डवाला की दूसरी पत्नी वरदा ने बात की थी। वरदा ने 2020 में बॉलीवुड हंगामा को दिए एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि साजिद नाडियाडवाला आज भी दिव्या के परिवार से बहुत करीब हैं। उनके बच्चे दिव्या को बड़ी मम्मी कहकर पुकारते हैं। वरदा ने कहा था, "साजिद, डैड (दिव्या के पिता) के लिए आज भी बेटे जैसे हैं। दिव्या की मां के निधन के बाद भी हमारा उनके परिवार से गहरा रिश्ता बना हुआ है। उनके भाई कुणाल और साजिद के बीच आज भी भाई जैसा रिश्ता है।" वरदा ने यह भी कहा कि उन्होंने कभी दिव्या की जगह लेने की कोशिश नहीं की, बल्कि अपनी अलग पहचान बनाई। उन्होंने कहा, "लोगों को लगता है कि मुझे ट्रोल करने से फर्क पड़ेगा, लेकिन ऐसा नहीं है। दिव्या हमारे परिवार का हिस्सा थीं और हमेशा रहेंगी। हम दिव्या से बहुत प्यार करते हैं। वह हमारे जीवन का एक खूबसूरत हिस्सा थीं और रहेंगी।" वरदा ने आगे कहा कि जब उनके बच्चे दिव्या भारती की फिल्में देखते हैं, तो वे उन्हें 'बड़ी मम्मी' कहकर बुलाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि दिव्या के जन्मदिन और पुण्यतिथि पर वे आज भी उनके परिवार के साथ बातचीत करते हैं और उन्हें याद करते हैं।

# 'मैंने अकेले पूरी बोतल...' शराब पीने को लेकर गोविंदा की पत्नी ने दिया रिएक्शन



**बॉलीवुड इंडस्ट्री के पॉपुलर एक्टर गोविंदा ने अपने करियर में बेहतरीन काम से लोगों के बीच खास पहचान बनाई है. वहीं, उनकी पत्नी सुनीता आहूजा भले ही फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिव नहीं हैं लेकिन अक्सर लाइमलाइट में रहती हैं. वह अपनी बेबाक बयानबाजी के लिए जानी जाती हैं. गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान शराब पीने को लेकर खुलकर बात की है. उनका कहा है कि उन्हें शराब पीना बहुत पसंद है लेकन वह रोज नहीं पीती हैं. आइए जानते हैं सुनीता आहूजा ने शराब पीने को लेकर और क्या बातें बताई हैं.**

### सुनीता आहूजा रोज नहीं पीती शराब

गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने 'कर्ली टेल्स' को दिए इंटरव्यू में बताया है, 'मेरी फेवरेट शराब ब्लू लेवल है. जब भी मैं खुश होती हूं तो शराब पीती हूं. अभी कुछ दिन पहले जब यश का लॉन्च हुआ था तब मैं इतनी खुश थी की मैंने अकेले पूरी बोतल खत्म कर ली थी. जब भारत और पाकिस्तान का मैच होता है तब भी मैं पूरी बोतल खत्म कर लेती हूं. मैं हर दिन शराब नहीं पीती हूं, सिर्फ संडे के दिन ही पीती हूं. उस दि मेरा चीट डे होता है.'

### गोविंदा की पत्नी ऐसे मनाती हैं जन्मदिन

सुनीता आहूजा ने आगे अपना बर्थडे कैसे से-लिब्रेट करने के सवाल के कहा, 'मैंने अपनी पूरी जिंदगी बच्चों की देखभाल में निकाल दी, अब वे बड़े हो गए हैं इसलिए मैं खुद के साथ समय बिताती हूं. मैं अपने हर जन्मदिन पर अकेले बाहर जाती हूं. कभी माता के मंदिर तो कभी गुरुद्वारा. फिर जैसे ही रात के 8 बजते हैं, मैं बोतल खोल लेती हूं और अकेले केक काटकर शराब पीती हूं. मुझे अकेले रहना अच्छा लगता है.' बताते चलें कि गोविंदा ने साल 1987 में सुनीता आहूजा के साथ शादी की थी.

# कश्मीरा शाह जैसी पत्नी चाहते हैं अभिषेक कुमार

**लाफ्टर शेफ शो को काफी पसंद किया जाता है। इस शो का दूसरा सीजन कुछ दिनों पहले ही शुरू हुआ है और इसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। शो में ना सिर्फ सेलेब्स अपनी कुकिंग का कमाल दिखाते हैं बल्कि इसमें कई फनी मोमेंट्स भी दिखते हैं। अब कृष्णा अभिषेक और अभिषेक कुमार के बीच एक फनी मोमेंट दिखा जिससे दर्शक भी खुश हो गए।**



अभिषेक बोलते हैं कि वह चाहते हैं उनकी पत्नी, कृष्णा की पत्नी कश्मीरा शाह की तरह हो। अभिषेक की इस बात को सुनकर सब हैरान हो जाते हैं। वहीं कृष्णा भी मौका कैसे छोड़ सकते थे मस्ती का। वह बोलते हैं कि एक काम कर, रास्ते पर चलते जा और जो तेरे गले पड़ जाएगी पेड़ से निकलकर वो तेरी कश्मीरा होगी। कृष्णा की बात सुनकर सब जोर से हंसने लगते हैं। वहीं कश्मीरा भी अपनी हंसी नहीं रोकते हैं। इससे पहले एक प्रोमो आया था जिसमें अंकिता ट्रक पर बैठती हैं और तभी कृष्णा वहां आ जाते हैं। अंकिता कहती हैं कि जेठ जी आए हैं। इसके बाद कृष्णा बोलते हैं कि मैडम जी गाड़ी पाकिस्तान ले चलिए। अंकिता फिर बोलती हैं कि ले चलती हूं। विकी जैन और कश्मीरा ट्रक के सामने खड़े होते हैं तो कृष्णा बोलते हैं कि यही मौका है, चढ़ा दे ट्रक। कृष्णा की बात सुनकर सबकी हंसी निकल जाती है।

# 'भूल चूक माफ' के टीजर ने किया कन्फ्यूज

## राजकुमार राव-वामिका गब्बी की फिल्म 'भूल चूक माफ' में दिखेगी टाइम लूप की कहानी

**राजकुमार राव और वामिका गब्बी स्टारर फिल्म 'भूल चूक माफ' का टीजर सामने आया है जिसे देखने के बाद ऑडियंस कन्फ्यूज होने वाली है। ये फिल्म टाइम लूप की अनोखी कहानी है जो मज़ेदार होने वाली है। फिल्म की कहानी वाराणसी की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जहां दो प्रेमी अपनी शादी से एक दिन पहले एक रहस्यमयी टाइम लूप में फंस जाते हैं। कहानी एक राजकुमार के किरदार की हल्दी की रस्म पर अटक जाती है जो टीजर में नजर आ रहा है। टीजर की शुरुआत में राजकुमार राव का किरदार अपनी शादी की तारीख तय करता है। दोनों परिवारों की मौजूदगी में 30 तारीख को शादी फाइनल की जाती है। राजकुमार और वामिका की खुशी देखते ही बनती है क्योंकि वे अपनी शादी को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं। इसके बाद हल्दी सेरेमनी की झलक दिखाई जाती है, जहां परिवार जश्न में डूबा हुआ नजर आता है।**

लेकिन तभी अचानक छत से एक गमला गिरता है, और अगले दिन कुछ अजीब होता है। राजकुमार को महसूस होता है कि आज फिर से 29 तारीख ही है। टीजर में एक मजेदार और रोमांटिक ड्रामा की झलक देखने को मिली है, जिसमें कई दिलचस्प ट्विस्ट शामिल होंगे। फिल्म के मेकर्स ने इसे सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा –"दिन है 29 या 30? फर्क है बस 19-20! 'भूल चूक माफ' इस साल मेडॉक फिल्म्स की तीसरी बड़ी रिलीज होगी। इससे पहले अक्षय कुमार-स्टारर 'स्काई फोर्स' और विक्की कौशल की 'छावा' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा चूकी हैं।'भूल चूक माफ' 10 अप्रैल 2025 को थिएटर में रिलीज हो रही है। फिल्म का डायरेक्शन और लेखन करन शर्मा ने किया है, जबकि दिनेश विजन इसे प्रेजेंट कर रहे हैं। अब देखना यह है कि इस टाइम लूप की अनोखी कहानी ऑडियंस को कितनी पसंद आती है।





# सानिया मिर्जा के बेटे को फराह खान करेंगी लॉन्च?

कोरियोग्राफर फराह खान इंट्रेस्टिंग कुकिंग व्लॉग्स बनाती हैं। वह किसी सिलेब को घर बुलाती या उनके घर जाती हैं। वहां खाना पकाने के साथ मजेदार बातचीत भी होती है। इस बार फराह की मेहमान बनीं टेनिस स्टार सानिया मिर्जा। वह फराह के घर अपने बेटे इजहान मिर्जा मलिक के साथ पहुंची थीं। साथ में उनकी बहन अनम भी थीं। सानिया ने इस दौरान मजेदार सीक्रेट खोला। उन्होंने बताया कि फराह खान उनके बेटे को लॉन्च करेंगी और साइनिंग अमाउंट भी दे चुकी हैं। फराह खान और सानिया मिर्जा के बीच अच्छी दोस्ती है। फराह के कुकिंग व्लॉग में इस बार सानिया मिर्जा आई थीं। सानिया ने बताया कि उन्होंने यह बात ज्यादा लोग नहीं जानते हैं कि फराह उनके बेटे को फिल्म के लिए साइन कर चुकी हैं। सानिया ने बताया कि जब उनका बेटा हुआ था तो फराह मिलने आई थीं। तब ही उन्होंने इजहान को फिल्म के लिए साइन किया था। सानिया बताती हैं, 'चब वह आईं, उन्होंने 10 का नोट देकर कहा कि मैं तुम्हें लॉन्च करूंगी, ये रहा साइनिंग अमाउंट।' फराह ने सानिया को टोका और बोलीं, 100 रुपये तो बोल दे। सानिया बोलीं कि 10 रुपये थे और वह झूठ नहीं बोलेंगी। फराह ने अपने कुक दिलीप के साथ मिलकर चिकन 65 डिश बनाई थी। उन्होंने बताया कि यह डिश उन्होंने सानिया मिर्जा से ही सीखी है।

# जेल की सलाखों के पीछे पहुंचे एल्विश यादव और समर्थ जुरेल

**एल्विश यादव का कॉन्ट्रोवर्सी से काफी गहरा नाता रहता है। वह किसी न किसी वजह से विवाद में फंस जाते हैं। अब एल्विश की एक फोटो वायरल हो रही है सोशल मीडिया पर जिसमें वह जेल की सालाखों के पीछे नजर आ रहे हैं। वैसे सिर्फ एल्विश ही नहीं बल्कि उनके साथ समर्थ जुरेल भी जेल में नजर आ रहे हैं।**





इससे पहले कि आप सोचें कि दोनों किसी वजह से जेल चले गए हैं तो बता दें कि ऐसा नहीं है। दोनों किसी विवाद में नहीं जेल में फंस गए हैं बल्कि यह उनके शो का हिस्सा है। इस फोटो को समर्थ ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट किया था। फोटो शेयर कर समर्थ ने लिखा था, भाई अब मैं आपको फील कर सकता हूं। वहीं एल्विश ने भी इस फोटो को री-पोस्ट किया था। यह फोटो लाफ्टर शेफ की है जहां जब कंटेस्टेंट्स राशन लाने में देर करते हैं तो उन्हें सजा के तौर पर जेल में बंद किया जाता है। वैसे इस शो के अलावा एल्विश, रोडीज शो में भी नजर आ रहे हैं। इस शो में भी एल्विश के पंगे होते रहते हैं को जज नेहा धूपिया और प्रिंस नरूला से। इसके अलावा एल्विश का एक नया गेम शो आ रहा है जिसका नाम है इंडियन गेम अड्डा। इनका एक पॉडकास्ट भी कुछ दिनों पहले शुरू हुआ है और इसे भी काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। वैसे हाल ही में एल्विश, चुम दरांग के नाम को लेकर गलत कमेंट करने की वजह से भी मुश्किल में फंसे हैं। उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। हालांकि एल्विश का इस पर कोई रिएक्शन नहीं आया है।

# लौट आया पुष्पाराज! छावा की दहाड़ के बीच वर्ल्डवाइड पुष्पा 2 पर जमकर बरसे नोट



साउथ सिनेमा के दिग्गज निर्देशक सुकुमार की फिल्म पुष्पा 2 ने कमाई के मामले में भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की परिभाषा बदलकर रख दी। देश और विदेश में अभिनेता अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा 2 की कामयाबी का शोर कुछ इस कदर मचा, जो रिलीज के 2 महीने बाद भी कायम है। अब मेकर्स की तरफ से पुष्पा पार्ट 2 के टोटल वर्ल्डवाइड कलेक्शन की फाइनल रिपोर्ट पेश की गई है, जो इस मूवी के धमाकेदार प्रदर्शन की गवाही दे रही है। इन आंकड़ों को देखकर यकीनन विक्की कौशल स्टारर छावा के मेकर्स की चिंता बढ़ सकती है। 5 दिसंबर 2024 को पुष्पा 2 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। उस आधार पर देखा जाए तो अब तक पुष्पा पार्ट 2 की रिलीज को 2 महीने से अधिक का वक्त गुजरा गया है, इसके बावजूद पुष्पा द रूल की कमाई की चर्चा खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। अब इस चर्चा और अधिक बढ़ाने का काम मेकर्स की तरफ से दोबारा कर दिया गया है। 18 फरवरी यानी आज पुष्पा 2 फिल्ममेकर्स की तरफ से मूवी के टोटल वर्ल्ड-वाइड कलेक्शन की जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर की गई है। जिसके आधार पर पुष्पा 2 ने दुनियाभर में ग्रॉस 1871 करोड़ का रिकॉ-र्डतोड़ कलेक्शन किया है। मेकर्स ने लिखा है कि- कई रिकॉर्ड तोड़ते हुए और कई रिकॉर्ड बनाते हुए पुष्पा 2 भारतीय सिनेमा की सबसे हिट मूवीज की सूची में शुमार हो गई है। वास्ति-वक जिस तरह से पुष्पा द रूल ने घरेलू बॉक्स ऑफिस से लेकर ओवरसीज कमाई के मामले में बवंडर मचाया है, वो अन्य किसी मूवी ने नहीं करके दिखाया है।

# 'तुम्हारी मेहनत और प्रतिभा पर मुझे गर्व है', भांजे अमन के जन्मदिन पर अजय देवगन का पोस्ट

अभिनेता अमन देवगन आज 18 फरवरी को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। वे अजय देवगन के भांजे हैं और उन्होंने इस साल फिल्म 'आजाद' से डेब्यू किया है। आज भांजे के जन्मदिन पर अजय देवगन ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अमन की तारीफ की है। अजय देवगन ने लिखा है कि उन्हें अमन की मेहनत देखकर गर्व महसूस होता है।

**लिखा- 'तुम्हारे सारे सपने पूरे हों'**

अजय देवगन ने इंस्टाग्राम से पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने फिल्म 'आजाद' से एक तस्वीर शेयर कर लिखा है, 'उन शुरुआती छोटे कदमों से लेकर तुम्हें बड़ा होते देखने तक, तुम्हारी मेहनत और अपने काम के प्रति जुनून कुछ ऐसा है, जिस पर मुझे बहुत गर्व है। तुम्हारी मेहनत और दूसरों के प्रति दया की भावना तुम्हें बहुत आगे ले जाएगी'। जन्मदिन मुबारक हो, मेरे बेटे! तुम्हारे सारे सपने पूरे हों'।



**काजोल ने भी दी बधाई**

अजय देवगन के अलावा काजोल ने भी अमन को बर्थडे विश किया है। उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी पर अमन के साथ एक फोटो शेयर की है। इसके साथ लिखा है, 'जन्मदिन मुबारक हो। यह साल तुम्हारे लिए बेहद शानदार साबित हो'। अमन देवगन ने 'आजाद' से बॉलीवुड में कदम रखे हैं। हालांकि,अमन की पहली फिल्म का खाता बॉक्स ऑफिस पर शानदार तरीके से नहीं खुल पाया और यह फ्लॉप साबित हुई। फिल्म में वे रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी के साथ नजर आए।